भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा उपरांत 8:04 प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 18 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 29, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मानव होगा इस आसमानी आतिशबाजी का जन्मदाता 16

जैकलीन ने गायन में किया पदार्पण 15

## भारत ने 5वीं बार जीता खिताब




**हुलुनबुइर, एजेंसी।** हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अजेय अभियान जारी रखते हुए मंगलवार को पांचवी बार एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने मेजबान चीन को 1-0 से हराया। भारतीय टीम की ओर से जुगराज सिंह ने मैच का एकमात्र गोल दागा। इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। भारतीय टीम को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन चीनी रक्षकों ने भारतीय आक्रमण को विफल कर दिया। चौथे क्वार्टर में जुगराज ने 51वें मिनट में गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह बढ़त निर्णायक रही और भारत ने चीन को 1-0 से मात दे दी। गौरतलब है कि पहले लीग मैच में भारत ने मेजबान टीम को 3-0 से धूल चटाई थी।

# तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा थीं विपक्ष की सरकारें

## लखनऊ से लेकर वाराणसी तक मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विरोधियों पर बरसे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लखनऊ से लेकर वाराणसी तक विभिन्न कार्यक्रमों में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विरोधियों को ललकारा। कहा कि विपक्ष की सरकारें तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चढ़कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करती थीं। भारत को गौरव की अनुभूति का अवसर न प्राप्त हो, इसके लिए षडयंत्र करती थीं। भ्रष्टाचार सरकार की पहचान बन चुकी थी और अराजकता चरम पर थी। देश की सुरक्षा खतरे में थी। आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद चरम पर था। अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में विश्वकर्मा जयंती व स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि जैसे काशी बदली है, वैसे ही देश व प्रदेश में भी बदलाव आया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में हस्तशिल्पी को टूलकिट देते मुख्यमंत्री योगी।

### सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को उल्टा लटका देंगे : योगी

लखनऊ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शांति व सुरक्षा ही भविष्य को सुधारेगा। प्रदेश की सुरक्षा में जो सेंध लगाने का काम करेगा वह परिणाम भुगतेगा, उसे उल्टा लटकाने का कार्य हम करेंगे। आज न दंगाइयों का पता है और न दंगों का पता है। मगर उनके आका परेशान हैं।

### कारीगरों को लोन, उपवन योजना, बच्चों को स्मार्ट क्लास

मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में विश्वकर्मा जयंती पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एमएसएमई इकाइयों को 50 हजार करोड़ का ऋण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, ओडीओपी समेत विभिन्न योजनाओं से संबंधित कारीगरों व हस्तशिल्पियों को टूलकिट भी वितरित किया। वाराणसी में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को ई-बाउचर, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, लोन का चेक दिया। 104 परिषदीय विद्यालयों में विद्या शक्ति योजना की शुरूआत और 1143 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। उपवन योजना भी शुरू की।

## एक नजर

### अरुणाचल में उग्रवादी ने किया आत्मसमर्पण

**ईटानगर।** प्रतिबंधित संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम के खापलांग गुट के एक उग्रवादी ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में असम राइफल्स के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि संगठन के एक स्वयंभू मेजर अजेन वांगसू (49) ने असम राइफल्स की खोंसा बटालियन के समक्ष हथियार डाल दिए।

### साहित्य-कला, मीडिया के लिए श्रीकान्त वर्मा सम्मान

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद, पत्रकार एवं राजनेता दिवंगत श्रीकान्त वर्मा की जयंती पर बुधवार को श्रीकान्त वर्मा न्यास साहित्य, कला और मीडिया क्षेत्र में श्रेष्ठ उल्लेखनीय योगदान करने वालों के लिए पहला श्रीकान्त वर्मा पुरस्कार शुरू करने की घोषणा करेगा। श्रीकान्त वर्मा के 93वें जन्मदिन 18 सितंबर को समकालीन भारतीय भाषाओं के साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए एक लेखक को 15 लाख रुपये जबकि दो-दो लाख रुपये के चार पुरस्कार दिए जाएंगे।

### मोदी के 74वें जन्मदिन पर जारी किया गाना

**मुंबई।** मशहूर संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिन के मौके पर विश्वशांति दूत-वसुधैव कुटुंबकम गाना जारी किया। मोदी सरकार की उपलब्धियों का जश्न मनाने के इरादे से तैयार किए गए इस गाने को शंकर महादेवन ने आवाज दी है।

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम रोक

## उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बिना 1 अक्टूबर तक नहीं होगी कोई तोड़फोड़

## सुप्रीम कोर्ट ने अवैध ध्वस्तीकरण को संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने समूचे देश में प्राधिकारियों को उसकी इजाजत के बिना आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियों को 1 अक्टूबर तक ध्वस्त नहीं करने का निर्देश देते हुए मंगलवार को कहा कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा। पीठ ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई की तारीख 1 अक्टूबर तक इस अदालत की अनुमति लिए बिना कोई भी तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।

शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें आरोप लगाया गया था कि कई राज्यों में आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि संपत्तियों के ध्वस्त करने का विमर्श गढ़ा जा रहा है। पीठ ने वरिष्ठ विधि अधिकारी से कहा कि आप निश्चिंत रहें, बाहरी शोर हमें प्रभावित नहीं करता। पीठ ने इस मामले में दो सितंबर को हुई सुनवाई के बाद दिए गए बयानों पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने कहा कि उस आदेश के बाद, ऐसे बयान आए हैं कि बुलडोजर चलता रहेगा... और यह सब इस पर निर्भर करता है कि स्टेयरिंग किसके हाथ में है। कोर्ट ने दो सितंबर को सुनवाई के दौरान सवाल किया था कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में राज्य द्वारा पहले दायर हलफनामे का हवाला दिया।

शीर्ष अदालत जमीयत उलेमा-ए-हिंद और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें विभिन्न राज्य सरकारों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि दंगों और हिंसा के मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को भविष्य में नहीं तोड़ा जाए।



### नफरती मुख्यमंत्रियों के मुंह पर तमाचा : कांग्रेस

कांग्रेस ने आपराधिक मामलों में आरोपियों की संपत्ति को ध्वस्त नहीं करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह उन नफरती मुख्यमंत्रियों के मुंह पर करारा तमाचा है जो बुलडोजर न्याय को बढ़ावा दे रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा शासित कुछ दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को बुलडोज़र का सहारा लेकर नफ़रत फैलाना बंद करना चाहिए। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि बुलडोजर का मतलब है कि आपका पुलिस प्रशासन फेल हो चुका है और आप न्यायापालिका पर ताला लगाना चाहते हैं। कहा कि बुलडोजर अब नफरत, हिंसा और राजनीतिक प्रतिशोध का प्रतीक बन चुका है।

### बुलडोजर के पहिए खुल गए, स्टीयरिंग उखड़ गई : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि बुलडोजर कार्रवाई असंवैधानिक है। हम सुप्रीम कोर्ट को बधाई देते है। इस फैसले के बाद उम्मीद है कि बुलडोजर कार्रवाई हमेशा के लिए बंद हो जाएगी। मंगलवार को यहां जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि न्याय के सर्वोच्च आदेश ने बुलडोजर को ही नहीं, बल्कि बुलडोजर का दुरुपयोग करने वालों की विध्वंसक राजनीति को भी किनारे लगा दिया है। आज बुलडोजर के पहिए खुल गए हैं और स्टीयरिंग हत्थे से उखड़ गया है, यह उनके लिए पहचान का संकट है जिन्होंने बुलडोजर को अपना प्रतीक बना लिया था। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बुलडोजर को औजार के रूप में प्रयोग किया। विपक्ष और जनता की आवाज को दबाने के लिए दुरुपयोग किया गया।

## एक ही रात में तीन हादसे, ट्रेन से कटकर 13 गोवंश की मौत

- दबतोरी रेलवे स्टेशन के पास लाइन पर तीन बार आया गोवंश का झुंड

**बदायूं।** दिल्ली-लखनऊ रेलवे लाइन पर गांव दबतोरी के पास सद्भावना एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेन और इलेक्ट्रिक इंजन से कटकर 13 गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। ट्रेनों का समय प्रभावित हुआ। मालगाड़ी व अन्य ट्रेनों को रोकना पड़ा। पशुओं के बार-बार ट्रैक पर आने में साजिश की आशंका देख आरपीएफ जांच करेगी।

दबतोरी रेलवे स्टेशन के पास रविवार रात 9:35 बजे अलीगढ़-बरेली पैसेंजर गुजरी। इसी बीच गोवंश का झुंड रेलवे लाइन पर पहुंच गया। ट्रेन की चपेट में आने से तीन गोवंश की मौत हो गई। तकरीबन 15 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। रेलकर्मी और ग्रामीणों ने ट्रैक से गोवंश के अवशेष हटाए तब ट्रेन रवाना हुई। रात 10:27 बजे इलेक्ट्रिक इंजन की चपेट में आकर पांच गोवंश की मौत हो गई। इसके बाद रात 11:35 बजे लखनऊ से दिल्ली जाने वाले सद्भावना एक्सप्रेस के गुजरने के दौरान भी रेलवे लाइन पर गोवंश आ गए, पांच पशुओं की कटकर मौत हो गई। अवशेष इंजन में फंसने से लगभग आधा घंटा ट्रेन खड़ी रही।

# केजरीवाल ने दिया इस्तीफा अब आतिशी होंगी मुख्यमंत्री



उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिले आतिशी और केजरीवाल, पेश किया दिल्ली में नई सरकार बनाने का दावा। ● अमृत विचार

- आतिशी ने पेश किया नई सरकार बनाने का दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी द्वारा उनकी उत्तराधिकारी नामित की गईं आतिशी ने नई सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया।

केजरीवाल मंगलवार शाम को अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ उपराज्यपाल सचिवालय पहुंचे। उन्होंने रविवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। बैठक के बाद आतिशी ने कहा कि हमने नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। मैं दिल्ली के लोगों के हितों की रक्षा करूंगी। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हमने उपराज्यपाल को केजरीवाल के फैसले से अवगत करा दिया है। आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। हमने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि शपथ-ग्रहण समारोह की तारीख तय करें, ताकि दो करोड़ लोगों के लिए काम किया जा सके। मुख्यमंत्री नामित की गईं आतिशी ने दावा किया कि केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाए गए हैं और केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां उन्हें निशाना बना रही हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने न केवल उन्हें जमानत दे दी, बल्कि केंद्र और उसकी जांच एजेंसियों के खिलाफ कठोर टिप्पणी भी की। आतिशी ने कहा कि कोई और नेता होता, तो वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बना रहता, लेकिन केजरीवाल ने जनता की अदालत में जाने का फैसला किया।

# महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सरकार का काम : कोर्ट

- आरजी कर अस्पताल मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई
- सीबीआई से अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच पर रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महिला डॉक्टरों की नाइट ड्यूटी खत्म करने के फैसले पर बंगाल सरकार को फटकार लगाई। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि आप कैसे कह सकते हैं कि महिलाएं रात में काम नहीं कर सकतीं? उन्हें कोई रियायत नहीं चाहिए। सरकार का काम उन्हें सुरक्षा देना है। पायलट, सेना जैसे सभी प्रोफेशन में भी महिलाएं रात में काम करती हैं।

कोर्ट की फटकार पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बंगाल सरकार की तरफ से कहा कि सरकार महिला डॉक्टरों की ड्यूटी 12 घंटे तक सीमित करने और नाइट ड्यूटी पर रोक लगाने वाले अपने फैसले वापस ले लेगी। शीर्ष कोर्ट ने विकिपीडिया को मृत ट्रेनी डॉक्टर का नाम और तस्वीर हटाने का भी आदेश दिया है।

पीठ ने सीबीआई को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच पर एक वस्तु स्थिति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया, जहां पिछले महीने प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। शीर्ष न्यायालय ने दुष्कर्म तथा हत्या की घटना के संबंध में सीबीआई द्वारा दाखिल वस्तु स्थिति रिपोर्ट पर भी गौर किया और कहा कि स्थिति का खुलासा करने से आगे की जांच खतरे में पड़ जाएगी। घटना से संबंधित स्वतः सज्ञान मामले में सुनवाई के सीधे प्रसारण पर रोक लगाने से इनकार करते हुए न्यायालय ने कहा कि यह जनहित का मामला है और जनता को पता होना चाहिए कि अदालत कक्ष में क्या हो रहा है। सुनवाई शुरू होने पर पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले की सुनवाई के सीधे प्रसारण पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। पीठ ने सीबीआई को कोलकाता दुष्कर्म एवं हत्या मामले में मृतका के माता-पिता द्वारा दी गई सूचना की जांच करने का भी निर्देश दिया।

### विकिपीडिया से पीड़िता का नाम-तस्वीर हटाए

सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय में कहा कि विकिपीडिया अब भी मृतका का नाम और तस्वीर दिखा रहा है। जिस पर शीर्ष अदालत ने विकिपीडिया को मृतका का नाम हटाने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि मृतका की गरिमा और निजता बनाए रखने के लिए, शासकीय सिद्धांत यह है कि बलात्कार और हत्या के मामले में मृतका की पहचान का खुलासा नहीं किया जाएगा। विकिपीडिया पहले दिए आदेश के अनुपालन के लिए कदम उठाए।

# राहुल के खिलाफ हिंसक बयान देने वालों पर करें कार्रवाई



- खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू समेत उन नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, जिन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक एवं हिंसक बयान दिए हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर लिखे पत्र में उन्हें बधाई देने के साथ ही बिट्टू और सत्तापक्ष के कुछ अन्य नेताओं के राहुल गांधी के खिलाफ बयानों का उल्लेख किया और कहा कि ये भविष्य के लिए घातक हैं। खरगे ने पत्र में कहा कि ऐसे मुद्दे पर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं जो सीधे लोकतंत्र और संविधान से जुड़े हैं। आप अवगत होंगे कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ख़िलाफ़ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और सहयोगी दलों के नेताओं ने जिस हिंसक भाषा का उपयोग किया है, वह भविष्य के लिए घातक है।

## 30 सैन्य अफसरों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की गई बंद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नगालैंड के मोन जिले में उग्रवादियों पर हमले के एक विफल अभियान में 13 नागरिकों की हत्या के आरोपी 30 सैन्य कर्मियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर केंद्र उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देता है तो मामले को उसके तार्किक अंत तक ले जाया जा सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने यह भी कहा कि यह आदेश सेना को कर्मियों के खिलाफ कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा।

# जो वर्ग अब पिछड़े नहीं, सूची से उन्हें हटाया जाएगा



- उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग करेगा सूची का पुनरीक्षण
- वास्तविक तौर पर पिछड़े लोगों को सूची में मिलेगा स्थान

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ऐसे लोगों को पिछड़े वर्ग से हटाएगा जो अब वास्तव में पिछड़े नहीं हैं, जबकि वास्तविक तौर पर पिछड़े लोगों को सूची में जोड़ेगा। आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में आयोग के अधिकारियों को इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का उद्देश्य सिर्फ शिकायतों का समाधान करना नहीं है, बल्कि पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए ठोस कदम उठाना भी है। आयोग समय-समय पर पिछड़े वर्गों की सूची का पुनरीक्षण करेगा, ताकि नए वर्गों को सम्मिलित किया जा सके और जो वर्ग अब पिछड़े नहीं रहे उन्हें सूची से हटाया जा सके। इस दिशा में आयोग लगातार सिफारिशें करेगा और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। वर्तमान में प्रदेश में पिछड़े वर्ग की सूची में 79 समुदाय शामिल हैं। इन समुदायों में हिन्दू, मुस्लिम व सिख धर्म के लोग शामिल हैं, जिन्हें धार्मिक आधार के बजाय सामाजिक व शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े होने के कारण शामिल किया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ वर्ग के लोगों को आरक्षण सूची में शामिल होने पर आपत्ति जताई थी। इस पर शासन ने मामले की पड़ताल की थी, पर उस समय आगे की कार्रवाई थम गई थी। आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के पद खाली होने के कारण नीतिगत कार्य नहीं हो रहे थे। अब अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद आयोग सक्रिय हो गया है।

### दर्जी समुदाय में नहीं जुड़ेगा कोई उपनाम

पिछड़ा वर्ग आयोग ने दर्जी नाम से दर्ज समुदाय के साथ कोई उपनाम जोड़ने व लोनिया के साथ पहले से चले आ रहे उपनाम हटाने से इनकार कर दिया। आयोग ने कहा कि नए उपनाम जोड़ने व हटाने से भ्रम की स्थिति पैदा होगी। दर्जी के तौर पर शामिल हिंदू समुदाय ने दर्जी के साथ सक्सेना उपनाम जोड़ने का आवेदन किया था, जबकि लोनिया के साथ लगे चौहान, ठाकुर आदि उपनाम हटाने की मांग की गई थी। मालूम हो कि सूची में 28 नंबर पर एक समुदाय के तौर पर दर्जी, इदरीसी व काकुत्स्थ दर्ज है, जबकि 46 नंबर पर लोनिया, नोनिया, गोले-ठाकुर व लोनिया-चौहान दर्ज है।

# 21 जिलों में बाढ़ से हालात खराब, 42 में भारी बारिश का अलर्ट

- गंगा, यमुना, शारदा, घाघरा में बढ़ा पानी, 400 गांवों में बाढ़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 21 जिलों में जहां बाढ़ से हालात खराब हैं वहीं, 42 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वाराणसी में गंगा का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है।

वाराणसी के 85 घाट और 2000 छोटे-बड़े मंदिर पानी में डूब गए हैं। वहीं, संगम नगरी प्रयागराज में श्मशान घाट तक पानी में डूब चुका है। गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ प्रभावित जिलों के 400 से ज्यादा गांव जलमग्न हैं। जालौन, अयोध्या, बदायूं, बहराइच, पीलीभीत, बस्ती, वाराणसी, गोंडा, देवरिया, बलिया, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, आजमगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, रामपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्धनगर और बांदा जिलों में रहने वाले 4 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से परेशान हैं। बस्ती में सरयू की बाढ़ में एक मकान पानी में समा गया। झांसी में सरकारी गोदाम के अंदर बारिश का पानी भरने से 5 करोड़ का अनाज सड़ गया। पीलीभीत में पानी के तेज बहाव में बाइक सवार 2 युवक बह गए। लखीमपुर खीरी में पलिया-भीरा मार्ग की सड़क तेज बहाव में बह गई। गोंडा में घाघरा नदी में नाव पलटने से युवक की मौत हो गई है। जालौन में यमुना, पहूज और बेतवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे कई गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाराबंकी में घाघरा-सरयू नदी का कहर जारी है।

## वाराणसी में गंगा का रौद्र रूप, प्रयागराज में डूबा श्मशान घाट



### 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान यागी के कमजोर होने के बाद भी कम दबाव क्षेत्र के प्रभाव से मंगलवार को उप्र. के दक्षिणी व पूर्वी इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस नए विकसित वेदर सिस्टम का असर विंध्य क्षेत्र तक देखने को मिला। प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, बांदा आदि में भी अच्छी बरसात रही। बदले मौसम के बीच राज्य के दक्षिणी और पूर्वी इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। बुधवार को भी बुंदेलखंड व आगरा क्षेत्र में अच्छी बारिश की संभावना है।

### उफान पर नदियां, घरों में घुसा बाढ़ का पानी

**शाहजहांपुर।** बैराजों से लगातार छोड़े जा रहे पानी के चलते मंगलवार को जिले में गंगा, राम गंगा, खन्नौत और गर्रा नदियां उफान पर आ गईं। बाढ़ के खतरे को देखते हुए मेडिकल कॉलेज से मरीज अन्य अस्पतालों में जा रहे हैं। खन्नौत का पानी लोधीपुर मोहल्ले में घुस गया। सुभाष नगर, खकरा और शांतिपुरम सहित एक दर्जन से ज्यादा मोहल्ले जलमग्न हैं। लखीमपुर खीरी में शारदा करसौर गांव का वजूद मिटाने पर तुली है। 50 घर खाली करा दिए गए हैं। बदायूं में नरौरा बांध से रोज छोड़े जा रहे पानी का असर तटवर्ती क्षेत्रों में पड़ रहा है।

बुढ़वा मंगल पर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंगबाण का पाठ ○ तुलसी व फूलों की माला से सजे बाबा के दरबार, लगी रहीं लंबी-लंबी लाइनें

# संकटमोचन के दर्शन को उमड़े भक्त, गूंजते रहे जयकारे


पनकी मंदिर में सजा बाबा का दरबार। अमृत विचार


सनातन धर्म हनुमान मंदिर में गूंजे जयकारे। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बुढ़वा मंगल पर संकटमोचन के दर्शक के लिए मंगलवार को भक्तों का हुजूम उमड़ता रहा। भोर पहर से लेकर देर शाम तक मंदिरों के बाहर लाइन नहीं टूटी। महिला व पुरुषों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। घंटा-घड़ियाल के बीच भक्तों की जयकारें दूर-दूर तक गूंजती रहीं। वहीं मंदिर परिसर में ही हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, बजरंगबाण का पाठ होता रहा। पूजन के बाद भक्तों ने भंडारे में प्रसाग ग्रहण किया।

तुलसी व फूलों की माला से मंदिरों में संकटमोचन का भव्य दरबार सजाया गया। रात की मंगला आरती के बाद भोर पहर जब मंदिरों के पट खुले तो दूर-दूर तक भक्तों की लाइन लगी मिली। पट खुलते ही प्रभु के दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। शहर के पनकी धाम मंदिर, जीटी रोड स्थित दक्षिणेश्वर बाल हनुमान मंदिर, कंपनीबाग चौराहा स्थित संकटमोचन मंदिर, मौनीघाट, श्री बालाजी मंदिर नेहरू नगर व किदवईनगर स्थित सोटेबाबा हनुमान मंदिर में तो दिनभर लाइन बढ़ती ही रही।

पनकी धाम मंदिर में देर रात मंगलाआरती तक भक्तों ने संकटमोचन के दर्शन किए। भक्तों ने बाबा को भोग लगाने के बाद कपूर से आरती उतारी। मंदिर में बैठक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद परिक्रमा लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास महाराज ने बताया कि इस बार संकटमोचन के दर्शन के लिए कोई वीआईपी सुविधा नहीं दी गई। सभी भक्तों ने लाइन लगाकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। भक्तों को 50-50 की टोली में दर्शन के लिए अंदर भेजा गया, जिससे भीड़ से अव्यवस्था न फैले। बैरिकेडिंग के पास मंदिर प्रबंधन व पुलिस बल मौजूद रहा। श्री बालाजी मंदिर नेहरू नगर में बाबा का भव्य श्रृंगार व संगीतमय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन हुआ। श्री बालाजी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि दिनभर भक्तों के लिए भंडारे चलते रहे। जीटी रोड स्थित दक्षिणेश्वर बाल हनुमान मंदिर में बजरंगबाण और सुंदरकांड का पाठ हुआ। भक्तों की जीटीरोड के किनारें दिनभर लंबी लाइन लगी रही। भक्तों के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।


पनकी मंदिर में लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ी। अमृत विचार

### सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी

श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर, ब्लॉक नं 4, गोविन्द नगर में सुबह से ही हनुमान जी को प्रसाद व फूल - माला चढ़ाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर प्रांगण में सुबह से शाम तक विशाल भण्डारे में प्रसाद वितरण हुआ। शाम को मंदिर के नवीन कार्यालय का उद्घाटन संस्था के उप - चेयरमैन जगदीश कपूर ने किया। इसके बाद श्री सालासर बालाजी भक्त मण्डल ने सुंदर काण्ड का संगीतमय पाठ कर महाआरती की। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान राजेश भल्ला, महामंत्री अशोक गेरा, पं. विनोदा नन्द, चन्द्रमोहन अरोड़ा, सुनील नारंग, जगदीश कपूर, महेन्द्र शुक्ला, दुर्गेश झा, शादीलाल सेठी, मदन सचदेवा, श्यामसुन्दर कालड़ा, गोल्डी कपूर, मिंटु, उपस्थित रहे।

### घरों में हुआ सुंदरकांड का पाठ

बुढ़वा मंडल पर भक्तों ने घरों में धूमधाम से सुंदरकांड का पाठ कराया। मंगलवार को हर क्षेत्र में कहीं न कहीं सुंदरकांड पाठ होने की आवाज गूंजती रही। मंगलवार के साथ बुढ़वा मंगल का विशेष दिन होने के कारण शहर में बजरंगबली भक्तों ने घरों में धूमधाम से सुंदरकांड का पाठ कराया। पूजन व आरती के बाद मोहल्ले में प्रसाद वितरण किया।

### 100 किलो लड्डू का भोग लगाया

श्री बजरंगबली जी का मंदिर कलक्टरगंज में बुढ़वा मंगल पर संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने 100 किलो लड्डू का भोग लगाया। मंदिर प्रमुख सोमदत्त अग्निहोत्रि हनुमान जी का श्रृंगार किया और प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक अमिताभ बाजपेई, मधुबन बिहारी गुप्ता, दीपू चौहान, शिवम दीक्षित, गीता शुक्ला, संजय अग्निहोत्री, सुरेंद्र यादव, अशोक केसरवानी, प्रज्ज्वल अग्निहोत्री, वेद प्रकाश अग्निहोत्री, मान पांडे, अरुण गुप्ता, अवधेश गुप्ता, अनुराग बाजपेयी, संदीप यादव, दीपक केसरवानी, कुंज बिहारी, उदय दीक्षित, चंदाकर दीक्षित, सुरेश दीक्षित, संतोष शुक्ला, पार्थ, अग्निहोत्री, रमेश कनोडीया, पवन शुक्ला, रसिक बिहारी आदि उपस्थित रहे।


बाबा को तुलसी की माला चढ़ाई।

### हलुआ-पूड़ी, सब्जी व खीर का प्रसाद ग्रहण किया

**कानपुर।** शहर के अधिकतर मंदिर के बाहर सुबह से देर रात तक भंडारों का आयोजन होता रहा। बुढ़वा मंगल होने के कारण गली, मोहल्ला व सड़कों पर भंडारे होते रहे। पनकी धाम के आसपास व क्षेत्र में करीब 100 से अधिक भंडारे आयोजित हुए। मंदिरों के बाहर एक भंडारा समाप्त होते ही वहीं दूसरा चालू होने लगा। कुछ भक्तों ने गलियों में स्टाल लगाकर हलुआ बांटा। टेंपो स्टैंड व चौराहों पर लोगों ने राहगीरों को रोककर खीर खिलाई।

### 1100 हनुमान चालीसा बांटीं, बालाजी मंदिर में 56 भोग लगा महाआरती

कानपुर। बर्रा 8 बालाजी मंदिर प्रांगण में 56 भोग लगाकर बालाजी महाराज की महाआरती की गई और मंदिर में भक्तों को 1100 हनुमान चालीसा वितरित की गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया ने विधि विधान से पूजन कर बाला जी महाराज का आशीर्वाद लिया। आकाश भदौरिया पंकज तोमर पंकज राजावत विकास त्रिपाठी सोमनाथ संजय तिवारी नितिन चतुर्वेदी प्रियांशु ठाकुर रहे।

### 23वें विशाल भंडारे का आयोजन

**कानपुर।** अंजनी पुरम सेवा समिति की ओर से पनकी में बुढ़वा मंगल पर 23वें विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। मुख्य भंडारा व्यवस्थापक दुर्गेश कुमार गौड़ ने बताया कि पनकी धाम में पधारे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के प्रचार प्रसार व्यस्थापक करुणेश श्रीवास्तव ने बताया कि सामाजिक संगठनों ने भी भागीदारी की। इस मौके पर बीपी श्रीवास्तव अध्यक्ष, दिनकर द्विवेदी, पंकज शुक्ला, रिंकू शुक्ला, प्रशांत द्विवेदी, शोभन, शिवम, अंकुर आदि रहे।



### हनुमान जी को लड्डुओं का भोग लगाया

नेहरू नगर बाला जी मंदिर सेवा समिति की ओर से नेहरू नगर स्थिति बाला जी मंदिर में आयोजित उत्सव में श्रद्धालुओं ने हनुमान जी को लड्डू का भोग लगाया और भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रमोद पांडेय, जितेंद्र तिवारी आदि रहे।

## घर में घुसे शोहदे ने महिला से की छेड़खानी, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बजरिया की घटना, शोर मचाने पर मोहल्लों वाले ने पीटा

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र के कर्नलगंज इलाके में शोहदे ने घर में घुसकर महिला से छेड़खानी की। महिला के चीखने चिल्लाने पर पति ने आरोपी को पकड़ लिया। इलाकाई लोगों ने भी उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी, एससीएसटी एक्ट, मारपीट, गालीगलौज समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कर्नलगंज में रहने वाले युवक ने पुलिस को बताया कि 16 सितंबर को वह घर पर मौजूद था। अचानक पत्नी के चीखने की आवाज आई तो वह दौड़कर पत्नी के कमरे में पहुंचे तो देखा कि कंघी मोहाल निवासी फैज पत्नी के कमरे में मौजूद था। पत्नी को दबोचकर छेड़खानी कर रहा था। पति को देख वह बाहर की तरफ भागा और दरवाजे में फंसकर गिर गया। इसके बाद पति ने मो फैज को दबोच लिया। चीखपुकार सुनकर पड़ोसी दौड़े और उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर बजरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लिया। बजरिया थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को मौके से हिरासत में लिया है। इसके साथ ही एफआईआर दर्ज करके आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## कंपनी के अफसरों ने की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● वेब डिजाइनिंग कंपनी को लगाया लाखों का चूना

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में स्थित एक वेब डिजाइनिंग कंपनी के सेल्स अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके गबन करने का आरोप लगा है। कंपनी के डॉयरेक्टर ने छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क सेकेंड फ्लोर निवासी वेबक्सी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के डॉयरेक्टर पुलकित द्विवेदी ने दर्ज एफआईआर में बताया कि कंपनी वेब डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग का कार्य करती है। कंपनी में मार्च 2021 में जितेन्द्र कुमार निवासी पहाड़ीपुर सुजानपुर रसूलाबाद ने नौकरी संबंधी बांड 2 लाख रुपये का हस्ताक्षर किया था। उन्हें बगैर किराया दिए मकराबर्टगंज में रहने की सुविधा प्रदान की। जितेन्द्र के अधीन 3 टीम लीडर व 18 सेल्स एक्जीक्यूटिव कार्यरत थे। उन लोगों में शिवम अग्रवाल निवासी एन ब्लॉक किदवई नगर, सिद्धार्थ भगत निवासी लेबर कालोनी गोविन्द नगर, उत्कर्ष केसरवानी निवासी कछियाना मोहाल भूसाटोली, ईशात शुक्ला निवासी किदवई नगर व प्रिंस बच्चन निवासी जूही मिलेट्री कैंट थे। ये लोग बांड शर्तों का पालन न करते हुए व बगैर नोटिस देते हुए 10 अप्रैल 2024 को नौकरी छोड़कर चले गए। असिस्टेन्ट सेल्स मैनेजर शिवम अग्रवाल ने 1 लाख एडवांस लेकर कंपनी आना बंद कर दिया। सिद्धार्थ भगत ने 40 हजार एडवांस लिया था। इन तीनों के नौकरी छोड़ने की जब कंपनी ने जांच कराई तो उन्हें आस्ट्रेलिया के ग्राहक बेन गोबी से मालूम पड़ा कि उत्कर्ष केसरवानी ने 1.25 लाख रुपये अपने मित्र शुभम् के बैंक अकाउन्ट में ट्रांसफर कराये। सामने आया कि जितेन्द्र कुमार, सिद्धार्थ भगत और शिवम् अग्रवाल ने कंपनी के नियमों के विरुद्ध अपनी एक नई कंपनी रजिस्टर्ड कराई। जब उनके एडमिन मैनेजर राजेंदर गौतम ने शिवम् अग्रवाल को कंपनी के फोन और सिम वापस करने के लिए कॉल किया तो शिवम् ने उनको जान से मारने और उठवा लेने की धमकी दे डाली। जितेंद्र ने एचआर एक्जीक्यूटिव के ऊपर अश्लील व भद्दी टिप्पणी कीं। ग्वालटोली थाना प्रभारी ने बताया कि जितेंद्र कुमार, शिवम अग्रवाल, सिद्धार्थ, उत्कर्ष केसरवानी, ईशांत शुक्ला, प्रिंस बच्चन पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## पत्नी के मायके से न लौटने पर पति ने दी जान

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र में पुराना कानपुर निवासी 42 वर्षीय अंजनि कुमार उर्फ धीरू ने फांसी लगाकर जान दे दी।

भाई तेजस्वी का आरोप है कि उसकी पत्नी शालिनी पिछले चार महीने से शुक्लागंज निवासी अपने मायके में है। अंजनि ने कई बार उसे वापस आने के लिए फोन किया लेकिन वह नहीं लौटी। इस कारण वह काफी दिन से अवसाद में चल रहा था।

वह घर पर अकेले ही रहता था। इलाकाई लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि घर से काफी दुर्गंध आ रही है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि अंजनि का शव फांसी के फंदे पर लटककर क्षत विक्षत हो गया था।

## एक भूखंड को दो बार बेचने में रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में राजस्व विभाग को झूठा प्रार्थना पत्र देकर भूखंड को धोखाधड़ी से दो बार बेचने के मामले में सदर तहसील के लेखपाल ने आरोपी विक्रेता और खरीदार के खिलाफ चकेरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

सदर तहसील के लेखपाल मुजफ्फर हुसैन ने बताया कि वह वर्तमान में रूमा क्षेत्र में तैनात हैं। दहेली सुजानपुर में तैनाती के दौरान चंद्रपाल ने 713 आराजी संख्या की जमीन वर्ष 2016 में सोसाइटी को बेच दी थी। आरोप है, कि इसके बाद चंद्रपाल ने दोबारा से इसी जमीन का एक हिस्सा बिधनू द्विवेदी नगर के मोहनलाल को गलत और भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करते हुए आख्या लगवाकर बेच दिया। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

## ठगने वाला फर्जी दरोगा गिरफ्तार

कल्याणपुर संवाददाता

● सेवानिवृत्त डिफेंस कर्मी से 15 लाख हड़पने के बाद चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अमृत विचार।** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले फर्जी दरोगा को कल्याणपुर पुलिस ने बिठूर रोड तिराहे से दबोच लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तीन जोड़ी वर्दी और वर्दी में प्रयुक्त होने वाले सभी साजो सामान समेत अन्य सामग्री बरामद की है।


संजीव कुमार।

सीटीएस बस्ती निवासी चंदेश्वर कुमार ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से सेवानिवृत्त हैं। चंदेश्वर के अनुसार कुछ समय पहले खुद को यूपी पुलिस में दरोगा बताने वाले मल्होत्रा सोसायटी गूबा गार्डन निवासी संजीव कुमार से उनकी मुलाकात हुई थी। संजीव ने व्यापार में मोटा मुनाफा का लालच देकर उनसे 15 लाख रुपये लिए थे। तय समय पर जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो वह वर्दी का रौंब गांठते हुए परिवार को जेल भेजने की धमकी देने लगा। जिस पर चंदेश्वर कुमार ने संजीव के खिलाफ कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कल्याणपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### दरोगा की कार्यशैली को जानता था संजीव

कभी पुलिस विभाग में दरोगा बनने की इच्छा रखने वाला संजीव फर्जी दरोगा बनकर लोगों पर रौंब गांठने लगा। संजीव एक दरोगा की कार्यशैली को भलीभांति जानता था। इतना ही नहीं, वह नक्शा नजीर के लिए बाकायदा एक केस डायरी समेत पोस्टमार्टम के लिए शव को सील करने वाली मोहर भी चाबी के गुच्छे में लगा कर रखता था।

## डंपर ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र के हरबसपुर गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने 33 वर्षीय अभिषेक सिंह राठौर को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अभिषेक की पांच माह पूर्व ही शादी हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। पिता शिव शंकर ने बताया कि बेटा अभिषेक ईंट बेचने का व्यापार करता था। मंगलवार सुबह बाइक से घाटमपुर स्थित एक भट्टे में ईंट का ऑर्डर देने गया था। सुबह करीब सात बजे हरबसपुर गांव के पास डंपर ने टक्कर मार दी।

## अच्छी जिंदगी को मोहम्मद साहब की शिक्षाएं अपनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाएं अपनाने वाले कभी घाटे नहीं रहते लेकिन आज हमारे मुआशरा (समाज) ने उनकी शिक्षाओं को छोड़ना शुरू कर दिया है जिसके कारण तमाम बुराइयां फैल रही हैं। खुशगवार जिंदगी गुजारना है तो अल्लाह के रसूल द्वारा जिंदगी गुजारने का जो तरीका बताया है, उसपर अमल करें।

मंगलवार को गढ़हिया पार्क, कुलीबाजार में आयोजित सीरतुन्नबी जलसे की सरपरस्ती कर रहे शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने कहा कि इस महीने अल्लाह के रसूल पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षा और उनके द्वारा जिंदगी गुजारने के लिए दी गई तालीमात को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम होते हैं। मौलाना अबू बकर हादी ने कहा कि लोगों ने हराम हलाल में फर्क करना छोड़ दिया है। मुफ्ती मोहम्मद मआज कासमी ने कहा पैगंबर मोहम्मद साहब की तालीमात को सार्वजनिक करना सवाब का काम है।

### सार-संक्षेप


मेडल दिखातीं आद्या गुप्ता और श्राविका अवस्थी। अमृत विचार

### आद्या गुप्ता ने जेएमडी का नाम किया रोशन

**कानपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल उरई में 10 सितंबर से 14 सितंबर तक सीबीएसई (ईस्ट जीन) की तैराकी स्पर्धा हुई, जिसमे जेएमडी स्कूल की छात्रा आद्या गुप्ता व श्राविका अवस्थी ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, बिहार, झारखंड व उत्तर प्रदेश के करीब दो हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें 14 वर्ष से कम आयु बालिका वर्ग में जेएमडी स्कूल की आद्या गुप्ता ने दो स्वर्ण पदक पहले 100 मीटर वैक- स्ट्रोक, दूसरा 200 मीटर बैक-स्ट्रोक और एक कांस्य पदक 50 मी बैंक स्ट्रोक में जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। साथ ही आद्या गुप्ता अक्टूबर 2024 को भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली नेशनल तैराकी प्रतियोगिता में ईस्ट जोन का प्रतिनिधित्व करेंगी। श्रविका अवस्थी ने 50 सी बटर-फ्लाई में कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के चैयरमेन संजीव दीक्षित, प्रधानाचार्या मलिका अरोड़ा व स्कूल निदेशक चाहत दीक्षित ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्पोर्ट्स हेड दिलीप श्रीवास्तव, नन्द किशोर त्यागी, रामजी शर्मा व अथर्व धीमान मौजूद रहे।


सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने मां के नाम लगाए पेड़

**कानपुर।** कैंट स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान मंगलवार को एक-एक पेड़ मां के नाम लगाए। सांसद देवेंद्र सिंह भोले व मुख्य चिकित्साधिकारी नगर निगम डॉ .अमित सिंह गौड़ ने विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन किया। बता दें कि एक माह से जयपुरिया स्कूल ने कैंट, बिठूर, एयरपोर्ट, कानपुर क्लब जैसे स्थानों में हजारों पेड़ लगाने का गौरवपूर्ण कार्य किया है। इस दौरान प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी, उप प्रधानाचार्या मधुश्री भौमिक व सभी शिक्षक रहे।

### जेपीसी को लेकर फर्जी खबरें चलाने का आरोप

**कानपुर।** सोशल मीडिया और अखबारों में वक्फ संशोधन बिल पर गठित कमेटी जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) के संबंध में फर्जी खबरें चलाने का आरोप लगाते हुए आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना मोहम्मद फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि मीडिया में जेपीसी को भेजे गए 84 लाख ईमेलों की संख्या के संबंध में जो खबरें फैल रही हैं, वह भ्रामक हैं। जेपीसी ने अभी तक कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं कराया है। ऐसी भ्रामक खबरों से लोग दूर रहें।

मंचन | श्रीराम शोभायात्रा 2-13 अक्टूबर तक परंपरागत रूटों से निकलेगी

## परेड में रामलीला 2 से, ड्रोन से की जाएगी आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 2 अक्टूबर से परेड मैदान पर रामलीला का मंचन शुरू होगा। मैदान पर पहली बार ड्रोन से आतिशबाजी की जाएगी। श्रीराम की शोभायात्रा 2 से 13 अक्टूबर तक अपने पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकलेगी। यह जानकारी मंगलवार को श्री रामलीला सोसाइटी के पदाधिकारियों ने श्री रामलीला भवन रामगोला में पत्रकार वार्ता में दी।

श्री रामलीला सोसाइटी परेड के अध्यक्ष महेंद्र मोहन गुप्ता ने बताया यह 148वां स्थापना वर्ष है। महानगर की प्राचीन संस्था श्रीराम लीला सोसाइटी विजयदशमी महोत्सव 20 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मनाएगी। पंडित राम किंकर महाराज की शिष्या मंदाकिनी राम किंकर 20 से 28 सितंबर तक मर्चेंट चेंबर हाल में मानस प्रवचन करेंगी। उन्होंने बताया कि श्री राम लीला का मंचन 2 से 12 अक्टूबर तक श्री रामलीला मैदान परेड पर होगा। श्री चतुर्वेद रामलीला मंच मथुरा के कलाकार मंचन करेंगे। 9 से 12 अक्टूबर तक ड्रोन से भव्य आतिशबाजी होगी। भरत मिलाप 13 अक्टूबर को श्री रामलीला भवन में होगा। श्रीराम राज्याभिषेक 15 अक्टूबर को श्री रामलीला भवन मेस्टन रोड में होगा। प्रधानमंत्री कमल किशोर अग्रवाल ने बताया कि श्री रामलीला सोसाइटी की परंपरागत शोभायात्रा पूर्व निर्धारित मार्गों पर रोज भ्रमण करेगी। शोभायात्रा को भव्यता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए रामलीला का मंचन अवश्य दिखाएं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव गर्ग ने सोसाइटी के श्रीराम एजुकेशन सेंटर की प्रगति बताई। उन्होंने बताया कि मौजूदा शिक्षा सत्र में 1,500 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। उन्हें अनुभवी शिक्षकों से उत्तम शिक्षा दी जा रही है। अध्यक्ष महेंद्र मोहन गुप्त ने सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक कराने में जिला व पुलिस प्रशासन, नगर निगम की भूमिका की सराहना की। इस मौके पर संरक्षक राकेश गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव गर्ग, मंत्री अमरनाथ मेहरोत्रा, आलोक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, लालजी शुक्ला, प्रवीन अग्रवाल आदि रहे।


रामलीला की जानकारी देते आयोजकगण। अमृत विचार

## पुलिस कार्यालय में चलाया सफाई अभियान

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अपर पुलिस आयुक्त अपराध व मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय आरती सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिस कार्यालय में सफाई अभियान चलाया।

इस मौके पर पुलिस कार्यालय के सभी शाखाओं द्वारा किये गए श्रमदान का निरीक्षण किया गया। कार्यालय के रजिस्टर व उनके रख रखाव,परिसर की साफ सफाई आदि को चेक किया गया। इस मौके पर अफसरों ने प्रत्येक सप्ताह श्रमदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**आज का मौसम**

गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

| 32.0° | 25.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 56 | सूर्यास्त 06 :09 |

## एक नजर

### बुजुर्ग को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में जुगराजपुर निवासी 60 वर्षीय दिनेश सिंह बहिलामऊ में एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड में नौकरी करते थे। बेटे राजेंद्र और धर्मेंद्र ने बताया कि वह सड़क पार कर जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे गंभीर हालत में हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### चोर को पकड़ा

**कानपुर।** रेलबाजार पुलिस ने थानाक्षेत्र में चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम गड्डू उर्फ काला घोड़ा उर्फ कुलदीप निवासी फेथफुलगंज बताया है। आरोपी ने हाल में एक स्थान पर चोरी की थी।

# राहुल और केजरीवाल आतंकवाद के समर्थक: मंत्री

○ कहा, अरविंद केजरीवाल देश की राजनीति के सबसे बड़े नाटकबाज हैं ○ शहर के प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किये तीखे जुबानी हमले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अरविंद केजरीवाल देश की राजनीति के सबसे बड़े नाटककार हैं। वह सबसे बड़ा धूर्त नेता है। राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल दोनों ही आतंकवाद के समर्थक हैं। यह बात मंगलवार को शहर आये उच्च शिक्षा मंत्री व कानपुरी जिले के प्रभारी बनाए गये योगेंद्र उपाध्याय ने कही। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यूपी में 10 सीटों पर प्रस्तावित उपचुनाव हम जीतेंगे। सीसामऊ विधानसभा भी हम जीतने जा रहे हैं, यहां जो कमियां हैं हम उसे दूर करेंगे।

योगेन्द्र उपाध्याय ने परशुराम वाटिका में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद प्रमिला सभागार मोतीझील में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आवास योजना शहरी 2.0 के अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं अल्प आय वर्ग, मध्यम वर्ग के लोगों के सपनों को पूरा करने के लिये 1 करोड़ शहरी गरीब लोगों के लिये पक्के मकान बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि कुल स्वीकृत 32 हजार 528 आवासों के सापेक्ष 30 हजार 957 आवास पूरे हो गये हैं।

प्रभारी मंत्री ने मंच से कई लाभार्थी को आवास की चाबी सौंपी। कार्यक्रम में महापौर प्रमिला पाण्डेय, सांसद रमेश अवस्थी, देवेन्द्र सिंह भोले, विधायक नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी, सुरेन्द्र मैथानी, सरोज कुरील, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, केडीए वीसी मदन सिंह, नगर आयुक्त सुधीर कुमार आदि रहे।



आवास की चाबी बांटते उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सांसद रमेश अवस्थी।



स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत झाड़ू लगाते मंत्री।

### नगर निगम की व्यवस्थाओं पर उठाया सवाल

- मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की व्यवस्थाओं पर ही सवाल खड़े कर दिए। मंच से उन्होंने कहा कि मैं टेंट के नीचे हूं और सामने बैठे सभी लोग धूप में हैं। व्यवस्थापकों को ये ध्यान रखना चाहिए कि मंच के सामने भी टेंट लगा हो। मुझे लोगों को गर्मी में बैठा देखकर तकलीफ हो रही है।

### परशुराम वाटिका में लगाया पौधा

- मंत्री ने सबसे पहले परशुराम वाटिका में पौधा लगाया। यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का आज जन्मदिन है। आज ही विश्वकर्मा जयंती भी है। कहा कि नरेंद्र मोदी जब पहली बार जब प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्होंने कहा था कि स्वस्थ्य देश का निर्माण करना है। स्वस्थ समाज तभी बनेगा, जब वो साफ होगा।

### पीएम आवास लाभार्थियों का सांकेतिक गृह प्रवेश

**कानपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा उड़ीसा प्रांत के भुवनेश्वर से सजीव प्रसारण के माध्यम से अपना उद्बोधन दिया गया। इस मौके पर कल्याणपुर में पीएम आवास लाभार्थियों को सांकेतिक गृह प्रवेश कराने के साथ ही नए साथियों को एप से भी जोड़ा गया। समस्त विकास खंडों में इस सजीव प्रसारण को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आवास के लाभार्थियों द्वारा देखा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों का सांकेतिक गृह प्रवेश अपने कार्यक्रम में कराया गया। जनपद के ऐसे 318 लोगों को गृह प्रवेश कराया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नवीन चयनित 220 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरित किए गए। आवास एप के माध्यम से जोड़े जाने वाले नवीन लाभार्थियों के लिए आवास एप को भी लांच किया गया। अब एप के माध्यम से नवीन पात्र पाए जाने वाले प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के लाभार्थियों का सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ होगा। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र घाटमपुर की विधायक सरोज कुरील एवं ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी तथा मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।



पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी देते अधिकारी। ■ अमृत विचार

# शहर की बड़ी हस्तियों के खिलाफ पर्चेबाजी, हड़कंप

कल्याणपुर संवाददाता

● अराजकतत्वों ने छवि धूमिल कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का किया प्रयास

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में अराजकतत्वों ने शहर के प्रख्यात समाजसेवियों की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से इलाके के बच्चों से घर-घर पर्चे बंटवाकर माहौल खराब करने का प्रयास किया। इस साजिश के बाद भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रावतपुर एम ब्लॉक निवासी भाजपा नेता महेंद्र विक्रम सिंह के अनुसार कुछ बच्चे घर-घर पर्चे बांट रहे थे। पर्चे में समाजसेवी वीरेंद्र जीत सिंह, उनके पिता बैरिस्टर नरेंद्र जीत सिंह, उनकी पुत्रवधू समाजसेवी नीतू सिंह, उनके पिता पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, भाई अनूप पचौरी के बारे में अनर्गल बातें लिखी गई थीं। पर्चे पर लिखा गया है कि ट्रस्ट की जमीन पर करोड़ों की लागत से आरोग्य धाम हॉस्पिटल का निर्माण कराया जा रहा है। बताया गया कि इस जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जे कर रखे थे। जिनसे इस जमीन को खाली कराया गया है। इसी को लेकर अराजकतत्वों ने जान बूझकर इन पर्चों को लोगों में बंटवा कर सामाजिक सौहार्द को बिगड़ने का प्रयास किया है। घटना लेकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# फ्लैट खरीदने वालों को सर्किल रेट में राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



▸▸ संशोधित सर्किल रेट आज से लागू, बैठक में आपत्तियों का किया गया निस्तारण

▸▸ निर्माण का मूल्यांकन अब सुपर बिल्टअप के स्थान पर बिल्टअप एरिया से होगा

**अमृत विचार।** नए सर्किल रेट में आंशिक संशोधन कर शहर में फ्लैट खरीदने वालों को राहत प्रदान की गई है। फ्लैट के निर्माण का मूल्यांकन अब सुपर बिल्टअप एरिया के स्थान पर बिल्टअप एरिया से होगा। पहले फ्लैट के निर्माण व जमीन की कीमत के साथ सर्किल रेट तय किया गया था, जिसे संशोधित कर फ्लैट का मूल्य अनुपातिक भूखंड, निर्माण मूल्य तथा 18 प्रतिशत कॉमन फैसिलिटी शुल्क जोड़कर तय होगा।

शहर में 9 साल बाद 2 सितंबर को लागू हुए नए सर्किल रेट में कुछ व्यवहारिक समस्या होने पर आंशिक संशोधन के लिए दोबारा 13 सितंबर तक आपत्तियां मांगी गईं थी। इन आपत्तियों का निस्तारण करते हुए मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई सर्किल दर आपत्ति निस्तारण समिति की बैठक में 18 सितंबर से नई सूची लागू करने का आदेश दिया गया। एडीएम वित्त राकेश कुमार ने बताया कि लागू किए गए सर्किल रेट में कुछ व्यवहारिक दिक्कत थी। इसी कारण आंशिक संशोधन का निर्णय लिया गया था। अब नया सर्किल रेट बुधवार से लागू कर दिया गया है।

एआईजी स्टांप श्याम सिंह बिसेन ने बताया कि पहले सर्किल रेट फ्लैट के निर्माण व जमीन की कीमत के साथ निर्धारित हुआ था। अब संशोधित करके फ्लैट का मूल्य अनुपातिक भूखंड, निर्माण का मूल्य व 18 प्रतिशत कॉमन फैसिलिटी शुल्क जोड़कर लिया जाएगा। पहले फ्लैट का निर्माण मूल्य व कॉमन फैसिलिटी का योग करके मूल्यांकन किया जा रहा था।

### 205 हेक्टेयर तक कृषि भूमि पर अब 60 प्रतिशत की वृद्धि

- नगरीय क्षेत्र में पहले 1020 वर्गमीटर तक आवासीय दर, 0.102 से 0.154 हेक्टेयर तक कृषि भूमि के मूल्य में 70 प्रतिशत की वृद्धि, 0.154 से 0.205 हेक्टेयर तक कृषि भूमि के मूल्य में 50 प्रतिशत वृद्धि करके खेती की जमीन का मूल्यांकन होता था। इस श्रेणी में 0.205 हेक्टेयर से अधिक जमीन होने पर भी तीनों स्लैब के मूल्यांकनों के योग के आधे पर मूल्यांकन किया जाता था। अब 0.205 हेक्टेयर तक खेती की जमीन में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। 20 बिस्वा से अधिक खेती की जमीन पर साधारण दर लगेगी। आवासीय, व्यवसायिक व औद्योगिक जमीन से सटी खेती की जमीन के मूल्यांकन में 60 प्रतिशत की वृद्धि व 200 मीटर दायरे की जमीन में 50 प्रतिशत वृद्धि की जाएगी। पहले यह वृद्धि तीन स्लैबों में थी।

### 4 मंजिल या अधिक ऊंचे भवनों का समान मूल्यांकन

- संशोधन के बाद चार मंजिल तक बहुमंजिला भवन या इससे अधिक मंजिल के भवनों के मूल्यांकन की व्यवस्था समान कर दी गई है। इसी तरह औद्योगिक भूखंड पर 1200 वर्गमीटर के स्थान पर 1000 वर्गमीटर तक आवासीय दर से मूल्यांकन होगा। 1000 वर्गमीटर से अधिक पर 40 प्रतिशत छूट दी जाएगी। फार्म हाउस के मूल्यांकन में 2500 वर्गमीटर तक आवसीय दर, 2500 वर्गमीटर से अधिक पर खेती की दर में 100 प्रतिशत की वृद्धि होगी। व्यापार नगर, इस्पात नगर व न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में आवासीय संपत्ति में केवल 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# निलंबित दरोगा ने महिला सिपाही को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● चकेरी थानाक्षेत्र की घटना पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में पीआरवी में तैनात एक महिला सिपाही ने नशे की हालत में निलंबित दरोगा पर अभद्रता करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ चकेरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है।

मूलरूप से अमेठी के गौरीगंज अन्नी बैजल अर्जुनपुर की रहने वाली महिला सिपाही सुभाषिनी सिंह वर्तमान में चकेरी थाना अंतर्गत पीआरवी 0418 में तैनात हैं। सुभाषिनी सिंह के अनुसार 16 सितंबर की रात को वे बंगाली कॉलोनी में पति और पत्नी के विवाद की शिकायत पर गई थीं। जहां पर निलंबित दरोगा पंकज मिश्रा भी किराए पर रहता है। आरोप लगाया कि दरोगा ने नशे की हालत में उनसे गाली गलौज की। उन्होंने इस बात का विरोध किया तो उन्हें जमकर पीटा।

इस दौरान महिला सिपाही के साथ मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव किया। इसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। निलंबित दरोगा पर पहले भी चकेरी थाने में युवक का अपहरण कर उसके परिजनों से वसूली मांगने के आरोप में एफआईआर दर्ज है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# यूपी में सबसे ज्यादा क्राइम: कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




पत्रकारों से बात करते शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद मंसूरी, आलोक मिश्रा।

● प्रदर्शन आज, पैदल मार्च के साथ मंडलायुक्त को ज्ञापन देंगे

**अमृत विचार।** कांग्रेस का दावा है कि दूसरे प्रांतों की तुलना में यूपी में क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। यूपी में महिलाएं सुरिक्षत नहीं हैं, हत्या, महिलाओं के अपहरण, गैंगरेप, दहेज हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश नंबर वन है। कांग्रेस ने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए ये आरोप लगाया है। यूपी में बढ़ते क्राइम के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को सरसैया घाट के पास प्रदर्शन, पैदल मार्च के साथ ही मंडलायुक्त को ज्ञापन देने की घोषणा की है।

मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, लोकसभा प्रत्याशी रहे आलोक मिश्रा, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, नरेश कटियार, मदन मोहन शुक्ला, श्यामदेव सिंह, शकील मंसूरी, राधेश्याम कश्यप ने पत्रकारों को ये जानकारी दी। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि कोलकाता में एक घटना को लेकर पूरे देश में बवाल मचा है लेकिन यूपी में महिलाओं से साथ हो रही घटनाओं पर कोई जुबान खोलने को तैयार नहीं है। झांसी में चलती गाड़ी में बलात्कार का मामला हो या जौनपुर में मंगेश यादव के फर्जी एनकाउंटर का मामला, रायबरेली में अर्जुन पासी की हत्या हो या अभी बीते दिनों 11 सितंबर को कानपुर में सिर काटकर महिला की हत्या का मामला हो। कांग्रेसी नेताओं ने आरोप लगाया कि यूपी जुर्म की राजधानी बन चुका है। एनसीआरबी के पिछले तीन वर्षों के आंकड़ों को दर्शाते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में 2022 में मध्य प्रदेश में 32765, पश्चिम बंगाल में 34738, राजस्थान में 45058, महाराष्ट्र में 45331 और उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 65743 महिलाओं के खिलाफ अपराध हुए।

# चलेगा विशेष डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बच्चों को डिप्थीरिया (गला घोटू) से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की बुधवार को सीएमओ कार्यालय के सभागार में बैठक होगी, जिसमे संक्रमण की रोकथाम के लिए विशेष डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

अमृत विचार ने टीकाकरण के बाद भी फैला डिप्थीरिया शीर्षक से मंगलवार को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की, जिसका स्वास्थ्य अधिकारियों ने संज्ञान लिया। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने तत्काल प्रभाव से बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्थापित आरसीएच मीटिंग हाल में बैठक प्रस्तावित की और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक और डीटीसी व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी किया।

सीएमओ ने सभी अधीक्षक व प्रभारी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में से कक्षा एक, पांच व 10 के विद्यार्थियों की नई सूची भी साथ लाने का आदेश दिया है। संक्रामक रोग अस्पताल में डिप्थीरिया के आठ बच्चों को इलाज चल रहा है।


टीकाकरण के बाद भी फैला डिप्थीरिया
कार्यालय संवाददाता, कानपुर
● संक्रामक रोग अस्पताल में 8 बच्चे भर्ती, सीएमओ ने अधिकारियों को किया अलर्ट

अमृत विचार ने डिप्थीरिया के संबंध में प्रकाशित की थी खबर।

# गोदाम में आग, फंसे 7 लोग बचाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



गोदाम में धधकती आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

▸▸ रेस्क्यू कर बचाई जान, तीन दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

▸▸ फजलगंज इंडस्ट्रीयल एरिया में भूतल में बना था गोदाम

**अमृत विचार।** फजलगंज थानाक्षेत्र में भवन के भूतल पर बने प्लास्टिक सेनेटरी के गोदाम में भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया। इस दौरान भवन में फंसे बच्चे, महिला, पुरुष और एक बेजुबान को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर जान बचाई। घटना के दौरान एक पैरालाइसिस व्यक्ति की तबियत बिगड़ गई। आग से लाखों का नुकसान हुआ है।

फजलगंज इंडस्ट्रियल स्टेट में वीरेंद्र आहूजा के भवन में प्लास्टिक सेनेटरी का गोदाम स्थित है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि 12.50 बजे आग की सूचना मिलते ही तीन दमकल गाड़ियों को मौके पर भेज दिया गया। गोदाम के ऊपरी तल पर बने आवास में भवन स्वामी के परिवार के कई लोग (बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग) फंसे हुए थे। भवन के मध्य में बने जीने के पास आग फैलने के कारण परिवार के लोग नीचे नहीं उतर पा रहे थे। इस पर फायर फाइटर्स की टीम आग और धुएं के बीच घुसते हुए कमरों तक पहुंची जहां से फैक्ट्री मालिक वीरेंद्र आहूजा, मीरा आहूजा, आरव आहूजा, आरुष आहूजा, आशा आहूजा, अटेंडेंड स्टॉफ सोनू, मैनेजर नीरज भाटिया को रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाला गय। 1 पैरालाइसिस से ग्रसित व्यक्ति व एक पालतू कुत्ते को भी सकुशल बचाया गया। करीब घंटेभर में आग पर काबू पाया।

### शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की आशंका

- सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा है। बुधवार को विभाग की एक टीम मौके पर भेजकर आग लगने के कारणों की जांच करेगी।

**सुविधा** बड़ा डाकघर से आरंभ योजनाएं 21 सितंबर तक चलती रहेंगी

# डाक विभाग में कई नई बचत योजनाएं शुरू

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

● किसी भी डाकघर में कोई भी खुलवा सकता है खाता

**अमृत विचार।** भारतीय डाक विभाग ने मंगलवार को केंद्र की कई बचत योजनाओं को लांच किया। योजनाओं में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए लोगों को आह्वान किया कि किसी भी डाकघर में कोई भी भारतीय बचत खाता खोल सकता है। फिलहाल ये विशेष योजना 21 सितंबर तक है।

कानपुर नगर मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय डाक विभाग ने बचत खाता, आवर्ती जमा खाता समेत कई योजनाओं में जनमानस को आसानी से खाता संचालित करने की सुविधा शुरू की है। कानपुर मंडल में दो प्रधान डाकघर नवाबगंज और कैंट हैं जबकि 95 उप डाकघर और 78 शाखाएं हैं। इनमें किसी भी डाकघर में जाकर कोई भी शख्स आसानी से खाता खोल सकता है।

### बचत खाता

यह खाता केवल नकदी के द्वारा खोला जा सकता है। एक डाकघर में एक नाम से एक खाता खोला जा सकता है, न्यूनतम शेष धनराशि 500 रुपये होना आवश्यक है। जमा की अधिकतम सीमा नहीं है, चेक सुविधा ली जा सकती है, स्थानांतरण की सुविधा है, 10 साल या उससे अधिक आयु के नाबालिग व्यक्ति खाता खोल सकते हैं और संचालित भी कर सकते हैं। संयुक्त खाता दो व्यस्कों द्वारा खोला जा सकता है। खाते को सक्रिय रखने के लिए तीन वित्तीय वर्षों में जमा या निकासी का कम से कम एक लेनदेन आवश्यक है, सीबीएस डाकघर में किसी भी इलेक्ट्रानिक्स मोड़ के माध्यम से जमा और निकासी की जा सकती है।

### आवर्ती जमा खाता



- यह खाता 10 रुपये के गुणांक में खोला जा सकता है, न्यूनतम 100 रुपये से नकद/चेक खोला जा सकता है। नामांकन और स्थानांतरण की भी सुविधा है। 10 साल या उससे अधिक आयु के नाबालिग खाता खोलने के साथ ही उसे संचालित करने का भी अधिकार होगा। बालिग होने के बाद नाबालिग व्यक्ति को अपने नाम पर खाते के स्थानांतरण के लिए आवेदन करना होगा। संयुक्त खाता दो या तीन बालिग के द्वारा खोला जा सकता है। कम से कम 6 किश्तों की अग्रिम पर छूट दी जाएगी। एक वर्ष के बाद शेष धनराशि के 50 प्रतिशत तक की एक निकासी की अनुमति होगी। बचत खाते में आटो क्रेडिट की सुविधा दी जाएगी।

## कारखाना संचालक का बेटा लापता

**कानपुर।** आवास विकास कालोनी हंसपुरम निवासी कारखाना संचालक विनय बाजपेई ने बताया कि उनका बेटा आर्यन (16) उनके कारखाने की महिला कर्मचारी के बेटे भरत गुप्ता (15) के साथ लापता है। विनय ने बताया कि 11 सितंबर शाम 7 बजे भरत कारखाने आया और उनके बेटे के साथ चला गया। दो दिन तक तलाश के बाद परिजनों ने नौबस्ता थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। नौबस्ता थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक नंबर से फोन आया था। पुलिस ने उस नंबर की लोकेशन ट्रेस की तो वह पहले गुजरात, फिर मध्यप्रदेश और बाद में उन्नाव में मिली। टीम को भेजकर उस नंबर के व्यक्ति को पकड़ा गया तो उसने बताया कि तीन लड़के गुजरात में मिले थे। उन्होंने घर कॉल करने के लिए उसका फोन मांगा था।

# प्रेस क्लब कार्यकारिणी सदस्य को जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● दिवस पांडेय को रंगदारी मांगने के मामले में मिली राहत, कोर्ट ने तीन शर्तों पर दी जमानत

**अमृत विचार।** 10 हजार रुपये प्रतिमाह रंगदारी मांगने के मामले में जेल में बंद प्रेस क्लब कार्यकारिणी सदस्य दिवस पांडेय को मंगलवार को एडीजे-6 की कोर्ट ने जमानत दे दी।

नर्वल, पनौरी गांव निवासी गौरव सिंह ने पुलिस को बताया था कि वे वाहन से पशु लाते- ले जाते हैं। उन्होंने बर्रा थाने में प्रेस क्लब कार्यकारिणी सदस्य बर्रा दो निवासी दिवस पांडेय, अभिषेक शर्मा उर्फ युवा, सत्यम गोस्वामी के खिलाफ रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था। कहा था उक्त लोग खबर चलाकर मुकदमा लिखवाने की धमकी देते हुए करीब एक लाख की वसूली कर चुके हैं। धमकी देते हैं कि हर महीने 10 हजार रुपये देने होंगे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दिवस पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी की ओर से एडीजे-6 कमलेश कुमार पाठक की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट ने आदेश दिए कि पूछताछ के लिए पुलिस अधिकारी के बुलाने पर उपलब्ध होना होगा, आरोपी गवाहों को धमकाने का प्रयास नहीं करेगा व बिना कोर्ट के आदेश पर देश नहीं छोड़ेगा। तीन शर्तों पर कोर्ट ने आरोपी को रिहा करने के आदेश दिए।

## 50 हजार की मांगी रंगदारी, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** किदवईनगर के ब्लाक निवासी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने यशोदा नगर निवासी युवक व उसके साथियों के खिलाफ नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वीरेंद्र ने बताया कि 9 सितंबर रात वह पशुपति नगर स्थित अपने ऑफिस में बैठे थे। आरोप है कि तभी यशोदा नगर निवासी हिमांशु दीक्षित पांच-छह साथियों संग ऑफिस में घुस आया और उनसे पैसों की मांग करने लगा। विरोध करने पर गाली-गलौज कर कनपटी पर तमंचा तान दिया और टेबल पर रखे 22 हजार रुपये उठा लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए प्रति माह 50 हजार की मांग की। नौबस्ता इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।



# डिजिटल हेल्थ सिस्टम के लिए बड़ी पहल

## प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार से बदलेगी स्वास्थ्य सेवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



समझौता ज्ञापन के दौरान मौजूद आईआईटी के कार्यवाहक डीन ऑफ रिसोर्सेज एंड एलुमनाई प्रोफेसर जे .रामकुमार व आईसीआईसीआई के अध्यक्ष संजय दत्ता।

**अमृत विचार।** डिजिटल हेल्थ स्टैक परियोजना पर मिलकर काम करने के लिए आईआईटी और आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ बैंक की सीएसआर शाखा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी, चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार को मिलाकर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक आदर्श परिवर्तन लाना है।

आईआईटी के कार्यवाहक डीन ऑफ रिसोर्सेज एंड एलुमनाई प्रोफेसर जे. रामकुमार और आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ के अध्यक्ष संजय दत्ता ने मंगलवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने इस दौरान वर्चुअली भाग लिया। इस परियोजना में मेडटेक उपकरणों का विकास, पॉइंट-ऑफ-केयर (पीओसी) सेवाओं में सुधार और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा की क्षमता को मजबूत करना शामिल है। एआई एकीकृत उपकरणों के माध्यम से पुरानी बीमारियों का पता लगाने में मदद करना भी बड़ा उद्देश्य है। यह परियोजना आईआईटी परिसर में स्थित होगी। आईसीआईसीआई फाउंडेशन इसके लिए फंड की आवश्यकता में सहयोग करेगा। आईआईटी के

- **उप्र डिजिटल हेल्थ स्टैक परियोजना के लिए आईआईटी व आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने मिलाया हाथ**
- **आसानी से पता लगायी जा सकेंगी पुरानी बीमारियां**

निदेशक प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग व संपन्न मेडटेक इकोसिस्टम में मुख्य विशेषज्ञता के साथ, संस्थान डिजिटल हेल्थ स्टैक के घटकों को विकसित करने व मिशन को आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के संजय दत्ता ने कहा कि फाउंडेशन स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए काम कर रहा है। इसी के अनुरूप सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को डिजिटल बनाने और आगे बढ़ाने में योगदान देगा।

## स्कूल में बच्ची से बैड टच की शिकायत

**कानपुर।** काकादेव में रहने वाले एक दंपती ने पुलिस को बताया कि उनकी चार वर्षीय बच्ची थानाक्षेत्र में स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ती है। आरोप है कि सोमवार को उनकी बच्ची विद्यालय गई थी। घर लौटने के बाद बच्ची ने अपनी मां को बताया कि विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ने वाले एक बालक ने उसके साथ बैड टच किया है। जिसके बाद बच्ची के माता-पिता ने देर शाम काकादेव थाने में मामले की शिकायत की। वहीं इस मामले में विद्यालय के प्रबंधक का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। अगर बच्ची के स्वजन मामले की शिकायत करेंगे तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि विद्यालय के सीसी कैमरे देखे जाएंगे।

# नवाचार और उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में मंगलवार को नवाचार, इन्क्यूबेशन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए दक्षिण पूर्व एशिया के विशालतम, उत्कृष्ट इनक्यूबेशन सेंटर टी-हब हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से सीएसजेएमयू इनोवेशन फाउंडेशन ने शुरू की। साथ में टी-हब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. श्रीनिवास महाकाली राव व इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रबंधन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बी.वी. फणी भी रहे।कुलपति प्रो. विनय कुमार

- **हैदराबाद के टी-हब के साथ उच्च शिक्षा मंत्री व कुलपति ने साइन किया एमओयू**

पाठक ने सीएसजेएमयू इनोवेशन फाउंडेशन और टी-हब फाउंडेशन हैदराबाद के मध्य हुए एमओयू की जानकारी दी। बताया कि एमओयू के माध्यम से विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, नवाचार व स्टार्टअप स्थापित करने व प्रेरित करने का कार्य किया जाएगा। टी-हब हैदराबाद में उपलब्ध विश्वस्तरीय सुविधाओं का उपयोग विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भी मुहैया कराया जाएगा। प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नवाचार में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के छात्रों को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगा।

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रबंधन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बी.वी. फणी ने कहा कि देश का युवा वह ताकत है जो इनोवेशन की रफ्तार को बढ़ा सकता है। स्टार्टअप्स प्रदर्शनी में संग्रह इनोवेशन, फेमी फ्लॉवर रेंज, फ्लोटा, अपना बर्तन बैंक, डेटम, ऑर्गेनिक शॉपी, ओटोक्लिक, मेदांत्रिक, एनकोश आदि स्टार्टअप लगे। इस दौरान सीएसजेम इनोवेशन फाउंडेशन के सीईओ विवेक मिश्रा, डीन डॉ. शिल्पा कायस्थ देशपांडे, डॉ. बृष्टि मित्रा, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी व सिधांशु राय आदि रहे।

### ज्यादा नौकरियों के लिए नवाचार को बढ़ावा देना जरूरी

- टी-हब हैदराबाद के सीईओ श्रीनिवास महाकाली राव ने कहा कि यह सहयोग उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सक्षम बनाएगा। अगर हमें ज्यादा नौकरियां चाहिए तो नवाचार को बढ़ावा देना होगा और नवाचार की ओर आगे बढ़ना होगा। इस एमओयू के माध्यम से टी-हब सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के छात्रों और स्टार्टअप्स को नवाचार और उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षित करने व मेंटरशिप प्रदान करने और उन्हें व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद करेगा।



बासमंडी में जलसे को खिताब करते मौलाना। अमृत विचार

# बच्चों पर नजर रखें, बुराइयों से बचें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर बासमंडी में जलसे में शोरा हजरात ने कलाम पेश किया तो नारे तकबीर अल्लाह-ओ-अकबर, या रसूल अल्लाह के नारे बुलंद होने लगे। शहरकाजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही ने कहा कि युवा पीढ़ी में तेजी से शराब, जुआ और

- **मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर जलसा**

अन्य बुराइयां फैल रही हैं, लिहाजा अपने बच्चों पर नजर रखें कि वह किस वक्त कहां और किसके साथ जा रहा है। मौलाना हबीबुर्रहमान, नूरी फैजाबादी, मौलाना मोहम्मद शमीम अशरफी ने भी सम्बोधन किया। शाकिर कानपुरी मौलाना अमीरुद्दीन मोहम्मद तुफैल मोहम्मद कैफ ने नात शरीफ का नजराना पेश किया। हाफिज अब्दुर्रशीद ने कुरआन पाक की तिलावत और संचालन आसिफ रजा हबीबी ने किया। हाफिज कारी अब्दुल रहीम बहराइची, कारी सगीर आलम हबीबी (नायब काजी शहर), मौलाना फिरोज अहमद, मौलाना नईम उल हक, कुद्दुस, तौफीक, फुरकान, वकार मोहम्मद, कसीम मोहम्मद शाहिद मौजूद रहे।

# जान बचाने में प्रदेश में अव्वल सीएचसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कल्याणपुर सीएचसी का स्टाफ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित सिजेरेयन प्रसव कराने में कल्याणपुर सीएचसी ने प्रदेश में अव्वल स्थान हासिल किया है। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कल्याणपुर सीएचसी को प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) का दर्जा प्राप्त है। जिले की 10 सीएचसी में से 7 सीएचसी एफआरयू के रूप में चिह्नित हैं।

चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सीएमओ डॉ.आलोक रंजन को पत्र लिखकर कल्याणपुर सीएचसी की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए सीएचसी में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम व चिकित्साधीक्षक डॉ.अविनाश यादव के प्रयासों को सराहा है। सीएमओ ने बताया कि सीएचसी में पीएचसी या आयुष्मान आरोग्य मंदिर से संदर्भित की गईं उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराकर जच्चा-बच्चा की जान बचाई जा रही है। एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी ने बताया कि प्रसव पूर्व जांच में उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है। काउंसलिंग कर सुरक्षित प्रसव कराया जाता है।

- **जिले में 7 एफआरयू दर्जा प्राप्त सीएचसी में कल्याणपुर भी**

### 3136 प्रसव में सिर्फ 586 हुए सिजेरियन

- जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता हरिशंकर मिश्रा ने बताया सीएचसी कल्याणपुर में वर्ष 2023- 2024 में 3136 प्रसव में 586 सिजेरियन हुए थे। इस वर्ष अप्रैल से 31 अगस्त तक 880 प्रसव हुए हैं, जिनमें 180 सिजेरियन हैं।

# लगी बारिश की झड़ी आज भी बरसेंगे बादल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से मंगलवार शाम शहर में बारिश शुरू हुई। देर रात तक 19.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। तेज हवा के साथ हुई बारिश की वजह से अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार सुबह 11 बजे तक बिजली गिरने व तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से उत्तर प्रदेश का मौसम अगले दो से तीन दिनों तक बदला रहेगा। ऐसे में 22 सितम्बर तक कई जिलों में बारिश होगी। कानपुर में बुधवार सुबह 11 बजे तक बारिश होने की संभावना है। इसके बाद बादल रहेंगे पर बारिश की संभावना कम है। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर से शहर में होने वाले भारत और बांग्लादेश के मैच में मौसम साफ होगा।

- **मंगलवार देर रात तक 19.3 मिमी बारिश हुई दर्ज**



# गुरु का ज्ञान-शिक्षा जीवन का आधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



करौली शंकर धाम में हवन करते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव धाम में भाद्रपद मास की पूर्णिमा पर महासत्संग एवं पूर्वज मुक्ति महा हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु महिमा के बारे में जाना और हवन में आहुति देकर पूर्वजों की मुक्ति की कामना की।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि गुरु की महिमा का वर्णन करना तो सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। गुरु का ज्ञान और शिक्षा ही जीवन का आधार है। सनातन अवधारणा के अनुसार इस संसार में मनुष्य को जन्म भले ही माता-पिता देते हैं लेकिन मनुष्य का सही अर्थ गुरु कृपा से ही प्राप्त होता है। गुरु के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। गुरु जगत व्यवहार के साथ साथ भव तारक, पथ प्रदर्शक भी होते हैं। जिस प्रकार माता-पिता शरीर का सृजन करते हैं उसी तरह से गुरु अपने शिष्य का सृजन करते हैं। इसीलिए गुरु को ब्रह्मा,विष्णु और महेश की संज्ञा दी गई है। गुरु अपने शिष्य की अज्ञानता का नाश कर उसके सभी भ्रम दूर करता है। गुरु हमें अज्ञानता के अंधेरे से निकाल कर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। उसको ज्ञान की नई राह दिखाता है। उसको ज्ञान की नई राह दिखाना ब्रह्मा जी की तरह और उसकी रक्षा करना भगवान विष्णु की तरह और अपने ज्ञान से उसके सभी भ्रम और अज्ञानता का नाश भगवान शिव की तरह करता है।

- **करौली शंकर महादेव धाम में पूर्णिमा पर उत्सव**

# पीपीपी मॉडल का सपना, यात्रियों की दुर्दशा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



झकरकटी बस अड्डे से निकलने वाले मार्ग की दुर्दशा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे का विकास पीपीपी मॉडल के तहत होगा, यही लालीपॉप 10 वर्षों से परिवहन दे रहा है। परिवहन को ये नहीं दिखाई दे रहा है कि उसके अनदेखी के चक्कर में यात्रियों की किस प्रकार की दुर्दशा हो रही है। परिवहन अधिकारियों के पास एक रटारटाया जवाब है कि पीपीपी मॉडल से इसका विकास होना है।

झकरकटी बस अड्डा के अंदर सड़क से सीधे बसों के प्रवेश करने का रास्ता बना है लेकिन बस अड्डा के गेट पर पहुंचते ही बड़े बड़े गड्ढे बसों में बैठे यात्री की कमर तोड़ देते हैं। यदि इन गड्ढों को भर दिया जाये तो कुछ राहत मिल जाये लेकिन ऐसा नहीं करने से आयेदिन बस अड्डे पर हादसे हो रहे हैं। झकरकटी बस अड्डा के बाहर बसों के निकलने के लिये बस अड्डा के पीछे का रास्ता दिया गया है लेकिन ये रास्ता खेत से बदतर है। बस अड्डा के पीछे गेट से होते हुए झकरकटी पुल के नीचे से जैसे ही सर्विस रोड पर बसें पहुंचती है, यहां रोड का अता पता नहीं है, सड़क दलदल हो चुकी है, आधी बस इसमें धंस जाती है। तत्कालीन यूपी की मुख्यमंत्री मायावती ने झकरकटी बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत विकास करने के लिए कमेटी गठित की थी और अब योगी सरकार में भी पीपीपी मॉडल के तहत इस बस अड्डे का विकास होना है लेकिन कब होगा, ये कोई नहीं जानता है।

### क्या बोले अधिकारी

झकरकटी बस अड्डा का पीपीपी मॉडल के तहत विकास होना है, बस अड्डे पर इतनी बड़ी संख्या में बसें आती हैं, उनके व्यवस्थित करने के लिए स्थान तलाशा जा रहा है, कई जगह देखी भी हैं। रणनीति बनाई जा रही है कि शहर की चारों सीमाओं पर बस अड्डे बना दिये जायें ताकि वहीं से बसें वापस चली जायें।

**महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा**

# इस बार 5 महीने बाद भी नहीं आया कौशल विकास का टार्गेट

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का प्रशिक्षण इस बार पांच महीने बीत जाने के बाद भी शुरू हो नहीं हो सका। पिछले सत्र में 11 अप्रैल में आने वाला टार्गेट इस बार सितंबर मध्य तक नहीं आया। सत्र लेट होने की वजह अधिकारी नहीं बता पा रहे हैं। जिले में पिछले सत्र में जिले के 26 सेंटर में 38 टेड में युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया था।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं के कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण को हासिल कर युवा रोजगार से जुड़ सकते हैं। इस बार प्रशिक्षण के लिए युवाओं को लगभग 5 महीने का इंतजार करना पड़ रहा है। पिछली बार केंद्रों को मिलने वाला टार्गेट 11 अप्रैल को मिल गया था। इस बार अभी तक टार्गेट न मिलने से केंद्र और ट्रेड दोनों ही निर्धारित नहीं हो सके हैं। माना जा रहा है कि सत्र शुरू होने की देरी के चलते इस बार प्रवेश लेने वाले युवाओं का रुझान कम हो सकता है। जिला प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं को प्रशिक्षण दिए जाने के लिए मिलने वाला टार्गेट इस बार सितंबर के अंतिम सप्ताह या फिर अक्टूबर के पहले सप्ताह में आ सकता है।

- **पिछले सत्र में 26 ट्रेड में युवाओं को मिला था प्रशिक्षण**
- **11 अप्रैल को शुरू हुआ था प्रशिक्षण, 38 ट्रेड थे शामिल**

### इनमें मिला था प्रशिक्षण

पिछले सत्र में जिले को 38 ट्रेड आवंटित किए गए थे। इनमें लेदर, ड्रोन टेक्नॉलजी, गारमेंट्स, अपैरल, निर्माण, आईटी-आईटीएस, हस्तशिल्प, हेल्थ केयर, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, रिटेल और ऑटोमोटिव जैसे ट्रेड के जरिए युवाओं ने अपने कौशल को निखारा था।

## हाईवे पर ऑटो से उतरी युवती ने नदी में लगाई छलांग

**सोहरामऊ उन्नाव।** लखनऊ-उन्नाव बार्डर पर सई नदी के पुल से एक युवती ने छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बंथरा पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बनी क्षेत्र स्थित सई नदी के पुल से एक युवती आटो से उतरी और पुल से नदी में छलांग लगा दी। युवती कहां की है यह अभी तक पता नहीं चल सका है। दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बंथरा पुलिस एसडीआरएफ की टीम बुलाकर युवती की तलाश में जुटी है। एसडीआरएफ की टीम स्टीमर व गोताखोरों के साथ दोपहर से तलाश में लगी है।

**सेवा पखवाड़ा** सफाई, रक्तदान कर भाजपाइयों ने नरेंद्र मोदी को दीं शुभकामनाएं,उत्तर से लेकर दक्षिण तक हुये कार्यक्रम

# सोहर गाए, गुलगुले बांटकर मनाया मोदी का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में महिलाओं ने गीत गाए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा ने मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को मंदिरों में देवी-देवताओं की आराधना और सेवा पखवाड़ा मनाकर मनाया।

कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर पीएम की दीर्घायु की कामना की। केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने नरेंद्र मोदी के चित्र पर तिलक और माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु की मंगलकामना की। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने ढोलक मंजीरा की धुन पर सोहर गाए और गुलगुले बांटे।

सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा दक्षिण युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने किदवई नगर के मधुलोक हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सांसद देवेंद्र सिंह भोले, भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी थे। रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं ने 101 यूनिट रक्तदान किया। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग ब्रह्मदेव मंदिर आवास विकास क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रमों में सुनील नारंग, शिवपूजन सविता, संजय कटियार,जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी,अनीता त्रिपाठी, रघुनंदन भदौरिया, अर्जुन बेरिया,वंदना गुप्ता ,गणेश शुक्ला, संजीव बेरी, शिवम मिश्रा, कमलजीत सिंह बग्गा,विक्की मुरझानी आदि रहे।

### सांसद ने विधायकों के साथ की सफाई

- पीरोड वनखंडेश्वर मंदिर में सांसद रमेश अवस्थी ने विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर में साफ सफाई की। जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा समेत दिवाकर मिश्रा, अनूप अवस्थी, सुनील बजाज, आनंद मिश्रा, संतोष शुक्ला, सुरेश अवस्थी श्री कृष्ण दीक्षित, विनय पटेला, अभिमन्यु अदि रहे। होटल सिवाय फजलगंज में भाजयुमो अध्यक्ष शिवांग मिश्रा द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।

### 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा दिवस

- जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा की पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिले से संतोष शुक्ला को संयोजक बनाया गया है। पखवाड़े में जन्मेजय सिंह, अनुपम मिश्रा, विनय पटेल, उपेंद्र सहयोग करेंगे। हर दिन अलग-अलग सेवा भाव से कार्यक्रम होंगे।



बड़ा डाकघर में स्वच्छता के लिए कर्मचारियों को संकल्प दिलाते प्रवर अधीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव।

# बड़ा डाकघर से निकली रैली-प्रभात फेरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को बड़ा डाकघर से जनता को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली एवं प्रभात फेरी निकाली गई। प्रवर अधीक्षक डाकघर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने लोगों को संकल्प दिलाया कि हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। प्रवर अधीक्षक ने बड़ा डाकघर में पौधरोपण भी किया। बताया कि 1 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया जायेगा।

### कटरी शंकरपुर सराय से स्वच्छता अभियान की शुरुआत

- **कानपुर।** 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान इस वर्ष 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' थीम पर आधारित है। इसका शुभारंभ विकासखंड कल्याणपुर की गंगा ग्राम पंचायत-कटरी शंकरपुर सराय से किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। मंगलवार को कटरी शंकरपुर में मैगी प्वाइंट स्थल पर सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई की गई एवं पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कल्याणपुर रहीं। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायत में ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये जायें। घर के भीतर एवं घर के आसपास निरंतर सफाई रखें।



शिवाला से विसर्जन को ले जाते गणपति की प्रतिमा। अमृत विचार



लाजपत नगर से भी गणेश जी विसर्जन को ले जाए गए। अमृत विचार



घाटों पर बने कृत्रिम तालाबों में गणपति को विसर्जित किया गया। अमृत विचार

# बप्पा चले अपने धाम, सबको राम-राम-राम

## बैंड बाजों, रंग-गुलाल के साथ धूमधाम से विदा हुए विघ्नहर्ता, अनंत चतुर्दशी को शतभिषा नक्षत्र के शुभ संयोग में हुआ विसर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● शहर भर में नाचते-गाते निकले भक्त, पंडालों में कन्या पूजन और भंडारे

**अमृत विचार।** शहर भर में पंडालों में विराजमान गणपति बप्पा का मंगलवार को भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अनंत चतुर्दशी को शतभिषा नक्षत्र के शुभ संयोग में विसर्जन किया गया। शहर में डीजे व बैंड बाजे के साथ धूमधाम से गणपति की विसर्जन यात्रा निकाली गई। विधि विधान से पूजन और हवन के बाद यात्रा क्षेत्र की गलियों व मोहल्लों में घूमी। इसके बाद घाटों पर बप्पा को विदाई दी गई।

पंडालों में विराजमान गणपति के विसर्जन का सिलसिला महोत्सव के पांचवें दिन से चालू हो गया था। लेकिन सोमवार को भी जारी रहा। अब तक अधिकांश मूर्तियों का विसर्जन कमेटियों ने कर दिया है, लेकिन मंगलवार को महोत्सव के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी को शतभिषा नक्षत्र के शुभ संयोग में शहर में स्थापित सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस बार शहर में गणपति बप्पा की 1800 से अधिक प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। जिसमें कई कमेटियां ऐसी हैं जिनका यह महोत्सव 31, 41, 51 या 101वां था। इन कमेटियों ने विघ्नहर्ता का नियमित 10 दिन पूजन अर्चन किया। आखिरी शुभ संयोग में धूमधाम से विसर्जन यात्रा निकाली। पूजा पंडालों में भक्तों ने हवन-पूजन किया। इसके बाद झांकियों व बैंड बाजा के साथ रंग-गुलाल उड़ाते विसर्जन यात्रा निकाली। भक्तों ने विसर्जन यात्रा मार्ग में जगह-जगह प्रतिमा का पूजन कर आरती उतारी। खीर, बूंदी, फल आदि के स्टाल लगाकर यात्रा में शामिल भक्तों प्रसाद बांटा। जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। घरों में स्थापित विघ्नहर्ता की भी विदाई यात्रा निकाली। महिलाएं भजन गाते हुए घाटों पर पहुंचीं। आखिरी दिन पूरे शहर से विसर्जन यात्रा निकली। विभिन्न स्थानों ग्वालटोली, नवाबगंज, काकादेव, कल्याणपुर, सिविल लाइन, श्यामनगर, कैंट, नौबस्ता व गोविंदनगर में एक साथ कई यात्राएं सड़क से निकलीं तो उनका संगम होने से नजारा देखने लायक था। बप्पा के जयकारों से शहर की हर गली व सड़क गूंजती रही।



सिद्धेश्वर मंदिर रावतपुर गांव में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद बप्पा विदा

- बाबा सिद्धेश्वर सेवा समिति रावतपुर द्वारा सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित उत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। उत्सव के बाद बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार अंकुश, द्वितीय पुरस्कार मनीषा, तृतीय पुरस्कार शिवाय को मिला। इस अवसर पर मनीष चौधरी, अश्वनी दिवाकर, मनोज, वीर, दीपक दिवाकर, रवि कश्यप रहे।

### हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा

- प्रतिमा विसर्जन से लौटे महोत्सव के कमेटी के लोग भंडारे की तैयारियों में जुट गए। कन्या पूजन के बाद कन्या भोज कराया इसके बाद भक्तों के भंडारे का आयोजन हुआ। मंगलवार को शहर में करीब 2000 भंडारे सिर्फ गणेश महोत्सव पंडालों में आयोजित हुए। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कन्याभोज के बाद कन्याओं को विदाई भी दी गई।

### खुद के कृत्रिम टैंक में किया मूर्ति विसर्जन

- खलासी लाइन स्थित महाराष्ट्र मंडल ने इस बार अपना 101वां सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव मनाया। कमेटी के शाला मंत्री सुभाष देव ने बताया कि इस बार ग्वालियर से चार फिट की गणेश मूर्ति आई है। जिसका कमेटी अपने खुद के 6 बाई 6 के कृत्रिम टैंक में विसर्जन किया। इसी तरह कई अन्य कमेटियों ने भी सुरक्षा व शुद्धता के लिहाज से मूर्ति विसर्जन के लिए खुद के कृत्रिम टैंक का निर्माण कराकर मूर्तियों का विसर्जन किया।



रंग-अबीर उड़ाकर खूब डांस हुआ। अमृत विचार



बाल विद्यालय शिक्षण संस्थान में गणेश वंदना। अमृत विचार

### 251 कन्याओं का किया पूजन

- **कानपुर।** बाल विद्यालय शिक्षण संस्थान में बुढ़वा मंगल पर विद्यालय प्रबंधक स्वयं प्रकाश अग्निहोत्री ने 251 कन्याओं को अंग वस्त्र पहनाकर विधि विधान से कन्यापूजन किया। बजरंगबली प्रतिमा का श्रृंगार कर पूजन किया। पंडित शंकर अवस्थी ने पूजा कराई और छप्पन भोग के साथ गुड़ चना का भोग लगाया। अविरल अग्निहोत्री, डॉ. राज किशोर त्रिपाठी, हरिश्चंद्र दीक्षित, रंजन अग्निहोत्री, केशव अग्निहोत्री, शिव सागर द्विवेदी, जितेन सिंह, विनोद शर्मा, राम प्रकाश शुक्ला, अमित त्रिपाठी, डॉ. प्रीति मिश्रा, जसवीर कौर, विनय पाल आदि मौजूद रहे।



वीआईपी रोड पर शाम तक जाम लगा रहा। अमृत विचार

# विसर्जन यात्राओं से जाम, गलियों में भी फंसे लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● शहर भर में निकलीं गणेश प्रतिमाएं, जाम में फंसे वाहन

**अमृत विचार।** मंगलवार को गणेश पूजा के अंतिम दिन शहर भर के पंडालों में विराजी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्राओं से वीआईपी रोड, माल रोड, जीटी रोड समेत पूरे शहर में जगह-जगह जाम लगा। वीआईपी रोड पर तो दोपहर 12 बजे से जाम लगना शुरू हुआ और बढ़ते-बढ़ते मॉल रोड तक पहुंच गया। जिससे देर शाम तक राहगीरों को छुटकारा नहीं मिला।

गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए गंगा तटों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। शहर के विभिन्न कोनों से लोग ट्रैक्टर, लोडर व अन्य वाहनों से गणेश प्रतिमा को गोलाघाट, मैस्कर घाट, सरसैयाघाट और गंगाबैराज ले गए। जिधर से भी भक्तों का काफिला निकला, वहां जाम लग गया। गोविंद नगर, नंदलाल चौराहा, चावला मार्केट पर भीषण जाम लग गया। पापुलर धर्मकांटा से फजलगंज जाने वाले राहगीर जल्दी निकलने की होड़ लगाने लगे, जिस कारण यात्रा फंस गई। विद्यार्थी मार्केट की गलियों से होकर गोविंद नगर थाने वाली रोड भी जाम हो गई। बीओबी चौराहे से फजलगंज जाने वाली लेन पूरी तरह से जाम थी।

# समस्त साधनाओं का मूल आधार है ब्रह्मचर्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** धर्मों में ब्रह्मचर्य को पावन और पवित्र धर्म माना गया है। यह समस्त साधनाओं का मूल आधार है। ब्रह्मचर्य को अपनाए बिना आत्मा की उपलब्धि संभव ही नहीं है। दस लक्षण धर्म महापर्व पर यह बात आनंदपुरी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य पंडित बृजेश जैन शास्त्री ने कही।

आनंदपुरी दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व (दस लक्षण धर्म) का मंगलवार को दसवां दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का रहा। मंदिर में सबसे पहले भगवान आदिनाथ, शांतिनाथ और पार्श्वनाथ का अभिषेक और शांतिधारा हुई। प्रथम शांति धारा का सौभाग्य प्रदुम जैन, दूसरा महेंद्र, मनीष कटारिया व तीसरा अनिल व चौथा अनिल जैन, प्रकाश बागड़ा को मिला। इसके बाद टीकमगढ़ से पधारे पंडित बृजेश जैन शास्त्री ने जैन मुख्य ग्रंथ के तत्वार्थसूत्र का वाचन और फिर संगीतमय पूजन किया।



प्रभु का अभिषेक किया गया। अमृत विचार

आचार्य ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्रह्मचर्य को अपनाए बिना आत्मा की उपलब्धि ही संभव नहीं है। ब्रह्म को पाने के लिए उसका ज्ञान होना भी जरूरी है। डॉ. अनूप जैन शील चंद, पदम चंद, महेंद्र कटारिया, संजीव जैन, विवेक जैन, अनूप जैन, अमित जैन, अनिल, मनीष, संजय आदि रहे।

# संयुक्त अरब अमीरात ने खोले व्यापार के द्वार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● एसोचैम ने उद्यमियों और यूएई से आए प्रतिनिधियों के साथ की बी-टू-बी बैठक

**अमृत विचार।** उद्योग जगत को वैश्विक साझेदारी के साथ मजबूती प्रदान करने के लिए एसोसिएट चैंबर्स आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने यूएई से आए प्रतिनिधिमंडल के साथ बी-टू-बी बैठक आयोजित की। दो दिवसीय कार्यक्रम में शारजाह एयरपोर्ट इंटरनेशनल फ्री जोन, शारजाह, संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधिमंडल ने भागीदारी की। उद्योग की प्रमुख संस्था बीएनआई कानपुर, चमड़ा निर्यात परिषद, लघु उद्योग भारती, मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश और टीआईई उत्तर प्रदेश के सहयोग से लैंडमार्क होटल में हुई बैठकों का उद्देश्य रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से भारतीय कंपनियों की वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करना रहा।

एसोचैम के डिप्टी डायरेक्टर इरफान आलम ने बताया कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मई 2022 में हुआ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को गहरा करने में गेम-चेंजर रहा है। द्विपक्षीय व्यापार और दो तरफा निवेश प्रवाह में वृद्धि हुई है। दो दिवसीय आयोजन में शहर के व्यवसाय को भारत-यूएई सीईपीए के लाभ कैसे मिल सकते हैं, इसकी जानकारी दी गई। इसमें यूएइ में उद्योग की शाखाएं स्थापित करने के अवसर भी थे। 70 से अधिक कंपनियों ने बैठकों में भाग लिया।

यूएई प्रतिनिधिमंडल में शामिल अली अल मुतावा ने यूएइ और व्यापक जीसीसी क्षेत्र में भारतीय निर्यातकों के लिए आकर्षक संभावनाओं पर जोर दिया। शारजाह एयरपोर्ट इंटरनेशनल फ्री जोन प्रोत्साहन और अवसरों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जो उद्यमी विश्व स्तर पर अपने उद्योग का विस्तार करना चाहते हैं। उनके लिए ये एक प्रवेश द्वार होगा।



लैंडमार्क होटल में बैठक के दौरान मौजूद उद्यमी व यूएई का प्रतिनिधिमंडल।



व्यापारियों की नई कार्यकारिणी गठित हुई। अमृत विचार

# प्रांजल मिश्रा अध्यक्ष और विजय गुप्ता बनाए गए महामंत्री

**कानपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ग्रामीण इकाई ने कल्याणपुर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की घोषणा की। प्रांजल मिश्रा को अध्यक्ष, विजय गुप्ता को महामंत्री, कोषाध्यक्ष ईशू अवस्थी, वरिष्ठ महामंत्री धीरेंद्र कनौजिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, श्याम प्रजापति, चेयरमैन अजय यादव, उपाध्यक्ष गौरव मिश्रा, पवन चौरसिया गोपाल अवस्थी मनोनीत किए गए।

इस दौरान ग्रामीण अध्यक्ष मुन्नाराय व महामंत्री सौरभ गुप्ता ने कहा कि कल्याणपुर इकाई व्यापारियों के हित में पनकी रोड वन-वे को समाप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहेगी।

जय-जयकार

**मशीनरी, भंडारगृह, टूलकिटों की पूजा, कर्मचारियों को बांटा प्रसाद, केस्को, रोडवेज, जल संस्थान आदि विभागों में भी हुई पूजा**

# फैक्ट्रियों और कारखानों में हुई आदि शिल्पी विश्वकर्मा की पूजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के निजी-सरकारी प्रतिष्ठानों, फैक्ट्रियों और संस्थानों में मंगलवार को विधि विधान से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। भगवान विश्वकर्मा की पूजा के बाद कर्मचारियों ने मिलकर आरती की और आशीर्वाद लिया। मिस्त्री व मैकेनिकों ने अपने टूल किटों की पूजा की। कारखानों में भी मशीनों की पूजा की गई। कई जगह भंडारे का आयोजन कर प्रसाद बांटा गया।

विश्वकर्मा जयंती पर फैक्ट्रियों के साथ ही दुकानों में भी पूजा हुई। कलपुर्जों, वाहनों की पूजा कर हवन किया गया। दादानगर इंडस्ट्रियल एरिया, पनकी औद्योगिक क्षेत्र, फजलगंज में स्थित कंपनियां व फैक्ट्रियों में भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा हुई। कंपनी के कर्मचारियों को प्रसाद वितरण किया गया। शहर के सभी 94 केस्को सब स्टेशनों में विश्वकर्मा पूजा हुई। मशीनों, भंडारगृह की पूजा के बाद भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी गई। केस्को मुख्यालय में भी अधिकारियों ने पूजा की। इस मौके पर केस्को एमडी सैमुअल पॉल, मुख्य अभियंता सुनील गुप्ता, केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला आदि रहे। पनकी पॉवर प्लांट में भी पूजा हुई। परिवहन विभाग के सभी डिपो, केंद्रीय कार्यशाला में विश्वकर्मा पूजा हुई। क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार, एआरएम महेश कुमार आदि रहे। इसके अलावा हर दुकान, प्रतिष्ठान व फैक्ट्री में विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा हुई। दादानगर, पनकी और फजलगंज औद्योगिक क्षेत्रों में जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ। दादा नगर अप्ट्रॉन एस्टेट में पूजा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। वरिष्ठ उद्यमी ललित श्यामदसानी और अन्य उद्यमी मौजूद रहे।



केस्को में उपकरणों की पूजा करते अधिकारी। अमृत विचार



दादानगर की एक फैक्ट्री में विश्वकर्मा पूजन किया गया। अमृत विचार

### मेट्रो स्टाफ ने पूजन कर विश्वकर्मा का लिया आशीर्वाद

- **कानपुर।** विश्वकर्मा जयंती पर मेट्रो स्टाफ ने सभी निर्माण स्थलों पर पूजन कर शहर में विश्व स्तरीय परिवहन व्यवस्था विकसित करने की कामना की। मेट्रो अधिकारियों व कर्मचारियों ने गुरुदेव चौराहा स्थित मेट्रो डिपो व नौबस्ता कास्टिंग यार्ड, मेट्रो से जुड़े विभिन्न निर्माण स्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। अधिकारियों व कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर शहर और प्रदेश में चल रही विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं के सफलता की कामना की।

# महिला की मौत, हत्या का आरोप

## चौबेपुर क्षेत्र के बाचीपुर गांव में हुई घटना, मायके वालों ने हंगामा कर मांगी कार्रवाई

संवाददाता, चौबेपुर

- घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला महिला का शव
- पुलिस बोली, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बाचीपुर गांव में मंगलवार दोपहर महिला का शव संदिग्ध हालात में घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। जानकारी पर पहुंचे मायके वालों ने पुलिस के समक्ष महिला की गला घोटकर हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बाचीपुर गांव निवासी संदीप कुमार पहले राजमिस्त्री का काम करता था। इधर कुछ समय पहले उसने ई रिक्शा खरीदकर चलाना शुरू किया था। बताया गया कि शराब का लती होने के कारण संदीप ने जल्द ही ई रिक्शा भी बेच डाला। परिवार में पत्नी रोशनी (30) के अलावा दो बेटे हैं। आर्थिक तंगी के चलते पत्नी रोशनी की पति से आए दिन कहासुनी होती थी। मंगलवार दोपहर घर के अंदर चारपाई पर रोशनी का शव पड़ा देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची। मायके वाले भी थोड़ी ही देर में गांव पहुंच गए। मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस के समक्ष रोशनी की रस्सी से गला घोंटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। बताया कि उसकी गर्दन पर रस्सी का हल्का निशान भी है। आरोप लगने पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि महिला का शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगा।


रोशनी।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती फोरेंसिक टीम और पुलिस। अमृत विचार

## खेत में बकरी जाने पर महिला को पीटा

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के पूरे गांव में एक खेत में बकरी चले जाने पर महिला को तीन-चार लोगों ने मिलकर जमकर पीट दिया, जिस पर महिला को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

ककवन थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि आदेश पुत्र सुखवासी निवासी गुलरहा कुरेह की ओर से सूचना दी गई कि गांव के ही रहने वाले ब्रजभान उर्फ महेश, सुनील, छोटी, रिंकी ने खेत में बकरी चले जाने को लेकर मारपीट की और धमकी दी गई। इसके बाद आदेश की पत्नी को पीटकर भगा दिया। थाने में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पॉवर प्लांट में मनी विश्वकर्मा जयंती

संवाददाता, घाटमपुर


विश्वकर्मा जयंती पर हवन करते प्लांट के अधिकारी, कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर लिमिटिड सेंट्रल स्टोर्स नेवेली में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। प्लांट के अधिकारियों ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा का सम्मान करती है। यह शिल्पकारों, इंजीनियरों और वास्तुकारों के लिए महत्वपूर्ण है, जो अपने उपकरणों और अपने क्षेत्रों में सफलता के लिए आशीर्वाद चाहते हैं।

पॉवर प्लांट के सीईओ ने यमुना लेडीज क्लब की अध्यक्ष के साथ पूजा और हवन किया। डीजीएम/सीपीएस संगीता पराडे, एनयूपीपीएल स्टोर्स के प्रभारी आर ढिलिप ने समारोह में एनयूपीपीएल के सभी कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों, पैकेज ठेकेदारों, शेयरधारकों का स्वागत किया।

पूजा-पाठ के बाद सभी वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों, कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों और उनके बच्चों ने विश्वरूपम और विश्व ओजोन दिवस के एक भाग के रूप में एनयूपीपीएल सेंट्रल स्टोर्स में पौधरोपण किया। पूजा का समापन सेंट्रल स्टोर्स की ओर से आयोजित भंडारे के प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस मौके पर परिवार के सभी सदस्यों को विश्वकर्मा पूजा में भाग लेने और संयंत्र की यात्रा के लिए एक दिन के लिए संयंत्र में जाने की अनुमति दी गई थी। कर्मचारियों के परिवार संयंत्र का दौरा करने के बाद उत्साहित रहे। यहां उन्हें पावर प्लांट के तथ्यों और कामकाजी प्रकृति का एहसास हुआ।

# चाबी मिलते ही खिल उठे चेहरे

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** मंगलवार को कल्याणपुर ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास की चाबी वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 27 लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन और ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने चाबी दी। आवास की चाबी पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे।

आवास वितरण समारोह में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कहा कि अब कोई भी गरीब पात्र आवास से वंचित नहीं रहेगा। सभी को आवास दिया जाएगा। इस मौके पर 13 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत पत्र भी दिया गया। प्रधानमंत्री आवास की चाबी मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे।

कुरसौली की सियादुलारी ने बताया कि उसके पास पक्का मकान नहीं था। बरसात के समय छत से पानी टपकता रहता था। रात में भीगते हुए छत पर जाना पड़ता था। अब प्रधानमंत्री आवास मिलने के बाद सुकून से सोएंगे। अब हमारी भी पक्की छत हो गई है।


कल्याणपुर ब्लाक में मंगलवार को आवास की चाबी सौंपी गई। अमृत विचार

- 27 लाभार्थियों को सौंपी गई प्रधानमंत्री आवास की चाबी
- सियादुलारी बोली, अब रात में चैन की नींद सो पाएंगे

होरा बांगर की अनीसा को चाबी मिली तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने किया। इस मौके पर जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक प्रदीप नारायण दीक्षित, जिला विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह, रवींद्र पालीवाल, संजय मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच

**बिल्हौर।** ककवन ग्राम पंचायत में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले अनन्त चौदस के मौके पर लगने वाले दंगल में बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी में पहलवानों ने अपने दांव पेच दिखाए।

बिल्हौर क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायत से आए पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंद्वी से कुश्ती लड़कर दर्शकों को रोमांचित किया। बता दें कि दशकों से ग्राम पंचायत की ओर से अनंत चौदस के अवसर पर दंगल का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के तमाम दर्शकों के साथ गणमान्य लोग भी मौजूद रहते हैं। लगभग एक दर्जन पहलवानों ने अपनी कुश्ती के दांव-पेच दिखाकर लोगों को रोमांचित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार, छुन्नू सिंह गहरवार, इन्दु स्वर्णकार, रजनीश गुप्ता, तुलसीराम अवस्थी के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# यमुना नदी का जलस्तर घटने से राहत की सांस

संवाददाता, मूसानगर

- 24 घंटों में 1.65 मीटर घट गया यमुना नदी का जलस्तर

**अमृत विचार।** यमुना नदी का जलस्तर लगातार घटने से तटवर्ती गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। मंगलवार को आढ़न पथार की पुलिया को छोड़कर सभी संपर्क मार्गो में आवागमन चालू हो गया है। बारिश के बाद पिछले दिनों आई बाढ़ में डूबी फसल को लेकर किसान चिंतित हैं।

चपरघटा के लेखपाल रामराज ने बाढ़ पीड़ित किसानों के मुआवजे के लिए जरूरी कागजात जमा कराए। पथार आढ़न के लोगों का सड़क पर पानी होने से अभी भी नाव से आवागमन हो रहा है। कानूनगो अखिलेश कुमार ने बताया कि बाढ़ से हुए फसलों के नुकसान की आर्थिक सहायता राशि पथार चपरघटा में 83 व क्योंटरा बांगर में 18 किसानों को दी जा चुकी है, लेकिन दोबारा बाढ़ आने से अब अधिक नुकसान हुआ है। इसके लिए उच्चाधिकारियों से बात कर उन्हें भी उचित मुआवजा दिलाने की बात कही है। इन एक सौ किसानों के अलावा भी सभी पीड़ित किसानों के कागज जमा कराए जा रहे हैं। मुआवजे की कार्रवाई पूरी कर जल्द ही खातों में पैसा जमा कराया जाएगा। वहीं केंद्रीय जल आयोग केंद्र कालपी के शिफ्ट प्रभारी सौरभ यादव ने बताया कि मंगलवार दोपहर दो बजे का जलस्तर 104.85 मीटर पर रहा। पिछले चौबीस घंटों में 1.65 मीटर जलस्तर घटा है।

# गणपति विसर्जन यात्रा में पुष्पवर्षा के साथ जयकारे


सिकंदरा में शोभायात्रा निकालकर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। अमृत विचार

**सिकंदरा।** गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों के साथ मंगलवार को कस्बे में गणेश प्रतिमा का विसर्जन हुआ। गणेश महोत्सव कमेटी सिकंदरा की ओर से अनंत चतुर्दशी पर के महाकालेश्वर मंदिर परिसर से धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई।

विसर्जन यात्रा महाकालेश्वर मंदिर, पुरानी बाजार से मालवीय नगर होते हुए मुख्य बाजार से निकलकर सूर्या तिराहे से होते हुए महमूदपुर गांव स्थित झाल पर पर पहुंची। जहां मंत्रोच्चारण कर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वहीं भगवान गणेश को लड्डूओं का भोग लगाया गया। यात्रा में डीजे के पीछे चल रही युवा टोली ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाए। लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। विसर्जन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बृजेश बाजपेयी, नीतेश मिश्रा, गजेंद्र यादव, अतुल मिश्रा, मोहन यादव, बउआ ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

# बुढ़वा मंगल पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** बुढ़वा मंगल पर क्षेत्र स्थित मंदिरों में हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन व भंडारे आदि आयोजित हुए। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने दान पुण्य कर भगवान को मिष्ठान अर्पित किया।पर्व पर सुबह से देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

भाद्रपद महीने के आखिरी मंगलवार को बुढ़वा मंगल के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि महाभारत काल में कुंती पुत्र भीम को अपनी ताकत पर बहुत घमंड था। घमंड को तोड़ने के लिए हनुमान जी ने बूढ़े वानर का रूप धारण किया था। इस दिन हनुमान जी की पूजा और प्रतिमा दर्शन करने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और मनुष्य को कष्टों से निवारण मिलता है। पर्व पर मंगलवार को क्षेत्र स्थित मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया।

लोगों ने पूजा-अर्चना कर हनुमान जी को भोग लगा प्रसाद वितरित किया। वहीं कई जगहों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। कस्बा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगल मारुति कमेटी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने मौके पर पहुंचे लोगों के अलावा राह गुजरते लोगों को रोक-रोक कर प्रसाद वितरित किया। सुबह से देर रात तक मंदिरों में जय हनुमान व जय श्री राम के जयकारों की गूंज रही।


चौबेपुर के हनुमान मंदिर पहुंचे भक्त।


हनुमान मंदिर के भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद छका।

### मंदिरों में भक्तों का लगा तांता

**बिल्हौर।** बुढ़वा मंगल पर तहसील क्षेत्र के हर कस्बे में सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। विश्वकर्मा जयंती पर कारखानों व औद्योगिक संस्थानों में पूजा की गई। ककवन के सब स्टेशन में जेई निष्कर्ष पटेल की अगुवाई में विभाग के कर्मचारियों ने मशीनों का पूजन किया। बिल्हौर बिजलीघर में भी एसडीओ ने पूजन कराया। आईटीआई बिल्हौर में विश्वकर्मा जयंती पर प्रशिक्षुओं को टैबलेट और पीएमकेवीवाई की किट बांटी गई। प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने बताया कि संस्थान को विश्वकर्मा योजना, एनआईओएस जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत कवर किया गया है। ककवन के संकट मोचन हनुमान मंदिर, सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर, राम जानकी मंदिर में ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार ने झांकी का आयोजन किया। कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने समर्थकों के साथ विश्वकर्मा पूजा की।

**मुस्तैद रही पुलिस** — बुढ़वा मंगल पर फूलों से सजाए गए पवनसुत के दरबार, सुबह से ही बाबा के दर्शन करने के लिए मंदिरों में लगी रहीं कतारें

# कुड़नी दरबार में सुबह से देर रात तक बही आस्था की बयार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** बुढ़वा मंगल पर कुड़नी स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में सुबह से देर रात तक भक्ति की बयार चलती रही। पतारा के संकट मोचन हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुबह मंगल आरती के बाद से भक्तों ने कतार में लगकर बाबा के दर्शन किए।

कुड़नी मंदिर में लगभग एक लाख भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। भीड़ के चलते यहां पर विशेष तैयारियां की गई थीं। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल की तैनात रहा। मंदिर परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई। पतारा के संकट मोचन मंदिर में रात्रि ने जवाबी कीर्तन का आयोजन हुआ, जहां भारी भीड़ जुटी।

कुड़नी के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल पर सुबह से बाबा के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर आधी रात आरती के बाद से ही दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया था। भीड़ को संभालने के लिए महिला और पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगीं। पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद रही। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी मेला में निगरानी करते रहे।

मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों के साथ डिस्प्ले स्क्रीन लगाई गई थी। पुलिस कर्मी उस पर भी नजर बनाए रहे। भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में हवन सामग्री, कपूर, अगरबत्ती जलाने की मनाही रही। परिसर में कथावाचकों की चौपाल भी नहीं लगने दी गई। साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस को जगह-जगह पर तैनात किया गया। भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इंतजाम किए गए। कमेटी के लोग भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करते रहे।

पतारा कस्बा के स्टेशन रोड पर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में सुबह से दर्शन करने भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर आयोजकों ने महिलाओं और पुरुषों के दर्शन करने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की। यहां पर सुबह पांच बजे मंगल आरती के साथ भक्त बाबा के दर्शन करते रहे। मंदिर परिसर में मेला भी लगा। यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र में एक मात्र आस्था का प्रमुख केंद्र है।

भीतरगांव के प्रसिद्ध महावीर मंदिर में रामलीला और भंडारा का आयोजन हुआ। दिन भर भंडारा चला। यहां भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। महाबीर दरबार में हनुमान जी की बाल स्वरूप की मूर्ति स्थापित है। यह मंदिर आसपास के गांवों के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।


कुड़नी के हनुमान जी। अमृत विचार


महिलाओं ने कतार में लगकर बाबा के दर्शन किए। अमृत विचार


दर्शन के लिए पुरुषों की अलग कतार लगी रही। अमृत विचार

### सादी पोशाक में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि कुड़नी मंदिर में कमेटी की ओर से बताया गया कि यहां पर बुढ़वा मंगल के दिन लगभग एक लाख भक्त पहुंचकर बाबा के दर्शन करते हैं। यहां पर काफी संख्या में महिलाएं बाबा के दर्शन करने पहुंचती हैं, जिसके मद्देनजर महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में लगाया गया। वहीं कुछ पुलिसकर्मियों को सिर्फ लोगों की निगरानी करने के लिए तैनात किया गया। मंदिर परिसर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

### जहांगीराबाद में हुआ भंडारे का आयोजन

जहांगीराबाद स्थित हनुमान जी महाराज मंदिर में भक्तों की ओर से बुढ़वा मंगल पर भंडारे के कार्यक्रम का अयोजन किया गया। यहां पर कानपुर-सागर हाइवे से निकल रहे राहगीरों और ग्रामीणों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। यहां पर सुंदरकांड का पाठ होने के साथ भंडारे की शुरुआत हुई। यहां लोग आते रहे और प्रसाद ग्रहण कर जाते रहे। यह सिलसिला सुबह से शाम तक चलता रहा।

## सार-संक्षेप


राजेपुर में गार्ड के परिवार वालों के बीच विधायक अभिजीत सांगा। अमृत विचार

### गार्ड के परिजनों से मिलकर विधायक ने की आर्थिक मदद

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव के सिक्योरिटी गार्ड की पिछले दिनों बंदूक, मोबाइल और बाइक लूट के बाद भी सुनवाई न होने पर आत्महत्या करने के मामले में अभी तक पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने सिक्योरिटी गार्ड के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें दिलासा दिलाया। परिजनों को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी और भरोसा दिया कि अधिकारियों से वार्ता कर जल्द मुकदमा लिखाया जाएगा। उन्होंने परिवारीजनों की हर संभव मदद करने का वादा किया। इस मौके पर दिलीप सैनी, लल्ला सिंह, अशोक सचान आदि क्षेत्रीय भाजपा नेता मौजूद रहे।


रामनगर में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मना बांटी मिठाई

**सरसौल।** भाजपाइयों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर रामनगर में चित्र पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटी। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रानू शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सेवा समर्पण सप्ताह के रूप में मनाते हैं। इस पूरे सप्ताह कोई न कोई सेवा समर्पण के भाव के साथ जनता के बीच सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य करेंगे। क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की ओर से कराए गए विकास कार्यों की जनता को जानकारी देंगे। इसके बाद पौधरोपण हुआ। कार्यक्रम में कमलेश द्विवेदी, रानू शुक्ला, गुड्डू शुक्ला, संतोष कोरी, रामशंकर, सतेंद्र, सुजीत, सूरज, महाबली आदि रहे।


कल्याणपुर ब्लाक में स्वच्छता की शपथ दिलातीं सीडीओ व ब्लाक प्रमुख।

### स्वच्छता की शपथ दिलाकर लगाई झाड़ू, 300 पौधे रोपे

**बिठूर।** कल्याणपुर ब्लॉक में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुवात की गई। यह अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाया जाएगा। आधा दर्जन गांवों से आए ग्रामीणों, छात्रों, शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ के साथ अपने घरों के आस पास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की गई। कहा गया कि ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी पंचायत की होगी। ग्राम पंचायत के कटरी शंकर पर सराय मैगी प्वाइंट स्थल पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद 300 अधिक पौधे स्कूल और सड़क के किनारे लगाए गए। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत अनिल कुमार शुक्ला, संजय मिश्रा, पुनीत सिरोही आदि लोग मौजूद रहे।


परडी गंगादीन गांव में सदस्यता दिलातीं जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर चलाया गया सदस्यता अभियान

**घाटमपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत परडी गंगादीन गांव में साफ-सफाई की गई और गौशाला में गौ सेवा की गई। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र के बरीपाल मण्डल के गांव परडी गंगादीन, सिधौल, सिरसा में लोगों को जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर उनके साथ में भाजपा मण्डल अध्यक्ष ब्रजेंद्र निषाद, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम करन निषाद, भाजपा नेता दीपू दुबे, रामजी जादौन, ग्राम प्रधान चरण यादव, राजू मिश्रा, अंशुल सोनकर, दीपक सैनी आदि उपस्थित रहे।

### बिल्हौर भाजपाइयों ने लगाया रक्तदान शिविर

**बिल्हौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी ने सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 21 वॉलिंटियरों ने रक्तदान में भाग लिया। कार्यक्रम में मिश्रिख सांसद अशोक कुमार रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अंत्योदय पथ पर किए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज देश के साथ समूचा विश्व मोदी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। हम सभी कामना करते हैं कि प्रधानमंत्री स्वस्थ रहकर अंत्योदय के पथ को सफल बनाएं और अग्रसर रहें। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार, सौरभ शर्मा समेत पार्टी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ.दिलीप कुमार कटियार भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी सोनू अग्निहोत्री ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह वह अपने गांव काशीपुर के चौराहे पर गया था। उसी दौरान गांव का ही कन्हैया उसके पास आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। मना करने पर गाली देते हुए मारपीट कर दी। जिससे उसका सिर फट गया है। थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घायल को उपचार के लिए भेजा गया है।

### भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

**कानपुर देहात।** जिला अस्पताल में भाजयुमो ने रक्तदान शिविर लगाया। जिलाध्यक्ष परवेश कटियार के नेतृत्व में 53 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए। शाम तक 21 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन रक्तदान शिविर लगाया गया। जिले के प्रभारी मंत्री संजय निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने रक्तदान कर शुरू किया। रक्तदान करने वालों में सौरभ सिंह, पंकज पाल, गोपाल गिहार, हेमू त्रिपाठी, अंशुमान सिंह, गौरव कुशवाहा, मधुराज सिंह, अक्षय त्रिवेदी, निशांत सिंह, सत्यम चतुर्वेदी, अनमोल गुप्ता, विपिन दोहरे, शिप्पू कटियार, अंकित कटियार, अनिल चौबे, विशाल दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# पत्नी की गोली मार हत्या, थाने में सरेंडर

## पुखरायां कस्बे में सोमवार रात हुई वारदात, हत्यारोपी सिक्योरिटी गार्ड खुद बंदूक लेकर कोतवाली पहुंचा

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** कस्बे में सोमवार रात सिक्योरिटी गार्ड ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद पति खुद ही बंदूक लेकर कोतवाली पहुंच गया। जानकारी मिलने पर एसपी व सीओ मौके पर पहुंचे। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा का रहना वाला भागीरथ लखनऊ में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। उसकी शादी कानपुर नगर के घाटमपुर निवासी सीमा से हुई थी। सीमा मायके में रह रही थी और भागीरथ लखनऊ में नौकरी कर रहा था। भागीरथ ने पहली पत्नी सीमा को बिना तलाक दिए ही ऊषा नाम की युवती से शादी कर ली थी।

सोमवार की रात अवैध संबंधों के शक में भागीरथ ने दूसरी पत्नी ऊषा की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद वह कई घंटों तक घर में ही रहा और मंगलवार सुबह भोगनीपुर कोतवाली पहुंचा। उसने कोतवाल को हत्या करने की बात बताई। इसके बाद सीओ संजय कुमार सिंह, कोतवाल अंजन कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज उमेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी पर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्रित कराए।


हत्या की छानबीन करते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

- पत्नी के अवैध संबंधों में हत्या करने की बात कबूली
- हत्या करने के बाद रात भर घर में शव के साथ रहा

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। भोगनीपुर सीओ ने बताया कि पूछताछ में भागीरथ ने पत्नी के अवैध संबंध होने की बात बताई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह पत्नी को कई बार समझा चुका था, लेकिन वह अपनी हरकतों से नहीं मान रही थी। सोमवार की शाम को भी उसने पत्नी को समझाया, लेकिन वह नहीं मानी और उससे झगड़ा करने लगी। गुस्से में आकर उसने गोली मार दी। अभी मृतका के परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


हत्या के बाद मौजूद पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

> लाइसेंसी बंदूक से पत्नी की हत्या करने की सूचना मिली थी। प्रारंभिक छानबीन कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक को भी जब्त किया गया है। जांच की जा रही है।
>
> –बीबीजीटीएस मूर्ति, एसपी

# युवती से दुष्कर्म में दोषी को 10 साल कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- मारपीट के तीन दोषियों को दो-दो साल का कारावास

**अमृत विचार।** करीब साढ़े तीन साल पहले घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव की युवती से खेत में धमकी देकर दुष्कर्म के मामले में अदालत ने सभी आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए दुष्कर्म के दोषी युवक को दस साल के कारावास और तीन को दो साल कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र की युवती ने तहरीर में बताया था कि गांव का कप्तान सिंह यादव आते जाते अश्लील हरकतें करता था। 19 दिसंबर 2020 की शाम वह खेत गई थी, तभी कप्तान सिंह तमंचा दिखाकर धमकी देते हुए जबरन उसे झाड़ियों में खींच ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घर लौटकर उसने पिता को जानकारी दी। तभी कप्तान सिंह, उसका भाई चंद्रशेखर, बीरू उर्फ अमित और उसकी भाभी बीना उसके घर पर चढ आए और उसे व उसके पिता को बेरहमी से पीटा। पुलिस ने विवेचना करते हुए पीड़िता के बयान व चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर आरोपी कप्तान सिंह के खिलाफ दुष्कर्म व मारपीट व अन्य आरोपियों के खिलाफ मारपीट में आरोप पत्र पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सभी आरोपियों को दोषी करार दिया। कप्तान सिंह को 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर दस माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अन्य दोषी चंद्रशेखर, वीरू उर्फ अमित व बीना को दो-दो साल के कारावास की सजा सुनाई है।

# मंत्री ने झाड़ू लगाकर किया श्रमदान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मत्स्य पालन एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.संजय निषाद ने मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के शुभारंभ पर अकबरपुर तहसील की धरऊ मलिन बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने झाड़ू. लगाकर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, सीडीओ लक्ष्मी एन्न के साथ धरऊ मलिन बस्ती में झाडू लगा श्रमदान कर किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन की शुभकामना देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलेगा। इसके अंतर्गत गांव, नगर, शहरों व कस्बों में अभियान चलाकर साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाएगा।


झाड़ू लगाकर श्रमदान करते प्रभारी मंत्री डॉ. संजय निषाद, डीएम आलोक सिंह।

- अकबरपुर क्षेत्र के धरऊ मलिन बस्ती में लगाई झाड़ू

प्रभारी मंत्री संजय कुमार निषाद ने लोगों से अपील कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाएं। कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कार में होनी चाहिए। हम स्वच्छ रहेंगे तो स्वस्थ्य भी रहेंगे। स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री के जन्मदिन की बधाई देकर अपने विचार व्यक्त किए। प्रभारी मंत्री ने धराऊ प्राथमिक विद्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इसके बाद माती सर्किट हाउस में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# बिजली बिल दुरुस्त करने को लगाएं कैंप

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- प्रभारी मंत्री संजय निषाद ने कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार कक्ष में हुई।

उन्होंने विद्युत विभाग को रोस्टर के अनुरूप शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियां से प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। विद्युत बिल से संबंधित समस्याओं का कैंप लगाकर समाधान किया जाएं। प्रभारी मंत्री ने ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के सभी सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, धार्मिक स्थलों आदि पर अभियान चलाकर साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के सख्त निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। साथ ही रक्तदान कर रहे लोगों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर एडीएम वित्त केशव नाथ गुप्ता, सीएमओ डॉ. एके सिंह, परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, डीएफओ एके द्विवेदी, उप निदेशक कृषि रामबचन राम, डीएसटीओ प्रतिभा सिंह, डीपीआरओ विकास पटेल सहित समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# धर्म से ही मानव का कल्याण संभव

**शिवली।** हनुमान गढ़ी कड़री आश्रम में बुढ़वा मंगल पर धनुष यज्ञ की लीला हुई। शुरुआत अन्नू बाजपेई ने आरती उतार कर की।

कार्यक्रम के दौरान अन्नू ने कहा की हम सभी लोगों को धर्म करना चाहिए, जिससे व्यक्ति का कल्याण संभव है। धनुष यज्ञ लीला में राजा जनक का विलाप सुनकर लोगों की आंखें छलक पड़ीं। रावण- वाणासुर संवाद सुनकर लोग रोमांचित हो उठे। जनक के वचनों को सुनकर लक्ष्मण जी क्रोधित होते हैं। प्रभु राम लक्ष्मण को समझाते है। वहीं गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पर श्रीराम धनुष का खंडन कर देते हैं। जिसपर पूरे पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। इसके बाद परशुराम जी क्रोधित होकर मिथिला आते है और लक्ष्मण से रोमांचक संवाद होता है। जिसे सुनने के लिए दर्शक डटे रहे। इस मौके पर मंहत रमेश बाबा, ब्रजेश मिश्र, शिवप्रकाश आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### शिवली में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**शिवली।** कस्बे के रामेश्वर पब्लिक स्कूल रामेश्वर आईटीआई में विश्वकर्मा जयंती पर पूजा की गई। इसके बाद मिष्ठान वितरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस माके पर आज ही के दिन जन्म लेने वाले स्कूल के तीन बच्चे श्रुतिका, हरि स्वरूप व आदर्श पाल ने मोदी जी के चित्र को लड्डू भेंट कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर प्रबंधक डॉ राम शरण तिवारी, प्रमोद कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य प्रीति दीक्षित, कविता मौर्य, दीक्षा, सृष्टि, शैलजा, दिव्यांशी, अंकिता, श्रेया, रागिनी, अंशिका, अनुराग, आदित्य आदि उपस्थित रहे।

### नेपाल के रसथापा ने हिमांचल के काला चीता को हराया

**रूरा।** ऐतिहासिक काशीपुर हनुमान गढ़ी में बुढ़वा मंगल पर तीन दिवसीय दंगल का आयोजन हुआ, जिसमें पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। पहलवानों ने प्रतिद्वंदी को पटखनी देने के लिए कुश्ती के दांवपेच दिखाए। आयोजक हेमंत सिंह हेमू ने पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती की शुरुआत की। पहली कुश्ती रस थापा नेपाल और काला चीता हिमांचल के बीच 21 हजार रुपये की हुई, जिसमें रस थापा विजयी रहे। दूसरी कुश्ती निर्दोष बाबा अयोध्या और टार्जन राजस्थान के बीच हुई, जिसमें बाबा विजयी रहे। आयोजक हेमू सिंह ने बताया कि दंगल में दिल्ली, हरियाणा, झांसी, नेपाल से पहलवान आए। दर्शकों ने पहलवानों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान हेमंत सिंह हेमू, प्रवीण सिंह, लायक बापू, ललुआ सिंह, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

### पितृ पक्ष शुरू, देवयानी सरोवर में होंगे श्राद्ध, तर्पण व पिंडदान

**मूसानगर।** देवयानी सरोवर को लोग छोटी गया के नाम से भी जानते हैं। यहां पितृ पक्ष में लोग श्राद्ध, तर्पण व पिंडदान करते हैं। मूसानगर कस्बे के मध्य स्थित देवयानी सरोवर में पितरों को पिंडदान की परंपरा काफी प्राचीन है। आश्विन कृष्ण पक्ष के 15 दिन का समय पितृपक्ष कहा जाता है। इस अवधि में पितरों को संतुष्ट करने के लिए लोग पिंडदान, तर्पण, श्रद्धा के साथ करते है। इस बार पितृपक्ष दो अक्टूबर तक रहेगा।

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल का कारावास

**कानपुर देहात।** करीब आठ साल पहले सिकंदरा क्षेत्र में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वर्ष 2016 में एक गांव की किशोरी से उसी गांव के रहने वाले युवक ने छेड़छाड़ की थी। परिजन ने गांव के गोविंद मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना कर आरोपी गोविंद मिश्रा के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। सुनवाई अपर जिला जज 13/पॉक्सो कोर्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने गोविंद मिश्रा को दोषसिद्ध करते हुए उसे तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### गुमशुदा चार नाबालिग लड़कियां बरामद

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंगदपुर से 14 सितंबर को माल का पुरवा के शनिदेव मंदिर में दर्शन करने के लिए गईं चार नाबालिग बालिकाएं गायब हो गई थी। गांव के आशीष कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने खुलासे के निर्देश दिए थे। घटना में संलिप्त अभियुक्त विपिन यादव निवासी कस्तूरीपुरवा थाना रूरा के पास से मंगलवार को कस्बा बहादुरगढ़ जिला झज्जर हरियाणा से चारो किशोरियों को सकुशल बरामद कर लिया गया।

### सवा दो लाख के गांजा के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कोतवाली पुलिस, सर्विलांस व स्पेशल टीम ने संयुक्त रूप से नौ किलो गांजा पकड़ा है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 .25 लाख रुपये है। गणेश प्रतिमा विसर्जन और बारावफात जुलूस के दौरान कृपालपुर में कार से तीन व्यक्तियों द्वारा गांजा बेचने की सूचना मिली थी। संयुक्त टीम ने गौरियापुर पुल से करीब 500 मीटर पहले काली स्कापियों को पकड़ा। तलाशी में नौ किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बांदा के कालुकुआं बंगाली टोला के रोहित द्विवेदी, अरविंद वर्मा निवासी बिजलीखेड़ा थाना कोतवाली बांदा और कमलेश कुमार निवासी धीरज नगर गल्ला मंडी बांदा थाना कोतवाली बांदा को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज की है।

# नहर बनी हथिका रोड पर नाव चला प्रदर्शन

- ग्रामीणों ने मुख्य अभियंता को सौंपा शिकायती पत्र
- 9 किलोमीटर तक सड़क पर नजर नहीं आता डामर

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** मैथा गांव से हथिका होकर गहलों तक जाने जाने वाली डामर रोड पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में बरसात के दिनों में पानी भर जाने पर सड़क तालाब जैसी हो जाती है। जिससे मंझाकर लोगों को आना जाना पड़ रहा है। मंगलवार को सड़क पर नाव डालकर प्रदर्शन भी किया।

मैथा से हथिका से लेकर गहलों तक तक करीब नौ किलोमीटर डामर रोड बुरी तरह से खराब हो गई है। बरसात के दिनों में पानी भरे गड्ढों से निकलना बेहद कष्टप्रद साबित होता है। पैदल आने जाने वाले लोगों को पानी से मंझाकर आना जाना पड़ता है। गांव के आशीष तिवारी, अशोक तिवारी लाला, प्रधान अखिलेश राठौर, ब्रजेश द्विवेदी, विमलेश कमल, सोनेशंकर कमल, सुरेश अवस्थी, मनीष तिवारी, विनोद कुमार, छुन्नन कमल, गौरव अवस्थी, राजेश गुप्ता, राजू मिश्रा, शानू कमल, सोनू कमल, सौरभ कुशवाहा आदि ने बताया कि करीब पांच साल में डामर रोड पूरी तरह खराब हो गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

अधिकारियों से शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूली बच्चों को भी इस परेशानी से दो चार होना पड़ता है। दोपहिया वाहन सवार खराब सड़क पर गिरकर कई बार घायल हो चुके है।


मैथा-हथिका रोड पर भरे पानी में नाव चलाकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।


मैथा-हथिका रोड बनी नहर, चोटिल होते लोग

चार सितंबर को अमृत विचार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुई थी।

# जैनपुर के हनुमान मंदिर में लगा मेला

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के श्री रामजानकी हनुमान मंदिर जैनपुर में आयोजित मेला का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व किदवई नगर विधायक व चेयरमैन को फूल-माला पहना व पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया।

जैनपुर के श्री रामजानकी हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल पर मेला लगता है। लोग श्रृद्धा के अनुसार झंडे, पूड़ी, हलवा व गुलगुला चढ़ाते हैं। 20 दिन चलने वाले मेले में झूले लगे हैं। मंदिर पहुंचे किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी, राजपुर चेयरमैन अंशू त्रिपाठी व जैनपुर मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 शिवपाल दास जी महाराज को पगड़ी व फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।


फीता काटकर मेले की शुरुआत करते विधायक महेश त्रिवेदी व चेयरमैन अंशू त्रिपाठी।

विधायक ने जैनपुर मेला के मुख्य द्वार पर फीता काटा और मंदिर में माथा टेका। विधायक ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि बुढ़वा मंगल पर मेले का भी आयोजन किया जाता है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एक अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मेले की सुरक्षा को देखते हुए 24 पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाई गई है। इस मौके पर मेला संरक्षक कुंवर महेंद्र पाल सिंह, सभासद दीपक कुमार, सभासद निर्मल कटियार, सतीश सिंह, मेला प्रमुख सतनाम सिंह, विवेक कुमार उर्फ लल्ला दुबे, कल्लू पोरवाल, हरीओम त्रिवेदी, प्रशांत मिश्रा, शोभित मिश्रा, रतन मिश्रा, जीतू नायक, मोहित बाजपेई आदि मौजूद रहे।

**आस्था की लहर** — बुढ़वा मंगल पर मूसानगर के बालाजी मंदिर में मची धूम, भक्तों में दिखा खासा उत्साह, ढोल-ताशों के साथ निकाली गईं शोभायात्राएं

# श्रीराम-जानकी की शोभायात्रा के साथ नौका विहार

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** बुढ़वा मंगल पर भगवान श्रीराम-जानकी की भव्य शोभायात्रा निकालकर नौका विहार कराया गया। यात्रा मुख्य बाजार से प्रारंभ होकर गांव की प्रमुख गलियों से घूमते हुए मुगल रोड से अखंड परमधाम पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के आश्रम स्थित तालाब में पहुंची। इस दौरान लोग अपने हाथों में बड़ी-बड़ी पताकाएं लिए हुए थे और जय श्री राम का उद्घोष लग रहे थे। भजन-कीर्तन व ढोल ताशा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

लोगों ने जगह-जगह भगवान श्रीराम-जानकी की जगह-जगह आरती की। इसके बाद भगवान श्रीराम व जानकी का विधिविधान के साथ पूजन कर नौका विहार कराया गया। आयोजक रामकुमार गुप्ता ने बताया कि उनके पूर्वजों से बुढ़वा मंगल के दिन जल विहार का कार्यक्रम अनवरत कराया जा रहा है। उनके परिवार के मंदिर में भगवान राम-जानकी, लक्ष्मण व हनुमान जी का नौका विहार होता है। कार्यक्रम में मिथुन गुप्ता, कृष्णा देवी गुप्ता, पूर्व प्रधान लक्ष्मीशंकर लखेरे, अमन, अश्वनी गुप्ता, प्रदीप, बबलू गुप्ता, अज्जू गुप्ता, गुल्ला चौरसिया आदि मौजूद रहे। पुलिस बल भी तैनात रहा।

### पवनसुत के जयकारों से गूंजते रहे मंदिर

**रूरा।** बुढ़वा मंगल का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। क्षेत्र के काशीपुर बाला जी मंदिर व धनीरामपुर के मंदिरों में बांस बल्लियों के सहारे अलग-अलग पूजन के लिए कतारें बनाई गई थी। सुबह से देर शाम तक वातावरण पवनसुत के जयकारों से गुंजायमान रहा। मंदिर में भगवान की मोहक झांकी सजाई गई। सुबह जल्दी मंदिर के मंहतों ने भगवान पवनसुत को सिंदूर से अभिषेक कर विधिविधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए और अखंड रामायण का पाठ चलता रहा। बालाजी हनुमान मंदिर में भी सुबह मंदिर के पुजारी ने भगवान की पूजा पाठ की। इसके बाद कपाट दर्शनों के लिए खोले। लोगों ने भगवान की पूजा कर जयकारे लगाए। यहां भी विशाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमे भक्तों ने जमकर खरीददारी की। कस्बा रूरा के रेलवे कालोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन करने पहुंचे। रूरा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों का जमघट लगा रहा।


हनुमान गढ़ी काशीपुर में सजा बालाजी का दरबार।


मूसानगर के बालाजी मंदिर में दर्शन को जुटे भक्त। अमृत विचार


कड़री हनुमान मंदिर की रामलीला में आरती उतारते भक्त। अमृत विचार

# बुढ़वा मंगल पर मंदिरों व घरों में हुआ पूजा-पाठ

**शिवली।** बुढ़वा मंगल पर मंदिरों व घरों में हनुमान जी का पूजन अर्चन किया गया। प्रसिद्ध शोभन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा आराधना का आयोजन किया गया। संत हरिशरण महाराज ने भक्तों को आशीष दिया। यहां बड़ी संख्या में लोग देव दर्शन के लिए पहुंचे। इसी तरह कड़री हनुमान मंदिर में रामलीला का आयोजन किया गया। अभिनेताओं का अभिनय देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। नहरीबरी हनुमान मंदिर में महंत विनोद मिश्रा व पवन तनय आश्रम रंजीतपुर में महंत गोपालानंद महाराज ने विशेष पूजा आराधना की। शिवली के मानशिला मंदिर में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मैथा में कल्लू सिंह ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। जागेश्वर मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर में भक्तों ने पूजन अर्चन किया।


जिला अस्पताल परिसर में भंडारे का प्रसाद वितरित करते रोहित तिवारी।

### बुढ़वा मंगल पर भंडारा और दंगल का आयोजन

**कानपुर देहात।** बुढ़वा मंगल पर मंगलवार को पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी जिला अस्पताल अकबरपुर परिसर में रोहित मेडिकल स्टोर के संचालक व युवा समाजसेवी रोहित तिवारी की ओर से विशाल मंडारे का आयोजन किया गया। बालाजी का विधिविधान से पूजन-अर्चन करने के बाद यज्ञाहुति दी गई। इसके बाद अस्पताल परिसर के चिकित्सकों, स्वास्थ्स कर्मियों व निर्माणाधीन भवन में श्रमिकों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मोहित तिवारी, प्रशात तिवारी, अमित बाजपेयी, सोनू, पंकज, हरिओम, छल्लू आदि मौजूद रहे। वहीं अकबरपुर क्षेत्र के कटरा ऐमा गांव में हरिओम द्विवेदी की तरफ से दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर युवा समाजसेवी विवेक द्विवेदी, श्यामजी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवविलास मिश्रा, गोपीनाथ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे।

## एक नजर

### मजदूरों को चोर समझ पीटा, पुलिस ने की कार्रवाई

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के फरीदीपुर गांव निवासी मनोज व साहिल और निजामखेड़ा निवासी विमलेश लखनऊ से मजदूरी कर घर वापस आ रहे थे। तभी मोहनी खेड़ा गांव के पास ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझकर पीटना शुरू कर दिया। जानकारी होने पर उनके परिजन जमात अली व मिर्जाबाज बचाने पहुंचे। लेकिन, उन्हें भी ग्रामीणों ने पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां उन्हें भर्ती कर इलाज किया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शराब पीकर वापस आते समय यह घटना पीड़ितों के साथ हुई है।

### खड़ी फसल जोतवाने व मारपीट करने का लगाया आरोप

**पुरवा।** शशांक मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर चाचा से विवाद चल रहा है। जिसका मुकदमा भी सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। उसने आरोप लगाया कि 10 सितंबर की सुबह चाचा अश्वनी मिश्रा ने बेटे प्रशांत के साथ मिलकर उसके खेत में खड़ी उरद की फसल को जोतवा दिया। पिता अशोक मौके पर पहुंचे और मना किया तो उन लोगों ने गालीगलौज के साथ मारपीट भी की। आसपास के लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### जिले के 14 खिलाड़ी अंडर-23 जोन ट्रायल के लिए चयनित

**उन्नाव।** जिले से 14 खिलाड़ी अंडर-23 जोन ट्रायल के चयनित किये गए है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र-2024 25 के लिए अंडर-23 जोन ट्रायल हेतु 14 खिलाड़ी चयनित हुए है। चयनित खिलाड़ियों में अंश पटेल, आयुष, प्रांजुल तिवारी, उज्जवल चौधरी, वीरेंद्र सिंह, अनमोल पांडेय, अभय सिंह, अमलेश कुमार, आकाश यादव, शिवांक गुप्ता, ऐश्वर्य सिंह, ऋषभ यादव, निखिल कनौजिया व गुरवीर सिंह शामिल हैं। सभी को 18 सितंबर सुबह साढ़े 7 बजे जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड नियर पारा चौकी लखनऊ पहुंचना है। संजय राठी, उपाध्यक्ष राजकुमार यज्ञसेनी, राजेंद्र त्रिपाठी, नवीन सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, विकास सिन्हा, मंसूर खान बधाई दी है।

### किशोरी हुई लापता

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सुरजापुर निवासी राम जानकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 15 सितंबर को वह किसी काम से बाहर गई थी। घर पर उसकी 17 वर्षीय बेटी नेहा थी। थोड़ी देर बाद जब वापस घर पहुंची तो बेटी घर पर नहीं थी। खोजबीन की गई लेकिन बेटी का कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

# जिंदगी से ऊबकर 5 ने चुनी मौत की राह

## अलग-अलग स्थानों पर फंदे से लटके मिले महिला और 4 युवकों के शव

उन्नाव। जिले की पुरवा कोतवाली, माखी, बेहटा मुजावर व दही थानाक्षेत्र के अलग-अलग गांवों में एक महिला व चार युवकों के शव फंदे से लटके मिले। शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। आत्महत्या के कारणों को जाना।



**केस 01** **पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सेमरीमऊ निवासी इंद्रकुमार की 24 वर्षीय पत्नी आरती सोमवार रात कमरे में सो रही थी। मंगलवार सुबह जब इंद्रकुमार कमरे में गया तो पत्नी का शव छत में लगे कुंडे में साड़ी के सहारे लटका देख दंग रह गया। इंद्रकुमार ने आरती के परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल राकेश गुप्ता ने जांच की। आरती के पिता श्याम लाल व मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और पति इंद्र कुमार व सास शिवदेवी पर दहेज में बाइक व नकदी की मांग पूरी न होने पर बेटी को मारकर लटका देने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी। पिता श्यामलाल ने बताया कि मार्च-2024 में बेटी की शादी की थी।

**केस 02** **पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मनिकापुर निवासी कृपा रावत का 28 वर्षीय बेटा अमित सोमवार रात घर से बिना बताए कहीं चला गया था। रात भर घर न आने पर परिजनों ने मंगलवार सुबह खोज शुरू की तो गांव निवासी रमेश की बाग में लगे पेड़ में रस्सी के सहारे उसका शव लटका देख उनके होश उड़ गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता ने बताया कि कुछ दिनों से अमित परेशान था। पूछने पर कुछ बताता नहीं था। अमित की मौत से मां केशाना, भाई अंकित, आशीष, अमन, अनिल व टिल्लू रो-रोकर बेहाल रहे। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

- मानसिक रूप से बीमार युवक ने लगाई फांसी, पत्नी के जाने से युवक ने दी जान

**केस 03** **बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के गांव बरिगंवा निवासी शुभांग अली (22) मोहरम अली सोमवार शाम घर से बिना बताए कहीं चला गया था। सुबह तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोज शुरू की तो गांव के बाहर लगे शीशम के पेड़ में उसका शव लटका मिला। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले आए और पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों के अनुसार युवक मानसिक रूप से बीमार था। जिसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। दो वर्ष पूर्व सुहाना से उसकी शादी हुई थी। मां समसून रो-रोकर बेहाल है।

- नवविवाहिता की मौत पर परिजनों ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

**केस 05** **गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के कन्हईखेड़ा गांव निवासी गजोधर (35) बंगलुरू में मजदूरी करते समय पांच माह पहले अचानक लापता हो गया था। परिजनों की तहरीर पर वहां की पुलिस ने एक माह पूर्व बंगलुरू में ही मानसिक बीमारी की हालत में तलाश कर परिजनों को सौंपा था। गांव लेकर लौटे परिजन उसका इलाज करा रहे थे। तभी 15 दिन पहले उसकी पत्नी रानी एक साल की बेटी अनन्या लेकर मायके चली गई थी। गजोधर इससे अधिक परेशान हो गया और सोमवार रात नौ बजे वह कमरे में गमछे का फंदा बनाकर लटक गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। एसओ फूल सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

**केस 04** **उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के गांव सुदेशा बहादुरपुर (भदेसा) निवासी आशीष उर्फ सर्वेश (30) पुत्र ओम प्रकाश तिवारी का शव मंगलवार को घर में फंदे से लटका मिला। परिजनों के मुताबिक वह मानसिक बीमार था। पिता ने बताया कि वह दवा लेने कानपुर गए थे। लौटने पर उन्हें बेटे के आत्महत्या करने की जानकारी हुई। घटना के समय बेटा घर पर अकेला था। माखी पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम ने भी जांच की। ग्रामीणों में चर्चा रही कि आशीष नशे का लती था।

## पेड़ गिरने से गुल हुई बीएसए कार्यालय की बिजली

**उन्नाव।** विद्युत तार पर पेड़ गिरने से पूरा दिन कई विभागों की सप्लाई बाधित रही। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग में बिजली गुल होने के साथ ही जेनरेटर भी खराब हो गया। इससे सुबह से शाम तक शिक्षा विभाग में अंधेरा छाया रहा। इस दौरान कई विभागीय काम भी पूरी तरह ठप रहे। कंप्यूटर पर काम नहीं हुआ।

मंगलवार को शहर के निराला पार्क के पास रोड किनारे लगा एक पेड़ टूटकर विद्युत तार पर ही गिर गया। इसके चलते सुबह से बेसिक शिक्षा विभाग की बिजली गुल हो गई। इसी बीच वहां लगा जनरेटर भी खराब हो गया। इससे कार्यालय में सुबह से शाम तक बिजली के लिए कर्मचारी तरसते रहे। कार्यालय आये शिक्षक व कर्मचारी अंधेरे व गर्मी में मोबाइल की टार्च में काम करते रहे। जनरेटर खराब होने से बीएसए कार्यालय में ज्यादातर कंप्यूटर बंद रहे। वित्त से लेकर शिक्षा संबंधित सभी विभागीय काम प्रभावित रहे। कंप्यूटर का बैकअप न होने से भी काम प्रभावित हुआ।

# सड़क हादसों में पूर्व फौजी और युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव




- लखनऊ-कानपुर हाईवे व हरदोई पुल पर हुए हादसे

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार पूर्व फौजी सहित दो लोगों की मौत हो गई। जिसकी खबर मिलते उनके परिजनों में कोहराम मच गया।

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीतांबर नगर निवासी सुरेंद्र बहादुर (47) भारतीय थल सेना में नौकरी करते थे। वह कुछ समय पूर्व रिटायर हुए थे। सोमवार को वह किसी काम से कानपुर गए थे। बेटे शिवम ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे वापस लौटते समय लखनऊ-कानपुर हाईवे पर एक होटल के सामने अचानक सामने आए मवेशी से उनकी बाइक टकरा गई। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। होटल के सुरक्षा गार्ड की सूचना पर पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कांशीराम कालोनी निवासी शानू (30) पुत्र नन्हक्के ई-रिक्शा चलाकर अपना भरण पोषण करता था। सोमवार को रिक्शा घर में खड़ा करने के बाद रात 11 बजे वह बाइक से बड़ा चौराहा जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसी दौरान हरदोई पुल पर उसकी बाइक सामने से आई दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें वह सड़क पर गिर गया और गंभीर चोट आ गई। वहीं दूसरे बाइक चालक का पता नहीं चला। सूचना पर पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। ईएमओ ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# राम खेलावन अध्यक्ष व संजीव बने महामंत्री

संवाददाता सफीपुर उन्नाव



विजयी बार अध्यक्ष व महामंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सफीपुर बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस बार चुनाव में अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सफीपुर के अधिवक्ता समुदाय के लिए यह चुनाव विशेष महत्व रखता था। क्योंकि इस बार दोनों प्रमुख पदों के लिए अनुभवी और युवा प्रत्याशियों के बीच प्रतिस्पर्धा थी।

बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन प्रत्याशी रामखेलावन कुरील, कृष्णकांत कनौजिया और क्षमापति सहाय मैदान में थे। मतदान के दौरान तीनों ने अपने-अपने समर्थकों के बीच प्रचार किया और समर्थन जुटाने की हर संभव कोशिश की। चुनाव परिणामों के अनुसार, रामखेलावन कुरील ने 48 मत पाकर अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कृष्णकांत कनौजिया को 26 मतों से हराया। जिन्हें कुल 22 मत मिले। वहीं, तीसरे प्रत्याशी क्षमापति सहाय को मात्र 6 मत ही मिले। रामखेलावन कुरील ने जीत के बाद समर्थकों का आभार व्यक्त किया। वहीं, महामंत्री पद के लिए दो प्रमुख उम्मीदवारों संजीव शुक्ला और बृज किशोर कुशवाहा ने चुनाव लड़ा था। इस मुकाबले में भी संजीव शुक्ला ने 48 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उन्होंने बृज किशोर को 20 मतों के अंतर से हराया। बार एसोसिएशन के इतिहास में यह चुनाव एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। क्योंकि इस बार के नतीजों ने न केवल नए नेतृत्व को चुना बल्कि अधिवक्ता समुदाय की उम्मीदों और अपेक्षाओं को भी व्यक्त किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष रामखेलावन कुरील को बधाई देने वाले अधिवक्ताओं में केके गौड़, नरेंद्र सिंह चौहान, प्रशांत त्रिपाठी, गुफरान अली, अरसद जमील, श्याम सुंदर यादव, विवेक सिंह, डीके कनौजिया, आरएस कुशवाहा, संजीव शुक्ला, सतगुरु प्रसाद मिश्र, देवेन्द्र राठौर, अशोक सेठ, रुपेश राव, ज्ञानेंद्र प्रताप व धर्मेंद्र मौर्य थे।

# बदलते मौसम में 3 डेंगू पॉजीटिव मरीज मिले

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- एंटीलार्वा छिड़काव के दिये गये दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** क्षेत्र में तीन डेंगू पॉजीटिव मरीज मिलने की सूचना पर नवाबगंज पहुंचे डीएमओ ने टीम को तत्काल रोगियों के घरों के आसपास साफ सफाई व्यवस्था, एंटीलर्वा छिड़काव, सैंपलिंग व संदिग्ध लक्षणों के रोगियों को दवा आदि वितरित करने के निर्देश दिये।

बदलते मौसम में बढ़ रहे बुखार, खांसी, सर्दी के मरीज में अभी तक लगभग मरीजों में वायरल फीवर की ही शिकायत मिल रही थी। लेकिन बारिश के बाद बुखार के रोगियों में डेंगू की भी पुष्टि हुई है। नवाबगंज कस्बे के अमरेथा रोड निवासी युवक व सुरेश नगर निवासी युवक बुखार से पीड़ित थे। जिनकी जांच में डेंगू पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। नवाबगंज निवासी दोनो युवकों को करीब 8 दिन पहले बुखार आया था। जिसके लिए निजी चिकित्सक को दिखाया था। आराम न मिलने पर जहां एक युवक के परिजनों ने उसे लखनऊ आलमबाग स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया और ईलाज चल रहा है। दूसरे युवक का जुनाबगंज स्थित एक निजी मेडिकल कालेज में ईलाज चल रहा है। वही विकासखंड के हीराखेड़ा गांव निवासी युवक भी डेंगू पॉजीटिव पाया गया है। क्षेत्र निवासी तीन युवकों में डेंगू की पुष्टि के बाद जिला मलेरिया अधिकारी रमेश यादव व जितेन्द्र कुमार जिला समन्वयक संचारी एवं वेक्टर जनित रोग नवाबगंज पहुंचे। उन्होंने टीम को रोगियों के घरों पर भेजकर निषेधात्मक कार्यवाही करायी। सीएचसी में फाइलेरिया कार्यक्रम के तहत बांटी जा रही एमएमडीपी किट वितरण की समीक्षा किया।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**उन्नाव।** बारासगवर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 17 मार्च-2017 को नादूलन खेड़ा गांव निवासी शैलेश व अमान खेड़ा निवासी शनि पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि वह माता-पिता के निधन के बाद से 16 वर्षों से अपने मामा भैरव प्रसाद निवासी कधियानी थाना बारासगवर के यहां रहती थी। 15 मार्च-2017 को वह छप्पर के नीचे सो रही थी। तभी भोरपहर चार बजे शैलेश ने उसे धमकी देते हुए उससे दुष्कर्म किया था। इस दौरान शनि छप्पर के बाहर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज उन्हें जेल भेजा था। तत्कालीन एसएचओ मुकेश बाबू ने तीन मई-2017 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। अंतिम सुनवाई मंगलवार को पूरी होने के बाद मुकदमे के संबंध में पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर एडीजे रवि प्रकाश साहू ने आरोपी शैलेश को दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई। वहीं आरोपी शनि को एडीजे ने एक वर्ष का परिवीक्षा में रहने का फैसला सुनाया।

### रायबरेली से बरामद हुई अपहृत किशोरी, दो आरोपी पकड़े गए

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव से अगवा की गई किशोरी को पुलिस टीम ने रायबरेली से बरामद कर लिया। अगवा करने वाले युवक व उसे शरण देने वाले साथी को भी पुलिस पकड़कर थाने लाई। जिन्हें कार्रवाई के बाद जेल भेजा जाएगा। अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव से दूसरे संप्रदाय के युवक एक हिंदू किशोरी को बालिग बता जबरन अपने साथ ले गए थे। पीड़िता के भाई ने 16 वर्षीय बहन को अगवा करने की 14 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दौरान मामले में पुलिस द्वारा बरती गई लापरवाही को लेकर हिंदू संगठनों में भी उबाल आया था। नवागत एसपी के तेवर देख सीओ ने तत्काल तीन टीमें गठित कर किशोरी को बरामद कर अगवा करने वालों को गिरफ्तार करने निर्देश दिए थे। सर्विलांस के साथ पुलिस टीमों ने आरोपी जिब्रान के नाते रिश्तेदारों के यहां दबिश दी। इसके बाद पुलिस को उसके रायबरेली में होने का सुराग लगा। दरोगा विनय यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने रायबरेली के खीरो थानाक्षेत्र के भोजपुर गांव निवासी मुशीर पुत्र मजीद खान के घर से अगवा किशोरी को सकुशल बरामद किया। पुलिस जिब्रान व उसका साथ देने वाले मुशीर को हिरासत में लेकर थाने लाई। जहां पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया। सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि किशोरी को बरामद किया गया है। जिब्रान व उसका एक साथी पकड़ा गया है। इस मामले में जिब्रान का साथ देने में कई और लोग शामिल थे। जांच कर उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस महकमे के अलावा आमजन में भी चर्चा रही कि बरामद किशोरी अपने घर जाने को तैयार नहीं है।

### कब्रिस्तान की जमीन पर शव दफनाने से रोका, आक्रोश

**बांगरमऊ।** नगर निवासी एक वृद्धा का शव रोडवेज बस स्टैंड के पीछे स्थित कब्रिस्तान में दफन करने के दौरान अचानक पूर्व चेयरमैन का पुत्र मौके पर जा पहुंच गया और उसने जमीन अपनी बता शव दफनाने से रोक दिया। सूचना पर पहुंचे सीओ ने राजस्व कर्मियों से अभिलेखों की जानकारी लेने के बाद शव दफनाने का आदेश दिया। नगर के मोहल्ला मस्तू टोला निवासी मुमताजन (80) की मंगलवार को मौत हो गई थी। परिजन शव दफनाने के लिए जनाजा लेकर नगर के पश्चिम गांव अहिरन पुरवा मार्ग पर रोडवेज बस स्टैंड के पीछे स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। तभी पूर्व चेयरमैन स्व. इश्तियाक खां उर्फ जुम्मन के पुत्र कुलूब अपने साथियों के साथ वहां जा पहुंचा और कब्रिस्तान को अपनी जमीन बता शव दफनाने से रोक दिया। जिससे जनाजे में शामिल लोग भड़क उठे और दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। सूचना पर सीओ अरविंद कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जमीन में मौजूद अन्य कब्रों की पड़ताल की। इसके बाद राजस्व कर्मियों से इसकी तहकीकात कराई। इसके बाद सीओ ने शव वहीं पर दफनाने का आदेश दिया और पूर्व चेयरमैन के पुत्र को जमीन के मालिकाना हक का फैसला तहसील कार्यालय से करवाने का निर्देश दिया।

# चोरों ने सूने घर को बनाया निशाना

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र में सोमवार रात चोरों ने धमाचौकड़ी मचाते हुए जहां एक बंद पड़े घर को निशाना बनाया। अचलगंज थानाक्षेत्र में चोर घर के बाहर बंधी बकरियां ले गये।

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के फिरोजपुर कलां गांव निवासी सुरेश पुत्र कालिका परिवार सहित चंडीगढ़ में मजदूरी करता है। मंगलवार को उसने फोन पर पुलिस को बताया कि पड़ोसियों ने उसे सूचना दी है कि उसके घर के मुख्य द्वार सहित कमरों के ताले टूटे हैं और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। उसने बताया कि अलमारी में जेवर सहित कीमती सामान रखा था। उसके पहुंचने पर ही चोरी गए समान की सही जानकारी हो सकेगी।

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र के धन्नीपुर गांव निवासी बिंदादेई अपने पांच बच्चों की जीविका के लिए बकरियां पालने के साथ मजदूरी करती है। सोमवार रात चोर उसके घर के बाहर बंधी नौ बकरियां खोलकर वाहन में डालकर भाग निकले। पीड़िता के मुताबिक चोरी हुए पशुओं की कीमत एक लाख से अधिक है। पीड़िता ने बताया कि उसने बदरका चौकी में तहरीर दी है।

# श्याम बाबा के भजन सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



श्याम बाबा का सजा दरबार।



भजनों पर आनंदित होते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला टेढ़ी बाजार में रस्तोगी परिवार द्वारा बीती सोमवार रात श्रीश्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कानपुर से आई जागरण पार्टी के कलाकार राजू कुलकर्णी, किरन गुप्ता, सुनील स्नेही, विनय सिंह व राजू मालवीय ने खाटू श्याम जी की कई झांकियां प्रस्तुत कर भक्तों का मन मोह लिया। सभी कलाकारों ने बारी-बारी से वाद्ययंत्रों के सुर संगम से भजनों को प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। भजनों पर श्रोता पूरी रात नृत्य करने को मजबूर रहे। अंत में कलाकारों ने बर्बरीक की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। मंगलवार सुबह आयोजक शुभम रस्तोगी, प्रिया रस्तोगी, सतीश चन्द्र रस्तोगी व रागिनी रस्तोगी ने सामूहिक आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

**अभियान** प्रभारी मंत्री ने कहा- शिक्षा, सुरक्षा, सफाई, स्वास्थ्य ,अविरल नदियां और निर्मल नदियों पर ध्यान दें अधिकारी

# मठाधीश और माफिया को एक देखना गलत फहमी : धर्मपाल सिंह

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



सफाई अभियान के तहत झाड़ू लगाते मंत्री, सांसद व विधायकगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में मंगलवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग व जिला प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने जिले के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। इसमें अधिकारियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई, अविरल नदियां निर्मल नदियां पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

मंगलवार को जिला प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह उन्नाव पहुंचे थे। जहां जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक व भौगोलिक स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही उन्होंने शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य, सप्लाई, सड़क, जल जीवन मिशन, खाद्यान्न वितरण, पेंशन, राजस्व कार्य, सुरक्षा, पशुपालन, डेयरी आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा '17 सितम्बर से 2 अक्टूबर' के दौरान सभी विकासखंडों, तहसीलों, स्वास्थ्य केंद्रों, थानों, ग्राम पंचायतों, प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में साफ-सफ़ाई व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के कार्यक्रम संचालित करना है। इसके साथ ही आम आदमी को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जाना आवश्यक है। सभी ब्लॉकों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम से पशु मेला आयोजित हो।

उन्होंने कहा कि डीएम खुद विद्यालयों को गोद लेकर उन्हें आदर्श बनाने का कार्य करें। उन्होंने राजस्व कार्यों को लेकर डीएम गौरांग राठी से कहा कि वरासत, पैमाइश, नामांतरण, भूमि उपयोगिता, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि कार्य जनपद में समय पर गुणवत्ता के साथ पूरे कराए जाएं। एसपी सुरक्षा से जुड़े मामलों पर ध्यान दें।

इस मौके पर सांसद डॉ. साक्षी महाराज, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, विधायक पंकज गुप्ता, अनिल सिंह, बृजेश रावत, बम्बालाल दिवाकर, श्रीकान्त कटियार, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा आदि मौजूद रहे।

### लाभार्थियों को सौंपी प्रतीकात्मक चाबी

निराला प्रेक्षागृह में कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीण व शहरी आवास योजना का लाभ उठाने वाले 10-10 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। जबकि जिले भर में शहरी आवास के दो हजार और ग्रामीण आवास के 14558 लाभार्थियों को आवास को चाबी सौंपी गई। जिसके बाद लाभार्थियों को ग्रह प्रवेश कराया गया।

### स्वच्छता अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

शहर के आवास विकास स्थित पटेल पार्क पर सबसे पहले कैबिनेट मंत्री ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यहां पर योजना का लाभ लेने वाले पांच लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। परियोजना प्रभारी नेपाल सिंह यूपीनेडा द्वारा योजना को लेकर दिए जाने वाले अनुदान व अन्य जानकारी दी गई। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 5 लाभार्थियों को टूल किट दी गई। इसके अलावा मंत्री ने पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा भानू व अन्य के साथ स्वच्छता अभियान के तहत पार्क के आस-पास झाड़ू लगाकर स्वच्छता की सभी को शपथ दिलाई। निराला प्रेक्षागृजह मे निराला प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर प्रदर्शनी लगाकर जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### अखिलेश यादव की मति मारी गई है : प्रभारी मंत्री

कैबिनेट व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने विकास भवन सभागर में आयोजित प्रेसवार्ता में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी मति मारी गई है। मठाधीश और माफिया को एक देखना गलतफहमी है। मठाधीश और माफिया के बीच तुलना करना दृष्टि का एक बड़ा भ्रम है। मठाधीश तपस्वी, त्यागी, योगी और वैरागी होता है। जबकि माफिया अपराधी होता है। अपराधियों को शरण देने वाला या रेपिस्ट भी माफिया हो सकता है। अखिलेश के बयान में अपराधियों को संप्रदाय के दृष्टिकोण से देखने की प्रवृत्ति झलकती है जो समाज में समरसता को बिगाड़ता है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अखिलेश यादव अपराधियों में भी जाति देखते हैं, जबकि अपराधी की कोई जाति नहीं होती। उन्होंने कहा कि अपराधी केवल अपराधी होता है, उसकी कोई जाति नहीं होती।

### गांव से ब्लाक तक चला वृहद सफाई अभियान

**बांगरमऊ।** ब्लाक कार्यालय परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक कर्मियों ने श्रमदान के जरिए सफाई अभियान चलाया। इसमें दीपकांत चोला सहायक विकास अधिकारी पंचायत, शंभू दयाल सहायक विकास अधिकारी कृषि सहित आनंद सुमन, आशीष कुमार, रोहित कुमार, सुभाष गौतम, रवीना, बृजेश कुमार आदि ग्राम पंचायत अधिकारी व जितेंद्र कुमार खंड प्रेरक व नितिन कुमार, रंजीत कुमार, प्रवेश कुमार सफाई कर्मी शामिल रहे। वहीं, मदार नगर, नवाबाद ग्रांट, शेरपुर कला, बांगरमऊ ग्रामीण व गौरिया कला आदि गावों में भी प्रधानों के नेतृत्व में ग्रामीणों व सफाई कर्मियों द्वारा गांव की गलियों, खड़ंजों, सीसी मार्गों तथा नाले-नालियों में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।



प्रधानमंत्री आवास के गृह प्रवेश हेतु फीता काटते चेयरमैन रामजी गुप्ता।

# पीएम आवास के लाभार्थियों का कराया गया गृह प्रवेश

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका सभागार में उपमहानिदेशक आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मंगलवार को उड़ीसा प्रांत के नगर भुवनेश्वर में प्रधानमंत्री मोदी के वृहद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के नये दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। नगर पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया। इसके पूर्व आवास लाभार्थियों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया गया और उन्हें योजना के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ लिपिक रवीन्द्र कुमार, अभिषेक यादव, अनुज यादव डूडा इंजीनियर, वीरपाल, अनिल कुशवाहा, हरिओम तिवारी वार्ड सदस्य, सुधीर मिश्रा, मनीष तिवारी, प्रदीप गुप्ता, अनूप कुमार व पालिका कर्मचारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सीढ़ियों से फिसलकर नीचे गिरी किशोरी, मौत

**औरास उन्नाव।** औरास थानाक्षेत्र के पनापुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह की 15 वर्षीय बेटी दीक्षा रविवार को घर की दूसरी मंजिल से भोजन कर सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे फर्श पर गिर गई। यह देख परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने शव का मूल गांव फरीदीपुर में अंतिम संस्कार कर दिया।

### सरस्वती मेडिकल कॉलेज में हुआ सफल ऑपरेशन

**सोहरामऊ।** जिले के सरस्वती मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को घुटना प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑर्थोपेडिक्स विभाग के अध्यक्ष ने बताया कि यह ऑपरेशन डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया। जिसमें डॉ. विशाल अरोड़ा (प्रोफेसर), डॉ. विवेक (प्रोफेसर), डॉ. बीपी सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर), डॉ. राहुल राजा (असिस्टेंट प्रोफेसर) और डॉ. रवि जैन (असिस्टेंट प्रोफेसर) शामिल थे। बताया कि डॉक्टरों ने मरीज रामपति पत्नी परशुराम निवासी नानामऊ लखनऊ का ऑपरेशन किया है। ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया। बताया कि सरस्वती मेडिकल कॉलेज आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी प्रकार के इलाज और ऑपरेशन करता है।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ गजानन को दी विदाई

## गणेश विसर्जन में श्रद्धालुओं की रही भीड़, अबीर -गुलाल उड़ाते हुए किया विदा



गगनी खेड़ा झील में गजानन की प्रतिमा विसर्जित करते भक्त। अमृत विचार



विसर्जन के दौरान झील पर उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** 7 सितंबर को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश पंडालों, मंदिरों और घरों में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। जिसके बाद से महोत्सव की शुरुआत हुई । गणेश महोत्सव मंगलवार को गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही समाप्त हो गया। जहां अबीर गुलाल व गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगा रहे थे।

### गजानन के साथ खूब ली सेल्फी

■ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को विसर्जन के लिए जा रही प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालुओं ने सेल्फी लेते हुए दिखाई पड़े। वहीं युवतियां भी पीछे नहीं रहीं। जिसके बाद सभी ने अपनी-अपनी सेल्फी सोशल साइटों पर अपलोड की।

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के बाद से ही गणेश महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया था। शोभा यात्रा में शामिल भक्त अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर नाचते गाते गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगा रहे थे। मंगलवार सुबह गगनीखेड़ा फत्तेखेड़ा स्थित झील पर श्रद्धालुओं ने गणेश का विसर्जन करना शुरू कर दिया। वहीं चंपापुरवा स्थित शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जहां आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। इसके अलावा साकेतपुरी में गजानन की विदाई के दौरान पुष्प वर्षा कर विदाई दी।

जिसके बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके अलावा नगर के पोनीरोड, गोपीनाथ पुरम, अंबिकापुरम, नेहरूनगर, मिश्रा कालोनी, आजाद नगर, कंचन नगर, श्री नगर, बिंदा नगर गांधी नगर, ऋषि नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों से भक्त विसर्जन करने फत्तेखेड़ा झील पहुंचे।

# ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते गणपति को किया विदा

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणपति महोत्सव के समापन पर 10वें दिन श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना क़र विधिविधान से गजानन को विदा किया। वहीं मंगलवार को विसर्जन के साथ ही अनंत चतुर्दशी भी घरों में धूमधाम से मनाई गई।

भक्तों ने घरों में विघ्नहर्ता के साथ ही भगवान विष्णु की पूजा कर अनंत सूत्र पीला धागा बांधा। वहीं गणपति महोत्सव के अंतिम दिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा अर्चना व आरती के लिये पंडालों में जनसैलाब उमड़ता रहा। सभी स्थानों से प्रतिमा विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। वहीं गंगा नदी के साथ ही चिन्हित विसर्जन स्थलों पर ले जाकर विधिवत पूजन पर गणपति जी का विसर्जन किया। वहीं शहर के आवास विकास, गांधी नगर, पीडी नगर सहित अन्य स्थानों में चल रहे गणेश महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ।



गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेते एसडीएम रामदेव निषाद व अन्य। अमृत विचार

**हसनगंज संवाददाता के अनुसार,** कस्बा मोहान के सलखेमऊ मोहल्ले व तिलक नगर मोहल्ले से विशाल गणपति विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। नाचते गाते व रंग अबीर उड़ाते हुए गणपति बप्पा के भक्त दिखे। वहीं पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन सम्पन्न कराया। इस दौरान विपिन कनौजिया, गोलू, प्रमोद, बाबू, ऋषि, तनुज, सरजू, आयुष, मेवालाल, रवि आदि भक्तों के साथ एसडीएम रामदेव निषाद, सीओ संतोष सिंह, कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने भी गणपति विसर्जन में हिस्सा लिया। यात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए जलेश्वर नाथ मंदिर के पास सई नदी तट पर बनाए गए विसर्जन स्थल पहुंचीं।

# खतरे के निशान से 65 सेमी दूर गंगा, चहुंओर पानी ही पानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है। जिससे तटवर्ती इलाके, ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शुक्लागंज के कई मोहल्लों में बाढ़ का पानी घुस गया है। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ रही है। मंगलवार को भी तेजी से जलस्तर बढ़ा और खतरे के निशान से 65 सेमी दूर दर्ज किया गया है। वहीं अब जलस्तर पोनी रोड के कई तटवर्ती इलाकों की ओर पहुंचने लगा है।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में झमाझम बारिश हो रही है। जिस कारण पश्चिम के बांधों से लगातार कई हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि सोमवार शाम पांच बजे चेतावनी बिंदु के ऊपर 112.130 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद मंगलवार को जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई और मंगलवार शाम पांच बजे 112.350 मीटर दर्ज किया गया। चौबीस घंटे के भीतर 22 सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज हुई। जो खतरे के निशान 113 मीटर से 65 सेंटीमीटर दूर है। वहीं कर्बला, हुसैन नगर, शाही नगर, सैयद कंपाउंड, चंपा पुरवा, तेजी पुरवा, मनसुख खेड़ा, गगनी खेड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। इसके अलावा शुक्लागंज के रविदास नगर, इंद्रा नगर, शक्ति नगर, मनोहर नगर में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। जिससे यहां के लोगों ने छतों पर अपना डेरा डालने को मजबूर हैं। वहीं जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावितों में अभी तक कोई राहत नहीं पहुंचाई गई है। सतर्कता को लेकर बिजली विभाग ने तीन सौ घरों की बिजली काटी है।



चंपापुरवा के निचले इलाकों में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

- हर घंटे 1 सेंटीमीटर जलस्तर में दर्ज हुई बढ़ोतरी
- पोनी रोड के निचले इलाकों में भी बाढ़ ने दी दस्तक



बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**24** घंटे में 22 सेंटीमीटर बढ़ा गंगा का जलस्तर

**113** मीटर पर है खतरे का निशान

### हर घंटे एक सेंमी इस तरह बढ़ा जलस्तर

| समय | जलस्तर |
|---|---|
| 8 बजे | 112.250 मीटर |
| 10 बजे | 112.270 मीटर |
| 11 बजे | 112.280 मीटर |
| 12 बजे | 112.290 मीटर |
| 1 बजे | 112.300 मीटर |
| 2 बजे | 112.320 मीटर |
| 3 बजे | 112.330 मीटर |
| 4 बजे | 112.340 मीटर |
| 5 बजे | 112.350 मीटर |

### कटरी क्षेत्र में मंडराया बाढ़ का खतरा

**फतेहपुर चौरासी।** नायब तहसीलदार दीपक गौतम ने क्षेत्र में लगातार गंगा के बढ़ रहे जलस्तर का जायजा लिया। जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी होने से गंगा कटरी क्षेत्र के एक दर्जन गावों के किनारे पानी भर गया है। जिससे ग्रामीण बाढ़ को लेकर चिंतित हैं। वहीं चिरंजूपुरवा शहरिया सलेमपुर मार्ग पर पानी भरने से ग्रामीणों को आवागमन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गंगा का पानी बढ़ने से हिन्दूपुर, दबौली बाजार, खैरी, खलकखेड़ा, भदेहरा, गड़ाई, परशुरामपुर, चिरंजीपुरवा आदि गावों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। चिरंजीपुरवा से शहरिया सलेमपुर के लिए गए डामर रोड पर गांव की पुलिया के पास पानी ऊपर से बहने लगा है।

# अवैध पटाखे बनाने वाला युवक गिरफ्तार

**उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के तेवरिया गांव में पुलिस ने एक युवक को अवैध पटाखे बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान अबरार के रूप में की गई है। पुलिस ने अबरार के पास से कई अधबने और तैयार पटाखे, साथ ही भारी मात्रा में पटाखे बनाने का सामान भी बरामद किया है।

बिहार थाना के तेवरिया में पुलिस के साथ सीएफओ अनूप सिंह ने छापेमारी की। मुखबिर की सूचना पर अबरार के घर पर दबिश दी गयी। छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रकार के पटाखे, पटाखे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री और उपकरण मिले। इन उपकरणों में विस्फोटक सामग्री, बम के लिए उपयोगी सामग्री, और अन्य खतरनाक सामान शामिल थे। पुलिस ने अबरार को हिरासत में लेकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अबरार से हिरासत में पूछताछ करने के साथ ही जांच करने की बात कह रही है।

# बुढ़वा मंगल पर जगह-जगह हुआ भंडारा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुढ़वा मंगल पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिर में भव्य श्रृंगार कराया गया। जिसके बाद कन्यापूजन कर भंडारे का आयोजन हुआ। वहीं कई मंदिर में सुंदरकांड और अखंड रामायण का पाठ भी कराया गया। समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

बुढ़वा मंगल पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में बाबा का भव्य श्रृंगार कराया गया इसके साथ ही मंदिरों में सुंदरकांड का आयोजन हुआ। जहां बुढ़वा मंगल को लेकर सुबह से नगर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। ऋषि आश्रम के सामने हनुमान जी महाआरती के अलावा सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। पोनी रोड तिराहे स्थित हनुमान मंदिर में श्रृंगार कराया गया। वहीं हनुमान मंदिरों में अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद राजतिलक का आयोजन हुआ। जिसमें मण्डलीय ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किये। वहीं पिपरी गांव में प्राचीन हनुमान मंदिर में रामायण कराई गई। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही भव्य श्रृंगार कराया गया। जहां देर रात तक सुंदरकांड का पाठ का आयोजन हुआ। वहीं आनंद नगर स्थित राजवती ज्वैलर्स की ओर से आशीष बाजपेई ने बाबा की पूजा अर्चना की। जिसके बाद बूंदी का प्रसाद बांटा। वहीं नारदानंद ऋषि आश्रम में बाबा का भव्य श्रृंगार कराने के साथ ही उन्हें चोला चढ़ाया गया। जिसके बाद महाआरती कर प्रसाद बांटा गया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में भी बाबा का श्रृंगार किया गया।



बुढ़वा मंगल पर बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार।



बुढ़वा मंगल पर बूंदी का प्रसाद बांटते समाजसेवी। अमृत विचार



आजाद नगर धोबी पुलिया के पास भंडारे में प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

# कान्हा गौशाला में पालिकाध्यक्ष ने किया पौधरोपण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर मंगलवार को एक पौधा मां के नाम के तहत विशेष पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत गंगाघाट पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे, प्रतिनिधि संदीप पांडे, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला और अन्य पालिका कर्मी गौशाला पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान, सभी ने मिलकर कान्हा गौशाला में पांच पौधे लगाए।

यह पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने और पेड़-पौधों की बढ़ती कमी को पूरा करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। अध्यक्ष ने इस पहल की सराहना की और पौधों को संरक्षित रखने के लिए संकल्प लिया। इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि हरित क्षेत्र का विकास हो सके और पर्यावरण को बचाया जा सके।



कान्हा गौशाला में पौधरोपण करतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे।



पौधरोपण करते ब्लाक प्रमुख।

### चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क में हुआ पौधरोपण

**बिछिया उन्नाव।** वन विभाग के द्वारा ब्लाक परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। ब्लाक परिसर स्थित चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क में मंगलवार को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृहद पौधरोपण किया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता ने एक पेड़ लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की फिर खंड विकास अधिकारी फहद ख़ान ने भी पौधरोपण किया। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी एक-एक पेड़ लगाया गया।

त्योहार

पीडब्ल्यूडी, जलनिगम, नलकूप व बिजली विभाग सहित अन्य कार्यालयों और लोहे के कारोबार से जुड़े लोगों ने की विश्वकर्मा जी की पूजा

# धूमधाम से मनाई गई आदि शिल्पी विश्वकर्मा जी की जयंती

कार्यालय संवाददाता उन्नव

**अमृत विचार।** जिले में आदि शिल्पी विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंगलवार को यांत्रिक कार्य से जुड़े लोगों ने विश्वकर्मा की पूजा कर कारोबार में तरक्की की कामना की।

जिला मुख्यालय में पीडब्ल्यूडी, जलनिगम, नलकूप व बिजली विभाग सहित अन्य कार्यालयों और लोहे के कारोबार से जुड़े शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के लोगों ने आदि शिल्पी की आराधना की। वहीं नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग व बिजली विभाग के पावर हाउस में सृष्टि के पहले वास्तुकार व शिल्पकार विश्वकर्मा की विधिविधान से पूजा की गई। वहीं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सभी ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों व संस्थान के कर्मचारियों ने विश्वकर्मा की पूजा कर उनकी जयंती मनाई। इस मौके पर एनसीसी के लेफ्टिनेंट रवि रंजन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पूजन करते एनसीसी के लेफ्टिनेंट।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, श्री विश्वकर्मा जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को आदि शिल्पी की जयंती नगर के माढ़ापुर मार्ग पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में हवन व पूजन-अर्चन के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। नगर के माढ़ापुर रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विधिविधान से पूजा-अर्चना कर विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। पूजन-अर्चन के पूर्व वेद मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां समर्पित की गईं। इसके बाद ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अंत में ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, चन्द्र प्रकाश विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, शिवम विश्वकर्मा, सुरेश चन्द्र शर्मा, राम भजन विश्वकर्मा व रामस्वरूप विश्वकर्मा द्वारा भक्तों को प्रसाद बांटा गया। इसके अलावा नगर के नौनिहाल गंज बाजार, लखनऊ रोड, संडीला रोड, उन्नाव रोड, नानामऊ रोड स्थित फर्नीचर दुकानों व प्रतिष्ठानों में भी विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई।

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई । नगर के प्रसिद्ध मां शंकरी देवी मंदिर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाए और अपनी अरदास लगाई। इस मौके पर शंभू विश्वकर्मा, रामसागर विश्वकर्मा, विद्या शंकर, दीपू, सुखदेव शर्मा, सुनील शर्मा, अनुराग, शिवबक्श सिंह, बलराम, राजेश शर्मा, मंगल शर्मा व देवकी नंदन आदि रहे।

### विश्वकर्मा जयंती पर हुआ पौधरोपण

**औरास।** औरास क्षेत्र अंतर्गत मवई धमियाना गांव स्थित आंबेडकर पार्क में ग्राम प्रधान व उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सुभाष चंद्र कि अगुवाई में ढाई दर्जन पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही लोगों में पौधों का वितरण भी किया गया। पौधरोपण के दौरान क्षेत्रीय उप वन अधिकारी के अलावा दरोगा प्रतापराम, दरोगा संजीव सिंह, वनरक्षक शिवम कुमार के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे।



विश्वकर्मा मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रही विश्वकर्मा जयंती की धूम

**शुक्लागंज उन्नाव।** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। सीताराम कॉलोनी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में पूजन हवन हुआ, ब्रम्ह नगर स्थिति विश्वकर्मा मंदिर में पूजन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा राजधानी मार्ग स्थित लोधेश्वर फर्नीचर में विधि विधान से विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद सुंदरकांड का आयोजन हुआ। समापन के बाद फोरलेन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर पप्पू शर्मा, अनिल शर्मा, शिवा शर्मा के अलावा सीताराम कॉलोनी मंदिर में हनुमान प्रसाद शर्मा, मूलचंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, विजय शंकर, राजेश शर्मा, पंकज शर्मा, गंगा प्रसाद, प्रमोद, संतोष शर्मा, सुरेश शर्मा, सोनेलाल, विश्वनाथ, प्रमोद, गोविंद आदि लोग मौजूद रहे। वहीं गंगाघाट रेलवे स्टेशन, सरैयां आरओबी कार्य स्थल भी विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई, जहां पर तमाम लोग मौजूद रहे।

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्ष्णं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत्॥

मन, वचन और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत: हमें सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

## संपादकीय

# धीमी रफ्तार

महिलाएं और लड़कियां दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन लैंगिक असमानता हर जगह बनी हुई है जो सामाजिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करती है। लैंगिक समानता एक मौलिक मानव अधिकार है और इसे बढ़ावा देना स्वस्थ समाज के लिए ज़रूरी है। यानी शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ दुनिया के लिए आवश्यक आधार है। सोमवार को जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट दर्शाती है कि विश्व भर में, लैंगिक समानता और महिलाओं व लड़कियों की मज़बूती में प्रगति दर्ज की गई है, मगर इसकी रफ्तार बेहद धीमी है। जबकि लैंगिक समानता एक सर्वव्यापी उद्देश्य है और इसे राष्ट्रीय नीतियों, बजटों और संस्थानों का मुख्य केंद्र होना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों पर जारी डेटा के अनुसार लैंगिक समानता हासिल करने के लिए निर्धारित पांचवें टिकाऊ विकास लक्ष्य के सभी संकेतक फ़िलहाल पहुंच से दूर हैं। चिंता की बात है कि वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2024 के मुताबिक भारत 146 देशों में से 129 वें स्थान पर है। यह भारत को नीचे से 18वें स्थान पर रखता है। कुल मिलाकर भारत की रैंकिंग पिछले कई वर्षों से निचले 20 में बनी हुई है। राजनीतिक सशक्तीकरण आर्थिक भागीदारी एवं अवसरों के मामले में लैंगिक अंतराल सबसे ज्यादा बना हुआ है। असमानता दूर करने के लिए महिलाओं को रोज़गार के अवसरों और पूंजी तक समान पहुंच मिलनी चाहिए। भारत में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार संपत्ति में महिलाओं का समान अधिकार है परंतु पारिवारिक संपत्ति पर महिलाओं का अधिकार प्रचलन में नहीं है। इसलिए उनके साथ विभेदकारी व्यवहार किया जाता है। महिलाओं को सामाजिक और पारिवारिक रुढ़ियों के कारण विकास के कम अवसर मिलते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का पूर्ण विकास नहीं हो पाता। लैंगिक असमानता के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र के साथ वैज्ञानिक क्षेत्र, मनोरंजन क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र और खेल क्षेत्र प्रमुख हैं।

भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक मानसिकता जटिल रूप में व्याप्त है। हालांकि समाज की मानसिकता में धीरे-धीरे परिवर्तन आ रहा है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर गंभीरता से विमर्श किया जा रहा है। लैंगिक समानता के मामले में देश में कुछ प्रगति हुई है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना और महिला शक्ति केंद्र जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी भी ज्यादा काम करने की जरूरत है। लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए संगठनात्मक नीतियों में लैंगिक मुद्दों को शामिल किया जाना चाहिए।

# बाढ़ खलनायक नहीं होती


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

असम का बड़ा हिस्सा हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपजाऊ दोआब, ये सभी बाढ़ से बहकर आई मिट्टी से ही बने हैं। जब किसी नदी में तेज बहाव आता है तो साथ में आई मिट्टी में भारी मात्रा में गाद और पोषक तत्व होते हैं।

जलवायु परिवर्तन एक ऐसा कारक है, जो अचानक ही बेमौसम बहुत तेज बरसात की जड़ है और इससे सबसे ज्यादा नुकसान होता है। मौजूदा हालात में बाढ़ महज एक प्राकृतिक प्रकोप नहीं, वरदान साबित हो सकती है। पानी को स्थानीय स्तर पर रोकना, नदियों को उथला होने से बचाना, बड़े बांध पर पाबंदी, नदियों के करीबी पहाड़ों पर खुदाई पर रोक और नदियों के प्राकृतिक मार्ग से छेड़छाड़ को रोकना कुछ ऐसे सामान्य प्रयोग हैं, जोकि बाढ़ को प्रकोप बनने से बचा सकते हैं। बाढ़ को एक आपदा के रूप में देखने के बनिस्पत इसके दीर्घकालिक लाभों को विचार करना होगा। बाढ़ न केवल नदियों और उनके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करती है, बल्कि यह प्राकृतिक संसाधनों के वितरण में संतुलन बनाए रखने में भी मदद करती है।

साल के दस महीने लाख मिन्नतों के बाद जब आसमान से जीवनदायी बरसात का आशीष मिलता है तो भारत का बड़ा हिस्सा इससे उपजी त्रासदी "बाढ़" को कोसता दिखता है। समझना होगा कि बाढ़ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि प्रकृति के पुनरुत्थान की प्रक्रिया है। दूसरा जहां बाढ़ हानि पहुंचा रही है, वहां अधिकांश स्थानों पर इसके मूल में मानवीय त्रुटियां ही हैं। नैसर्गिक बाढ़ विनाशकारी नहीं होती और उसके कुछ सकारात्मक पहलू भी होते हैं।

बाढ़ महज एक प्राकृतिक आपदा ही नहीं है, बल्कि यह देश के गंभीर पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक संकट का कारक बन गया है। हमारे पास बाढ़ से निपटने को महज राहत कार्य या यदा-कदा कुछ बांध या जलाशय निर्माण का विकल्प है, जबकि बाढ़ के विकराल होने के पीछे नदियों का उथला होना, जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, रेत की खुदाई व शहरी प्लास्टिक व खुदाई मलवे का नदी में बढ़ना, जमीन का कटाव जैसे कई कारण दिनों-दिन गंभीर होते जा रहे हैं। आंकड़ों को पलटें तो यह सच है कि देश में हर साल बाढ़ का दायरा और उससे होने वाली हानि का दायरा बढ़ता जा रहा है, लेकिन यह भी सच है कि उसकी अनुपात में बरसात बीतते ही देश के बड़े हिस्से में पानी की कमी का भी विस्तार है।

राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के मुताबिक भारत में तीन करोड़ 42 लाख हेक्टेयर जमीन बाढ़ प्रभावित है। जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत देश में पिछले छह दशकों के दौरान बाढ़ के कारण लगभग 4.7 लाख करोड़ का नुकसान हुआ और 1.07 लाख लोगों की मौत हुई, आठ करोड़ से अधिक मकान नष्ट हुए और 25.6 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में 109202 करोड़ रुपये मूल्य की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस अवधि में बाढ़ के कारण देश में 202474 करोड़ रुपये मूल्य की सड़क, पुल जैसी सार्वजनिक संपत्ति पानी में मिल गई। मंत्रालय बताता है कि बाढ़ से प्रति वर्ष औसतन 1654 लोग मारे जाते हैं, 92763 पशुओं का नुकसान होता है। लगभग 71.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जल प्लावन से बुरी तरह प्रभावित होता है, जिसमें 1680 करोड़ रूपये मूल्य की फसलें बर्बाद हुईं और 12.40 लाख मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। हकीकत यह भी है कि बाढ़ के कारण पता चलता है कि किसी नदी का असली स्वरूप क्या है? जब नदी का पानी फैलता है तो उससे आसपास के भूजल स्रोतों का पुनर्भरण होता जाता है। भूजल स्तर में सुधार न केवल पानी का भंडार होता है, बल्कि धरती की सेहत के लिए भी अनिवार्य तत्व है।

असम का बड़ा हिस्सा हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपजाऊ दोआब, ये सभी बाढ़ से बहकर आई मिट्टी से ही बने हैं। जब किसी नदी में तेज बहाव आता है तो साथ में आई मिट्टी में भारी मात्रा में गाद और पोषक तत्व होते हैं। जब यह गाद खेतों में जमा होती है तो यह मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है, जिससे आगामी फसलों की पैदावार बेहतर होती है। खेती के लिए धरती के नवजीवन की यह प्रक्रिया युगों से बाढ़ के आसरे ही चल रही है। नदियों में बाढ़ के साथ मछली, कछुए और अन्य जलचरों के जीवन का विस्तार होता है। इससे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित होता है। बाढ़ के पानी के साथ बहकर आने वाले विभिन्न पौधे और जानवर नदियों के किनारे के पारिस्थितिक तंत्र को समृद्ध करते हैं। इस तरह बाढ़ जलीय जीवों और वनस्पतियों की जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करती है। बाढ़ यह भी याद दिलाती है कि नदी इंसान की तरह एक जीवंत संरचना है और उसकी याददाश्त है और उसके जिम्मे पृथ्वी को समयानुसार संरचित करना भी है। तभी नदियां अपने पुराने मार्गों को फिर से खोजती हैं या नए मार्ग बनाती हैं, जिससे नदी की धाराएं स्वाभाविक रूप से पुनर्निर्धारित होती हैं। यह प्रक्रिया भू-आकृतिक परिवर्तनों को निर्मित करती है, जो लंबे समय में धरती पर जीवन के तत्वों को पुष्पित-पल्लवित करने में सहायक होती है। नदियां जब अपने यौवन पर होती हैं तो अपने साथ सौभाग्य लेकर आती है। जब नदी भरती है तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पंख लगते हैं। सबसे बड़ी बात, इंसान जो भी कचरा, मलवा चुपके से नदी में डाल देता है, बाढ़ उसे साफ करती है और नदी के लिए गैरजरूरी तत्वों को किनारे पटक देती है। बाढ़ के पानी से नदियों के प्रदूषक बहकर समुद्र या अन्य जल स्रोतों में चले जाते हैं, जिससे नदी की शुद्धता और स्वच्छता में सुधार होता है।

आखिर बाढ़ खलनायक कब बनती है? एक तो नदियों के रास्ते में व्यवधान, खासकर रेत उत्खनन के लिए या फिर विभिन्न परियोजनाओं के लिए बनाए गए बांध या फिर शहरों में पुल जैसी सुविधाएं जुटाने के लिए नदी के बीचों-बीच बनाए गए खंभे या अन्य निर्माण, नदी की नाराजगी का कारण होते हैं। फिर छोटी नदियों को बुलावा देना या उन पर कब्जा, छोटी नदियों के तालाब और बड़ी नदियों से मिलन मार्ग को बाधित करना, वहां स्थाई निर्माण कर लेने आदि से भ्रम होता है कि नदी बस्ती में घुस आई, जबकि हकीकत में उस बाढ़ को इंसान ने जल धार के बीच घुसकर खुद आमंत्रित किया होता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के पूर्व सचिव नूर मोहम्मद का मानना है कि देश में समन्वित बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। नदियों के किनारे स्थित गांव में बाढ़ से बचाव के उपाए नहीं किए गए। आज भी गांव में बाढ़ से बचाव के लिए कोई व्यवस्थित तंत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि उन क्षेत्रों की पहचान करने की भी जरूरत है, जहां बाढ़ में गड़बड़ी की ज्यादा आशंका रहती है। आज बारिश का पानी सीधे नदियों में पहुंच जाता है। वाटर हार्वेस्टिंग की सुनियोजित व्यवस्था नहीं है ताकि बारिश का पानी जमीन में जा सके। शहरी इलाकों में नाले बंद हो गए हैं और इमारतें बन गई हैं। ऐसे में थोड़ी बारिश में शहरों में जल जमाव हो जाता है। अनेक स्थानों पर बाढ़ का कारण मानवीय हस्तक्षेप है।

जलवायु परिवर्तन एक ऐसा कारक है, जो अचानक ही बेमौसम बहुत तेज बरसात की जड़ है और इससे सबसे ज्यादा नुकसान होता है। मौजूदा हालात में बाढ़ महज एक प्राकृतिक प्रकोप नहीं, वरदान साबित हो सकती है। पानी को स्थानीय स्तर पर रोकना, नदियों को उथला होने से बचाना, बड़े बांध पर पाबंदी, नदियों के करीबी पहाड़ों पर खुदाई पर रोक और नदियों के प्राकृतिक मार्ग से छेड़छाड़ को रोकना कुछ ऐसे सामान्य प्रयोग हैं, जोकि बाढ़ को प्रकोप बनने से बचा सकते हैं। बाढ़ को एक आपदा के रूप में देखने के बनिस्पत इसके दीर्घकालिक लाभों को विचार करना होगा। बाढ़ न केवल नदियों और उनके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करती है, बल्कि यह प्राकृतिक संसाधनों के वितरण में संतुलन बनाए रखने में भी मदद करती है। मानव सभ्यता को बाढ़ के साथ सह-अस्तित्व की रणनीतियों को अपनाने और इसके फायदों को समझने की जरूरत है ताकि प्राकृतिक आपदाओं के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके और इसके सकारात्मक पहलुओं का अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

## प्रसंगवश

# श्रद्धा और दान का महत्व


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुछ लोग इस बात पर हंसते हैं कि पितरों को अर्पित श्राद्ध की वस्तुएं उन्हें कैसे मिल जा सकती हैं? गलती केवल उन्हीं की नहीं है। गलती उनकी भी है, जो पितृपक्ष में श्राद्ध के महत्व को ठीक से समझा नहीं सकते। शास्त्रों में कर्मकांड पर बहुत ध्यान दिया है, पर ज्ञानकांड की उपेक्षा की है। श्राद्ध में श्रद्धा और दान का महत्व है।

श्रद्धा का संबंध भावनाओं से है। पितरों के लिए आदरभाव और आभार की भावना श्राद्ध का भावना पक्ष है। हम अपने भौतिक शरीर के लिए उनके आभारी हैं, क्योंकि हम आसमान से नहीं टपके। हम अपनी भौतिक समृद्धि के लिए भी उनके आभारी हैं। हम बौद्धिक विकास के लिए भी उनके आभारी हैं। वे नींव के पत्थर हैं, जो दिखते तो नहीं पर हमारा अस्तित्व उन पर कायम है। यह भावना कृत स्मर की भावना है। यह भावना आदमियत पैदा करती है। दान का भावनात्मक और आर्थिक महत्व है। छीनना, प्रतिदान और दान धन के वितरण के तीन तरीके हैं। तीनों का अंतिम फल धन का हस्तांतरण है। किंतु छीनने में शक्ति, क्रूरता, विवशता, दुख और अभिशाप का पुट है। प्रतिदान में रिसिप्रोसिटी होती है, को-ऑपरेशन होता है। यह पॉजिटिव सम को-ऑपरेटिव गेम है। इसमें भाग लेने वाले सभी पक्षों की बेहतरी होती है, किंतु इसका भौतिक पक्ष भावनात्मक पक्ष की तुलना में ज्यादा प्रभावी होता है। दान में भी भौतिक वस्तुओं का हस्तांतरण होता है, किंतु यहां प्रतिदान की भावना मुखर नहीं होती। यह देने वाले को संतोष देता है, कर्तव्य पूर्ति का भाव देता है। भौतिक वस्तुओं के हस्तांतरण की क्रिया और घटना को मल्टी डायमेंशनल समझें और इमोशनल डायमेंशन पर गौर करें। छीनने में एक पक्ष को अपनी शक्ति, दबदबे ओर रुतबे का दंभ भले ही होता हो, दूसरे पक्ष को तकलीफ होती है। यह बात प्रतिदान के केस में नहीं होती। दोनों पक्ष राजी-खुशी से हस्तांतरण करते हैं, लेकिन दान में इमोशनल डायमेंशन प्रबल होता है, जहां लेने और देने वाले अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। पितरों के श्राद्ध में इन बातों पर सोचना चाहिए।

# श्राद्ध पक्ष का धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

शरीर में आत्मा के अतिरिक्त मन और प्राण हैं। आत्मा तो कहीं नहीं जाती, वह तो सर्वव्यापक है, उसे छोड़ दें तो शरीर से जब मन को निकलना होता है तो मन प्राण के साथ निकलता है।

आश्विन मास में पड़ने वाला श्राद्ध पक्ष पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का पर्व है। मान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज धरा पर सूक्ष्म रूप में निवास करते हैं। साथ ही अपने संबंधियों से तर्पण व पिंडदान प्राप्त कर उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। यह आता है महालया श्राद्ध पक्ष में। महालया पक्ष में पिंडदान व श्राद्धकर्म का विशेष महत्व है।

पितृ पक्ष के सोलह श्राद्धों का धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है। पितृ पक्ष का वैज्ञानिक रहस्य भी है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पृथ्वी सूर्यमंडल के निकट रहती है। इसलिए श्राद्धकर्ताओं द्वारा किए गए सभी तर्पण आदि सर्वप्रथम सूर्यमंडल पर पहुंचते हैं। आत्मा कभी न नष्ट होने वाली ऊर्जा है, जो केवल मोक्ष प्राप्त होने पर ईश्वर की अनंत ऊर्जा में समाहित हो जाती है। विज्ञान के अनुसार उर्जा हमेशा संरक्षित रहती है, यह एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित हो जाती है। इसीलिए धर्मशास्त्र में कहा गया है, मृत्यु अंत नहीं प्रारंभ है। जीवित और मृत भेद मात्र स्थूल जगत तक ही सीमित रहता है, सूक्ष्म जगत में सभी जीवित हैं। प्रत्येक शिशु का जुड़ाव उसके पूर्वजों से बना रहता है।

क्रोमोसोम्स के माध्यम से वैज्ञानिकों ने प्रमाणित किया है कि नवजात शिशु में कुछ गुण दादा व परदादा के व कुछ गुण नानामह व नाना के समाहित रहते हैं। जैनेटिक साइंस पर शोधकर्ताओं के अनुसार आज भी हम अपने पूर्वजों से जुड़े हुए है, पितरों के डीएनए का विस्तार ही हमारा अस्तित्व है। वैज्ञानिकों ने पितरों के सूक्ष्म शरीर को 'एक्टोप्लाज्म' की संज्ञा दी है। पितरों के निमित्त श्राद्ध आदि कर्म करने से पितरों के साथ-साथ स्वयं का भी कल्याण होता है। श्राद्ध आत्मा के गमन जिसे संस्कृत में प्रैति कहते हैं, से जुड़ा हुआ है। प्रैति ही बाद में बोलचाल में प्रेत बन गया। यह कोई भूत-प्रेत वाली बात नहीं है।

शरीर में आत्मा के अतिरिक्त मन और प्राण हैं। आत्मा तो कहीं नहीं जाती, वह तो सर्वव्यापक है, उसे छोड़ दें तो शरीर से जब मन को निकलना होता है तो मन प्राण के साथ निकलता है। प्राण मन को लेकर निकलता है। प्राण जब निकल जाता है तो शरीर को जीवात्मा को मोह रहता है। इसके कारण वह शरीर के इर्द-गिर्द ही घूमता है, कहीं जाता नहीं। शरीर को जब नष्ट किया जाता है, उस समय प्राण मन को लेकर चलता है। मन कहां से आता है? कहा गया है चंद्रमा मनसः लीयते यानी मन चंद्रमा से आता है। यह भी कहा है कि चंद्रमा मनसो जातः यानी मन ही चंद्रमा का कारक है। मन का जुड़ाव चंद्रमा से है। इसलिए हृदयाघात जैसी समस्याएं पूर्णिमा के दिन अधिक होती हैं। चंद्रमा वनस्पति का भी कारक है। रात को चंद्रमा के कारण वनस्पतियों की वृद्धि अधिक होती है। दाह संस्कार के समय चंद्रमा जिस नक्षत्र में होगा, मन उसी ओर अग्रसर होगा। प्राण मन को उस ओर ले जाएगा। चूंकि 27 दिनों के अपने चक्र में चंद्रमा 27 नक्षत्र में घूमता है, इसलिए चंद्रमा घूमकर अठाइसवें दिन फिर से उसी नक्षत्र में आ जाता है। मन की यह 28 दिन की यात्रा होती है। इन 28 दिनों तक मन की ऊर्जा को बनाए रखने के लिए श्राद्धों की व्यवस्था की गई है। हम जिस समय पितृपक्ष मनाते हैं, उस समय चंद्रमा पृथ्वी के सर्वाधिक निकट रहता है। इसलिए कहा जाता है कि पितर हमारे निकट आ जाते हैं।

शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है विभु अर्थात चंद्रमा के दूसरे हिस्से में पितरों का निवास है। चंद्रमा का एक पक्ष हमारे सामने होता है जिसे हम देखते हैं, परंतु चंद्रमा का दूसरा पक्ष हम कभी देख नहीं पाते। इस समय चंद्रमा दक्षिण दिशा में होता है। दक्षिण दिशा को यम का घर माना गया है। आज हम यदि आकाश को देखें तो दक्षिण दिशा में दो बड़े सूर्य हैं, जिनसे विकिरण निकलता रहता है। हमारे ऋषियों ने उसे श्वान प्राण से चिह्नित किया है। शास्त्रों में इनका उल्लेख लघु श्वान और वृहद श्वान के नाम से हैं। इसका उल्लेख अथर्ववेद में भी आता है। वहां कहा है श्यामश्च त्वा न सबलश्च प्रेषितौ यमश्च यौ पथिरक्षु श्वान। अथर्ववेद 8/1/19 के इस मंत्र में इन्हीं दोनों सूर्यों की चर्चा की गई है। श्राद्ध में हम एक प्रकार से उसे ही हवि देते हैं कि पितरों को उनके विकिरणों से कष्ट न हो। इस प्रकार से देखा जाए तो पितृपक्ष और श्राद्ध में हम न केवल अपने पितरों का श्रद्धापूर्वक स्मरण कर रहे हैं, बल्कि पूरा खगोलशास्त्र भी समझ ले रहे हैं। श्रद्धा और विज्ञान का यह एक अद्भुत मेल है, जो हमारे ऋषियों द्वारा बनाया गया है। इसके महत्व का वर्णन पुराणों में भी वर्णन मिलता है।

## सोशल फोरम

# कुछ भी अपरिहार्य नहीं


शरद कोकाश
कवि

पाउलो कोएल्हो एक ब्राजीलियन कवि एवं उपन्यासकार हैं। उनका एक कथन मुझे अच्छा लगा। उसका अनुवाद प्रस्तुत कर रहा हूं। "साइकल बंद करनाः जब एक चरण समाप्त होता है तो हमें यह पता होना चाहिए। अगर हम आवश्यक समय से अधिक समय तक उसके रहने पर जोर देते हैं तो हम दूसरे चरणों के सुख और अर्थ खो देते हैं, जिनसे हम गुजरना होता है।

चक्र बंद करना, दरवाजे बंद करना, अध्याय समाप्त करना आप इसे जो भी नाम दें यह महत्वपूर्ण है कि जीवन के उन पलों को बीते हुए समय में छोड़ दें, जो समाप्त हो गए हैं। आप सोचते रह सकते हैं कि ऐसा क्यों हुआ? चीजें बीत जाती हैं और हम सबसे अच्छा यही काम कर सकते हैं कि उन्हें वास्तव में बीत जाने दें, लेकिन स्मृतियों को नष्ट करना, चले जाने देना, अनाथालयों को बहुत सारी चीजें दे देना, अपने घर में मौजूद किताबों को बेचना या दान करना। यही कारण है कि यह इतना महत्वपूर्ण है (चाहे कितना भी दर्द हो!) इस दृश्यमान दुनिया में सब कुछ अदृश्य दुनिया की अभिव्यक्ति है, हमारे दिल में जो हो रहा है और कुछ यादों को भी जाने देने का मतलब है कि दूसरी यादों के लिए जगह बनाना। चीजों को जाने दो। उन्हें छोड़ दो। उनसे अलग हो जाओ। टीवी पर उसी कार्यक्रम को बार-बार देखना बंद कर दें, जो आपको दिखाता है कि आपने किसी नुकसान से कितना कुछ सहा है। यह सिर्फ आपको जहर दे रहा है और कुछ नहीं। एक नए अध्याय की शुरुआत से पहले, पुराने को समाप्त करना होता है। खुद को बताएं कि जो बीत गया है, वह कभी वापस नहीं आएगा।

याद रखें, आपके जीवन में ऐसा समय था जब आप उस चीज या उस व्यक्ति के बिना जी सकते थे मतलब कुछ भी अपरिहार्य नहीं है। एक आदत एक जरूरत नहीं है। यह इतना स्पष्ट लग सकता है, यह मुश्किल भी हो सकता है, लेकिन यह बहुत महत्वपूर्ण है। अतः चक्र बंद करना गर्व, असमर्थता या अहंकार के कारण नहीं, बल्कि सिंपली इसलिए है कि वह अब आपके जीवन में फिट नहीं बैठता है।"

-फेसबुक वॉल से

# नैनीताल में 144 वर्ष पहले हुआ था प्रलयकारी भू-स्खलन


प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस हादसे से महज एक साल पहले सेंट-लू पहाड़ी में बने आलीशान राजभवन की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार बेहद चिंतित थी। ब्रिटिश सरकार को हर हाल में इस नव निर्मित राजभवन की सुरक्षा करनी थी।

18 सितंबर, 1880 को नैनीताल में हुए प्रलयकारी भू-स्खलन की आज 144 वीं बरसी है। शेर-का-डांडा पहाड़ी में हुए इस विनाशकारी भू-स्खलन ने कुछ ही पलों में नैनीताल का भौगोलिक मानचित्र ही बदल दिया था। इस हादसे में 108 हिंदुस्तानियों और 43 यूरोपियन समेत कुल 151 लोग मारे गए थे। बचाव कार्यों के दौरान कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे खुद कमर तक मलबे में धंस गए थे। भू-स्खलन में पच्चीस लाख रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई थी।

भू-स्खलन ने कैप्टन हैरिस का आलीशान विक्टोरिया होटल और इसके आसपास स्थित सभी घरों को नेस्तनाबूद कर दिया था। मालरोड के समीप स्थित 'बेल शॉप' नामक दुकान और मां नयना देवी का मंदिर भी भू-स्खलन की चपेट में आ गए थे। असेंबली रूम्स (वर्तमान कैपिटल सिनेमा) का एक हिस्सा झील में समा गया था और शेष बचा हुआ हिस्सा मलबे में दफन हो गया था। पलक झपकते ही झील का एक हिस्सा मैदान में तब्दील हो गया था। 1880 तक नैनीताल फलता -फूलता और सर्व सुविधा संपन्न एक खुशहाल नगर बन चुका था। तब यहां की आबादी 10.054 हो गई थी, जिसमें 2.957 महिलाएं और 7.097 पुरुष थे। अंग्रेज नैनीताल के मौसम और यहां की स्वास्थ्यवर्धक जलवायु से अभिभूत थे। ब्रिटिश हुक्मरान यहां के पारिस्थितिक तंत्र से छेड़छाड़ से हासिल खूबियों के लुत्फ उठाने की कीमत से अंजान थे। भू-स्खलन की इस त्रासदी ने न केवल अंग्रेजी शासकों के होश उड़ा दिए, बल्कि उन्हें भीतर तक हिला कर रख दिया था। इस भू-स्खलन के बाद औपनिवेशिक सरकार नैनीताल की पहाड़ियों की सुरक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील हो गई थी। हादसे के चौथे दिन 22 सितंबर, 1880 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर ने शेर-का-डांडा पहाड़ी की जांच के लिए कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर सर हैनरी रैमजे की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी बना दी थी। इसके बाद भारत के भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के उप अधीक्षक मिस्टर डब्ल्यू. थियोबॉल्ड ने प्रभावित पहाड़ी की जांच की। इसी साल भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के वैज्ञानिक आरडी ओल्डहैम की अध्यक्षता में इंजीनियरों की एक जांच कमेटी बनी। इसके अलावा सेना की ओर से दो कोर्ट ऑफ इंक्वायरी बैठाई गई। विशेष सिविल अधिकारी ने सरकार को अलग से अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी।

नगर पालिका के तत्कालीन सदस्य एवं भू-विज्ञानी फ्रैडिक एडवर्ड जॉर्ज मैथ्यूज ने भी शेर-का-डांडा पहाड़ी की सुरक्षा की जांच की थी, मैथ्यूज की जांच रिपोर्ट 1882 में प्रकाशित हुई। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर शेर-का-डांडा की पूरी पहाड़ी को किसी भी प्रकार के निर्माण के लिए निषेद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया। पहाड़ी में बने असुरक्षित भवनों को तोड़ने के आदेश जारी कर दिए गए। इस आदेश के क्रम में मशहूर शिकारी एवं शिकार कथाओं के लेखक जिम कॉर्बेट के पिता क्रिस्टोफर विलियम कॉर्बेट ने इस पहाड़ी में स्थित अपने दो मंजिला भवन एवं कॉटेज को तोड़ दिया था। इस हादसे के बाद नैनीताल में वैज्ञानिक आधार पर एक नया नायाब नालातंत्र विकसित किया गया। 1880 से 1928 के दौरान समूचे नैनीताल को 69 बड़े और 234 ब्रांच नालों के जाल में लपेट दिया गया था। सबसे अधिक ब्रांच नाले इसी पहाड़ी में बनाए गए। आज इनमें से अधिकांश ब्रांच नालों का वजूद खत्म हो गया है।

इस हादसे से महज एक साल पहले सेंट-लू पहाड़ी में बने आलीशान राजभवन की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार बेहद चिंतित थी। ब्रिटिश सरकार को हर हाल में इस नव निर्मित राजभवन की सुरक्षा करनी थी। चूंकि राजभवन साम्राज्यवादी सत्ता के वैभव और शक्तिशाली सामर्थ्य का प्रतीक था। लिहाजा भू-स्खलन के बाद इस पहाड़ी की सुरक्षा के मद्देनजर विषय विशेषज्ञों की अनेक उच्चस्तरीय जांच कमेटियां बनी। 1895 में सर एंटोनी पैट्रिक मैक्डॉनल, नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस के लेफ्टिनेंट गवर्नर बने। उनके कार्यभार संभालते ही सेंट-लू के राजभवन को खाली कर दिया गया। डायोसेजन बॉयज स्कूल (शेरवुड कॉलेज) को अस्थायी राजभवन बना दिया गया। इस भू-स्खलन के बाद इस क्षेत्र में तैनात किए गए विशेष सिविल अधिकारी मिस्टर एचसी कोनीबीयरे (ई.एस.क्यू.सी.एस. द्वारा 11 अक्टूबर, 1880 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस एंड अवध के सचिव को भेजी एक विस्तृत रिपोर्ट के अंतिम हिस्से में यह मार्मिक टिप्पणी लिखी थी: "यह सत्य है कि नगर के सीमित हिस्से में कुछ शव अभी भी नुकीली चट्टानों व पत्थरों के नीचे दबे हैं, पर यह तर्क शायद ही लोगों को कब्रगाह के करीब मकान लेने से रोके। रणभूमि के निकट गांव वीर योद्धाओं के शवों से कभी खाली नहीं हुए। नैनी झील के इर्दगिर्द वीर एवं श्रेष्ठ लोग समाए। यह सुंदर भूमि उनका घर है, जो मौत से भी निडर रहे, बिना उलाहना के।"

1880 के भू-स्खलन के बाद ब्रिटिश सरकार ने नैनीताल की संवेदनशील पहाड़ियों एवं झील की सुरक्षा के दीर्घकालिक उपाय सुझाने के लिए अनेक विशेषज्ञ कमेटियां बनाईं। विषय विशेषज्ञों की सलाह के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार ने नैनीताल नगर को निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित, दो क्षेत्रों में विभक्त कर दिया। भू-स्खलन के लिहाज से नाजुक एवं संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों पर सख्त पाबंदी लगा दी गई। शेर-का-डांडा पहाड़ी को निर्माण के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया गया। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान शेर-का-डांडा पहाड़ी समेत निर्माण निषेद्ध क्षेत्रों में नए निर्माण कार्य नहीं के बराबर हुए। स्वतंत्रता के बाद के करीब दो दशकों तक ब्रिटिशकालीन व्यवस्थाएं कायम रहीं। कालांतर में निर्माण के लिए सुरक्षित एवं असुरक्षित की सीमा रेखा खत्म होती चली गई। सरकार ने खुद इस नियम का उल्लंघन किया। शेर-का-डांडा पहाड़ी में जहां 1880 के भू-स्खलन ने भीषण तबाही मचाई थी, ब्रिटिश शासन काल में उस पहाड़ी में निर्माण तो दूर घास काटने और फुलवारी बनाने की भी मनाही थी, सरकार ने उसी कमजोर पहाड़ी में 1985 में भारी-भरकम रोप-वे बना दिया। नैनीताल नगर में विगत चार दशकों में सर्वाधिक निर्माण कार्य इसी संवेदनशील पहाड़ी में हुए हैं और हो रहे हैं।

# बाजारवाद का मतलब पैसा


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद का मतलब पैसा और पैसा। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर आदमी उपभोक्ता है। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। ग्लोबलाइजेशन का जमाना है, विश्व बाजार का यही वैश्विक दृष्टिकोण है। इस दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष अध्ययन करना है तो कोई शोधार्थी किसी अस्पताल के व्यवहार से इसकी शुरुआत कर सकता है। चिकित्सा का आधार ही करुणा है, लेकिन आपको ग्लोबलाइजेशन का अर्थ यहीं से समझ में आने लगेगा। फिर शोधार्थी प्राथमिक विद्यालय में जाकर अनुसंधान करे, जो मानवता का आधार हैं। माध्यमिक विद्यालय में जाए फिर विश्वविद्यालय में जाए।

ग्लोबलाइजेशन अर्थात मनुष्य और प्रकृति का संबंध- न नदी से नाता है, न धरती से, न पर्यावरण से, न सूरज से, न चंदा से! मनुष्य और मनुष्य के बीच संबंध ऐसा है कि पड़ोस की खबर नहीं, नितांत व्यक्तिनिष्ठ। लोग गरीब और निर्बल की बात करते जरूर हैं, अपने को गरीब और निर्बल का सबसे बड़ा हिमायती भी सिद्ध कर देते हैं, किंतु कुल मिलाकर जो परिदृश्य है, उसमें सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है। गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं, लेकिन कोलाहल या हल्ला इतना है कि सामान्य-जन गरीब और निर्बल की कराह सुन नहीं पा रहे हैं।

# लाखों की लागत से बना अप्रोच मार्ग टूटा

## भ्रष्टाचार की खुली पोल, बारिश के चलते धंस गई नई सड़क, यमुना में कुछ समय पहले ही बना था

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** कस्बे से दादों को जोड़ने के लिए यमुना नदी में पक्के पुल का निर्माण कराया गया था। पुल निर्माण के बाद उसे रास्ते से जोड़ने के लिए सड़क का निर्माण किया गया। रास्ते में तुर्की नाला नाम से जाने जाने वाला नाला पड़ने की वजह से उसमें एक छोटे पुल का निर्माण कराया गया। पुल के अप्रोच बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया जो भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है।

दादों पुल को जाने वाले रास्ते में तुर्की नाला पड़ने की वजह से छोटे पुल का निर्माण कार्य हुआ। उसी पुल के दोनों तरफ अप्रोच भी बनाया गया था। जिसमें कमीशनखोरी के चलते मानक को दरकिनार कर भ्रष्टाचारियों ने काम कराया था। पुल के अप्रोच, सड़क व इंटरलॉकिंग नाली निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर लाखों रुपए का गलाए गए थे। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एक निजी ठेकेदार को टेंडर देकर सड़क व इंटरलॉकिंग का काम कराया गया। जिसमें ठेकेदार द्वारा मोटी रकम बचाने के चक्कर में महज लीपापोती की गई जिसकी पोल अब खुल गई है। यमुना नदी में आई पहली बाढ़ में ही पुल के अप्रोच, सड़क व इंटरलॉकिंग सहित बिखर गया है। इंटरलॉकिंग टूटने की वजह से सड़क धंस गई है जिस वजह से आवागमन करना जानलेवा हो रहा है। भ्रष्टाचारियों के काम को देख पीडब्ल्यूडी विभाग ने उन पर कार्यवाही के बदले आवागमन को बंद करा दिया हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब भ्रष्टाचारियों की पोल खुली हो। इससे पूर्व में भी टेढ़े मेढे अप्रोच टूट चुके है जिन्हें मरम्मत कर जोड़ दिया गया था।



बारिश के दौरान अप्रोच मार्ग धंसा। अमृत विचार

### सूचना पर पहुंचे पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क में खोदा गड्ढा

- मंगलवार की सुबह सूचना पर पहुंचे पीडब्ल्यूडी विभाग के आलाधिकारियों ने भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही करने के बजाय पुल की सड़क पर दोनों तरफ गड्ढा खोद भारी वाहनों का आवागमन बंद करा दिया। विभाग ने टूटे हुए अप्रोच सड़क व इंटरलॉकिंग के फिर से मरम्मत कराने को कहा है। विभाग ने मरम्मत के दौरान भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है। विभाग द्वारा सड़क में एक बोर्ड लगाया गया है। जिसमें कार्य प्रगति पर है भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है लिखा गया है।



खुदाई से निकली प्राचीन मूर्ति।

# खुदाई में निकली वर्षों पुरानी मूर्ति

**फतेहपुर।** देवमई विकास खंड के गौरीशंकर बाबा के मंदिर के पास मे झारखंडी बाबा के पास खुदाई के दौरान एक मूर्ति मिली है। बताते हैं कि मंदिर के पास जेसीबी से सरला सिंह के खेत मे खुदाई चल रही थी जहां यह प्राचीन मूर्ति मिली है।

भव्य मूर्ति मिलने से लोगो ने पूजा अर्चना शुरू कर दिया है। गौरी शंकर मंदिर में नवरात्रि में नवमी के दिन मेला लगता है ।और यह पूरे नवरात्रि लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम भन्डारे आदि होते रहते है जिसमे आस पास के गांव के लोग आते है। ग्राम प्रधान गोरेलाल ने बताया कि मूर्ति प्राचीन लग रही है।

# भाजपा नेता की मौत हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता महोबा

- सूचना पर राज्यमंत्री ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर न्याय का दिलाया भरोसा

**अमृत विचार।** कस्बा चरखारी में एक भाजपा नेता की संदिग्ध मौत के बाद मृतक के परिजनों ने लूट और हत्या का मामला बताया। भाजपा नेता की मौत की खबर मिलते ही कस्बा चरखारी के व्यापारियों ने नगर का पूरी तरह से बाजार बंद कर विरोध जताया। इस घटना की जानकारी मिलने पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर ने पूर्व सांसद और विधायक के साथ मौके पर पहुंचे। राज्यमंत्री ने अधिकारियों इस मामले पर बात की। अधिकारियों ने बताया कि हर पहलू की जांच कर कार्रवाई की जाएगी इसके बाद राज्यमंत्री ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और मदद का आश्वासन दिया।

कस्बा चरखारी के मोहल्ला अमरगंज निवासी सचिन पाठक सोमवार की रात को बाइक से रेलवे स्टेशन से लौटकर चरखारी आ रहा था तभी उसकी रास्ते में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने सोने की चेन व पैसे लूटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली चरखारी में तहरीर दे दी, लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया है। इस पर राज्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। एएसपी वंदना सिंह ने बताया कि पुलिस को पहले दुर्घटना की खबर मिली थी, लेकिन जब मौके पर पुलिस पहुंची तो खून से लथपथ युवक और उसकी बाइक वहां पड़ी थी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी उपचार दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों द्वारा कई आरोप लगाए गए हैं, जिनकी गहनता से जांच की जा रही है। चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने कहा कि उनकी मौत से हम सभी को गहरा दुःख है।

# डैम में डूबकर बुजुर्ग की मौत

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के टिकर गांव के रहने वाले रामदीन (70) सुबह शेव कराने के लिए घर गए और चक डैम के पास पैर फिसलने से पानी में चले गए। पानी में डूबकर रामर्दीन की मौत हो गई, जब काफी देर तक घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोग खोजबीन करते हुए चक डैम के पास पहुंचे तो देखा कि डैम में मृत पड़े हुए हैं। मृतक के पुत्र ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मृतक का भतीजा मनीष कुमार ने बताया कि चाचा दाड़ी बनवाने के लिए गए थे, वहीं से शौच करने के लिए जंगल चले गए और डैम के पास पैर फिसलने से पानी में डूबकर मौत हो गई। हम लोग फोटो के माध्यम से खोजते हुए पहुंचे थे। तभी जानकारी हुई कि डैम में डूबने से मौत हुई है। थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि एक बुजुर्ग की डैम के पानी में डूबकर मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# सीएमओ दफ्तर के बाहर 4 अवैध लैब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग ने सीएमओ कार्यालय के बाहर मानकविहीन व अवैध रुप से चल रहे पैथोलॉजी, एक्सरे, जांच सेंटरों पर छापा मारा। इससे कई संचालक दुकान बंद कर भाग लिये। चार पैथोलॉजी संचालकों को नोटिस दिया गया। उन से तीन दिन में जवाब मागा गया है। जवाब न देने पर कार्रवाई की जायेगी।

मंगलवार को एसीएमओ डॉ. ओपी गौतम ने सीएमओ कार्यालय के बाहर संचालित पैथोलॉजी सेंटर, एक्सरे सेंटरों पर छापा मारा। इससे संचालकों में हड़कंप मच गया। कई संचालक दुकानों के शटर बंद कर भाग निकले। एक पैथोलॉजी के निरीक्षण में सभी मनक पूरे मिले। चार का रिन्यूवल नहीं मिला। बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण नहीं मिला। कुछ का रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया गया था। पैथोलॉजी पर लैब टेक्नीशियन और पैथोलॉजिस्ट भी नहीं मिले। इस पर नोडल अधिकारी ने चारो पैथोलॉजी संचालकों को नोटिस जारी कर दिया है। इनसे तीन दिन में जवाब मांगा है। ऐसा न करने पर पैथोलॉजी को सीज कर दिया जायेगा।

इस के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। एसीएमओ ने बताया कि जिले में अवैध रुप से नर्सिंग होम व पैथोलॉजी. एक्सरे सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं चलने दी जायेगी। नियमित रुप से छापेमारी की जायेगी। उन्होंने बताया कि यहां के पैथोलॉजी सेंटर के संचालक विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में रखे नगर पालिका के कूड़ेदान में बायो मेडिकल वेस्ट डाल रहे थे। इसकी सूचना पर सीएमओ विनोद कुमार के निर्देश पर छापा मारा गया तो पैथोलॉजी सेंटरों पर खामी मिली। इस पर कार्रवाई की गई है।



सीएमओ कार्यालय के बाहर पैथोलॉजी की जांच करते एसीएमओ डॉ. ओपी गौतम।

- सभी सेंटरों को नोटिस, तीन दिन में जवाब न दिया तो की जाएगी कार्रवाई
- अचानक मारे गए छापे से मचा हड़कंप, कई सेंटरों के संचालक दुकान बंद कर भागे

# जानलेवा हमले के तीन दोषियों को 7-7 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी फर्स्ट ने सुनाई सजा, 20-20 हजार रुपये जुर्माना

**अमृत विचार।** जानलेवा हमले का दोष सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी फर्स्ट इंद्रजीत सिंह (द्वितीय) ने तीन अभियुक्तों के 7-7 साल कैद तथा 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को छह-छह माह की कैद अतिरिक्त भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि बृजेश कुमार पुत्र राम सागर निवासी ग्राम नगला पूरन मजरा जगतपुर, थाना छिबरामऊ ने 03 मार्च 2014 को कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसके गांव में दो मकान हैं। एक में जानवर बांधे जाते हैं। यहीं उसके पिता लेटते हैं। 2/3मार्च 2014 को पिता रामसागर लेटे थे। रात करीब 2.30 बजे जमीन विवाद में गांव के आदेश कुमार व इंद्रेश कुमार पुत्रगण राम भरोसे, सुमित कुमार पुत्र इंद्रेश कुमार व राहुल कुमार पुत्र आदेश कुमार तमंचों से लैस होकर आए। राहुल ने पिता के सीने में तमंचे से गोली मार दी। शोर सुनकर वह आया तो चारो लोग तमंचा लहराते हुए भागे। पिता को जिला अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कालेज और फिर दास नर्सिंग होम फतेहगढ़ के लिएरेफर कर दिया गया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की। इसके बाद दाखिल किए गए आरोप पत्र में आदेश, इंद्रेश व राहुल के विरुद्ध जानलेवा हमले तथा राहुल पर आर्म्स एक्ट में आरोप लगाया गया। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायाधीश ने राहुल को आर्म्स एक्ट के आरोप से दोषमुक्त कर दिया जबकि राहुल, इंद्रेश व आदेश पर जानलेवा हमले का आरोप साबित पाया। तीनों को सात साल की जेल तथा 20 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई।

# आत्महत्या दुष्प्रेरण के मामले में दो और धरे गए

**जालौन।** कोतवाली के मोहल्ला भवानीराम निवासी शिवम पुत्र रामबिहारी की शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुरा निवासी मुस्कान (22) पुत्री सुरेश के साथ हुई थी। बीती 7 जुलाई को मुस्कान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। भारत सिंह उर्फ धन्नू निवासी थाना एरच जिला झांसी ने 10 जुलाई को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया था कि उन्होंने वर्ष 2023 में अपनी भांजी की शादी की थी। छह माह पूर्व पति शिवम, सास रामरती, ननद स्नेह, ननदोई अखिलेश, ननद कुमारी धीरज, जेठ आशीष व जेठानी सुलपी ने एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर भांजी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी शिवम, रामरती और धीरज को गिरफ्तार कर लिया था। वांछित आशीष व सुलपी को चुर्खी रोड से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को जेल भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### तालाब में मिला मानसिक विक्षिप्त युवती का शव

**फर्रुखाबाद।** शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अद्दूपुर निवासी बीती देर रात युवती खेतों में शौच करने गई थी। उसका शव तालाब में पड़ा मिला। मृतका के पिता ने युवती को मिर्गी के दौरे पड़ने की जानकारी दी हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष अमित गंगवार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की । घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किये। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### गांजा तस्कर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इटावा।** एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि सीओ सैफई शैलेंद्र प्रताप गोतम व बसरेहर थाना प्रभारी समित चौधरी फोर्स के साथ इस थाना क्षेत्र में बाबरिया गैंग व अन्य अपराधियों की धरपकड़ के लिए संतोषपुर घाट के पास मंगलवार तड़के वाहन चेकिंग कर रहे थे। सुबह सवा पांच बजे एक बाइक सवार फोर्स का रुकने का इशारा देखकर मुड़ने लगा तो पुलिस ने भागकर उसे पकड़ लिया । उसकी बाइक में पीछे बंधी बोरी देखी गई तो चार बंडल से उपरोक्त मात्रा में गांजा बरामद हुआ। उसने इसी थाना क्षेत्र में गांव चकवा खुर्द का बृजेश उर्फ उल्फत नाम पता बताया तो उसका हिस्ट्रीशीट सामने आ गई, इसके खिलाफ संगीन मामलों के 13 मामले पहले से दर्ज हैं। गांजा तस्करी का अपराध स्वीकार करते हुए उसने बताया कि मध्यप्रदेश से गांजा लाकर यहां पर बेचता हूं। गया था इसकी बाइक भी सीज कराई गई है।

### गोवंश से टकराए बाइक सवार, अधेड़ की मौत

**इकदिल, इटावा।** थाना भरथना क्षेत्र में गांव टीयापुर में रहने वाले मनोहर लाल का 50 साल का बेटा तिलक अपने दो साथियों कुलदीप पाल व दीवारी लाल के साथ सोमवार देर शाम को घर से बाइक पर सवार होकर महावीर पिलुआ मंदिर पर दर्शन करने को निकले थे। रास्ते में थाना इकदिल क्षेत्र में गांव महानेपुर के पास अचानक एक गोवंश सामने आ गया अंधेरा होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई, बाइक गिरने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया वहां डाक्टरों ने तिलक सिंह को मृत घोषित कर दिया और घायलों में दीवारी लाल को आंशिक चोटें आई तो वही कुलदीप पाल की हालत गंभीर देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया ।

### नौकरी के बहाने 50 हजार रुपये ठगने का आरोप

**राठ।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी एक होमगार्ड ने एक युवक के ऊपर नौकरी लगवाने के नाम पर 50 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। फरसौलियाना मोहल्ला निवासी हैदर अली पुत्र नजीर हुसैन ने बताया कि 2016 में नौकरी लगवाने के नाम पर उसने मुवीन नाम के एक युवक को 50 हजार रुपये दिए थे। बताया कि रुपये लेने के दौरान आरोपी युवक ने उससे कहा था कि यदि नौकरी संबंधित कार्य पूरा नहीं हुआ तो वह 50 हजार रुपए वापस कर देगा। बताया कि जब उसका काम पूरा नहीं हुआ तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। आरोप लगाया कि आरोपी युवक ने उसका अभी तक रुपये नहीं दिए है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की हुई मौत

**अजीतमल।** लखनऊ में हुए कार हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों मृतक कोतवाली क्षेत्र के निवासी है। नवीन पुष्कर जहां ग्राम चपटा का निवासी है वहीं सौरभ सिंह क्षेत्र के ग्राम फूलपुर का निवासी है। मूलरूप से फूलपुर गांव निवासी राजेश कुमार पुलिस विभाग में एसआई के पद पर तैनात है। वर्तमान में अयोध्या में उनकी पोस्टिग है और वह लखनऊ के मोहल्ला शुक्लागंज में ही रहते हैं। उनके तीन पुत्रियों के बीच मृतक सौरभ अकेला पुत्र था। जो इस समय पुलिस दरोगा की तैयारी में लगा हुआ था। गांव फूलपुर में सौरभ की हादसे में हुई मृत्यु की खबर पहुंचने पर पूरा मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक सौरभ के चचेरे चाचा पूर्व बी.डी.सी. शिवकुमार ने बताया कि वह काम से दिल्ली गए हुए थे। जानकारी मिलते ही उन्होंने फूलपुर में खबर की। वहीं दूसरा मृतक नवीन पुष्कर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चपटा निवासी अशोक कुमार पुष्कर जो एसडीएम के पद से इसी वर्ष रिटायर हुए है। का पुत्र है जो कि करीब बीस वर्ष पहले गांव छोड़कर लखनऊ में ही निवास कर रहे है। हादसे की खबर पाकर उनके परिजन भी लखनऊ निकल गए है।

### महिला से दुष्कर्म में ऑटो ड्राइवर गिरफ्तार

**सरेहर, इटावा।** सास को देखने आई महिला को ऑटो में अकेला पाकर ड्राइवर हैवान बन गया। उसने झाड़ियों में ले जाकर महिला से दुष्कर्म किया। थाना चौबिया प्रभारी बेंचन कुमार सिंह ने बताया कि शहर में रहने वाली महिला का पति बच्चों सहित इटावा में रहता है। वह बीते रविवार को इस क्षेत्र के गांव में अपनी सास को देखने आई थी। शाम को वह नेशनल पार्क पर बस पकड़ने के लिए पैदल आ रही थी। जिससे वह इटावा पहुंच सके तभी पीछे से आ रहे ऑटो ड्राइवर इसी थाना क्षेत्र में गांव नगला टकी के अजय यादव ने इटावा चलने की कहते हुए उसे बिठा लिया। महिला को अकेला पाकर आरोपी अजय ने उसे ऑटो से उतारकर झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद उसे ऑटो में बिठाकर चौबिया में ही छोड़कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। रोती बिलखती पीड़िता ने किसी तरह थाना आकर घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिस पर उसका इलाज कराया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया। लगातार दबिश देकर आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट में पेश करके उसे जेल भिजवाया गया।

# फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 11.80 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** साइबर क्राइम सेल प्रभारी ने टीम के साथ एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अपराधी के द्वारा फ्रेंचाइजी खोलने का झांसा देकर लोगों से पैसा ठगने का काम किया जाता था। साइबर क्राइम प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रियंका रस्तोगी ने तहरीर दी कि एक व्यक्ति कलकता निवासी पंकज शर्मा ने रिलायंस कंपनी समेत तमाम कंपनियों में फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर गूगल पर कंपनी के नाम से प्रोफाइल बनाकर उसमें खुद का मोबाइल नंबर और मेल आईडी अपलोड कर कंपनी की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर धोखाधड़ी की। पकड़े गए आरोपी ने कई लोगों से लाखों की ठगी की। पीड़ित महिला से इसने रिलायंस की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 11.8 लाख रुपए अपने खाते में जमा कराए थे। यह नाम पता गलत बता कर अलग अलग जगह पर रहता था। यह एक अंतर्जनपदीय शातिर साइबर अपराधी है। इसके पास से 40 हजार रुपए नकद और कई बैंक खातों के साथ मोबाइल फोन बरामद कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# बाइक की चाबी को लेकर हुए झगड़े में एक की मौत

संवाददाता अजीतमल, औरैया

- बीच बचाव करने में दूसरा भाई हुआ घायल

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सबमर्सिबल पर खाना खाने के बाद बाइक की चाबी को लेकर हुए विवाद में ईंट पत्थर और लाठी डंडे चले गये, जिसमें एक की मौत हो गई , जबकि बीच बचाव में आए दूसरे भाई को भी चोटें आ गईं।



राकेश कुमार

कोतवाली क्षेत्र के गांव बल्लमपुर के पास स्थित सबमर्सिबल पर सोमवार की शाम को कुछ लोगों ने खाने पीने का इंतजाम किया था। जिसमे गांव बल्लमपुर निवासी सुनील कुमार व उसका छोटा भाई राकेश कुमार उसी गांव के ही चन्दन पुत्र संतोष कुमार शाक्य के साथ सबमर्सिबल पर खाने पीने के लिए पहुंचे। खाना पीना होने के बाद रात करीब 9 बजे जब चन्दन ने राकेश से बाइक की चाबी मांगी तो राकेश ने चाबी खोने की बात कही। इसी बात को लेकर चन्दन व राकेश में झगड़ा हो गया, वहां पर मौजूद सुनील ने झगड़े को शांत कराने का प्रयास किया तो झगड़ा बढ़ता चला गया । जब सभी बल्लमपुर के पास स्थित चौराहे पर पहुंचे तब चन्दन ने राकेश को लाठी डंडों व ईंट से मारना शुरू कर दिया। वहीं मौजूद सुनील ने बीच बचाव करना चाहा तो उसे भी चोट लग गई। अधिक चोट लगने के कारण राकेश (34) वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई सुनील के द्वारा तहरीर दी गई है। वहीं रात में ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

- **अजीतमल, औरैया।** कोतवाल राजकुमार सिंह की टीम ने नामजद आरोपी चंदन को भदसान चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रहलादपुर गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशादेही पर खून लगी हुई ईंट, एक फावड़े का बेंट बरामद किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि राकेश मेरे साथ उसके ट्रैक्टर पर पिछले करीब एक महीने से मजदूरी कर रहा था लेकिन दो दिन पहले ही उसने मेरे यहां मजदूरी करने से मना कर दिया इसी खुन्नस में सोमवार को गांव बल्लमपुर के बाहर मोनू के सबमर्सिबल पर मुर्गा बनवाया और राकेश व उसके भाई सुनील को बुलाया फिर मैने राकेश व उसके भाई को शराब पिलाई और खुद भी पी, बाद में मैंने राकेश से अपनी बाइक की चाबी मांगी तो उसने कहा चाबी कहीं खो गई है। इसी बात को लेकर उसने फावड़े के बेंट से उसे पीटा वह सड़क पर गिर गया। उसी बीच में उसका भाई सुनील कुमार उसे बचाने आया तो मैंने उसे भी फावड़े के बेंट से मारा तो वह भाग गया। मैंने सड़क के किनारे पड़ी एक ईंट से भी उसे मारा,जब मुझे लगा कि राकेश मर गया तो मैंने ईंट वहीं सड़क के किनारे फेंक कर मैं भाग गया।

**प्रदर्शन** विद्या भारती शिक्षा संस्थान के 35वें प्रांतीय खेलकूद समारोह का समापन

# प्रांतीय खेलकूद में झांसी की टीम बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर




प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते विधायक मनोज प्रजापति। अमृत विचार

- प्रतियोगिता में दिबियापुर द्वितीय और फतेहपुर तृतीय रही
- शिशु वर्ग में विक्की राजपूत और छाया यादव चैंपियन

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के केशव भवन सभागार में 35वें प्रांतीय खेलकूद समारोह का समापन हो गया। प्रतियोगिता में झांसी की टीम चैंपियन बनी, जबकि दिबियापुर द्वितीय और फतेहपुर की टीम तृतीय स्थान पर रही। बतौर मुख्य अतिथि विधायक डा.मनोज प्रजापति ने टीमों को पुरस्कार बांटे।

समापन समारोह में विधायक मनोज प्रजापति ने कहा कि अपने से बड़ों का सम्मान कैसे करें। पूरे देश और दुनिया में भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखने में विद्या भारती का बहुत बड़ा योगदान है। अगर आपको सफलता प्राप्त करनी है तो उसके लिये पहले से लक्ष्य तय करें तथा अपने गुरुओं का सम्मान करें। विशिष्ट अतिथि कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र ने कहा कि जीवन में कुछ करने के लिये हम स्व अनुशासन का पालन करके अपना पथ प्रशस्त कर सकते है। प्रतियोगिता में झांसी टीम 209 अंक लेकर प्रथम रही और चैंपियन बनी। दिबियापुर 139 अंक लेकर द्वितीय और फतेहपुर 129 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। व्यक्तिगत चैम्पियन में क्रमशः शिशु वर्ग में विक्की राजपूत व छाया यादव झांसी प्रथम, बाल वर्ग में नैन्सी राजपूत झांसी, वैष्णवी सिंह दिबियापुर प्रथम रहे।

किशोर वर्ग में आनन्द झांसी प्रथम, तरुण वर्ग में उत्कर्ष गुप्ता हमीरपुर, पूर्वा सिंह कानपुर, प्राची राजपूत झांसी प्रथम रही। गीत प्रतियोगिता में बांदा प्रथम कन्नौज द्वितीय व हमीरपुर तृतीय स्थान पर रहे। सरस्वती वन्दना में बांदा प्रथम, कानपुर द्वितीय व फतेहपुर तृतीय स्थान पर रहे। सभी चैंपियनों को मुख्य अतिथि, प्रदेश निरीक्षक व संयोजक प्रधानाचार्य द्वारा शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। तदोपरान्त उनके द्वारा कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। संचालन रामप्रकाश अवस्थी ने किया। कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक द्वारा चैम्पियन टीम झांसी को ध्वज प्रदान किया गया। इस अवसर पर अजय दुबे (संभाग निरीक्षक), भगवान सिंह सेंगर (संभाग निरीक्षक), अनिल मिश्र (प्रान्तीय खेल पर्यवेक्षक), शिव सिंह (सेवा प्रमुख) आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने आभार प्रकट किया। मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ला ने यह जानकारी दी।

# बुआ की जमानत याचिका खारिज

**कन्नौज।** किशोरी से दुष्कर्म मामले की सह आरोपी पीड़िता की बुआ की जमानत याचिका पॉक्सो एक्ट कोर्ट में खारिज हो गई।

अधिवक्ताओं की ओर से पेश की गई दलीलों के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। किशोरी से दुष्कर्म कराने के सहयोग में पुलिस ने पीड़िता की बुआ को मामले में सहआरोपी बनाया था। पुलिस ने 21 अगस्त को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद मेडिकल कराकर 22 अगस्त को जेल भेज दिया था। इसके बाद उसके अधिवक्ता भूपेंद्र तोमर की ओर से पॉक्सो कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई। 12 सितंबर को सुनवाई हुई थी। पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश अलका यादव ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि सहआरोपी बुआ की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में उसकी भूमिका सदिग्ध मिली है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1172/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 12.09.2024

**सूचना प्रकाशन**

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सर्वेश कुमार पुत्र रामशंकर | श्री शिवदयाल पुत्र हरदयाल | सिकन्दरपुरा–1 | 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

## एक नजर

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला को सांड़ ने पटक कर मार डाला

**खैरीघाट, बहराइच।** जनपद के ग्राम पंचायत बेहोरिकापुर के इमामगंज निवासी एक महिला मंगलवार सुबह अपने घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकली। इमामगंज रोड पर टहलते समय सांड ने हमला कर दिया। कई बार सींग से पटक दिया। महिला की सांड के हमले में मौत हो गई। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहोरिकपुर के इमामगंज निवासी कुसुमा देवी (35) राजू पाल प्रतिदिन की तरह मंगलवार सुबह उठी। इसके बाद वह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली। महिला इमामगंज मार्ग पर टहलने लगी। तभी एक सांड़ आ गया। उसने महिला पर हमला कर दिया। सींग से फंसाकर सांड़ ने महिला को उठाकर पटक दिया।

### दुष्कर्म के प्रयास में युवक को 6 साल की सजा

**अयोध्या :** विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास करने में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 6 साल के कारावास व 30 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय, सतीश चंद्र देवरस व अधिवक्ता हरिओम दुबे ने बताया कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता 8 दिसंबर 2015 को रात गांव में ही एक शादी में शामिल होने के बाद अकेले अपने घर जा रही थी। एक व्यक्ति ने पीछे से उसे पकड़ लिया और उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला ने युवक की अंगुली में दांत काट लिया। गांव के कुछ लोग आ गए तो वह भाग गया।

# सत्ता के सिमसिम दरवाजे की चाबी के कई अलीबाबा

## जम्मू-कश्मीर विधान सभा चुनाव के पहले चरण का आज होने वाला मतदान तय कर सकता सरकार की दिशा

जम्मू कश्मीर सत्ता संग्राम

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने और राज्य का दर्जा खत्म होने के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले चुनाव में बुधवार को होने वाला पहले चरण का मतदान भावी सरकार की दिशा तय करने में बड़ी तस्वीर साबित हो सकता है। इसकी बड़ी वजह, राज्य में बने वह राजनीतिक हालात हैं, जिनके चलते किसी एक दल या गठबंधन को बहुमत मिलने की संभावना नहीं जताई जा रही है। ऐसे में मतदान से पहले सत्ता की चाबी किसके पास रहेगी, कौन बनेगा किंग मेकर के सवाल पर छिड़ी बहस को सांसद इंजीनियर रशीद की अवामी इत्तिहाद पार्टी ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के साथ गठजोड़ करके और उलझा दिया है। इंजीनियर राशीद और जमात का गठबंधन कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी दोनों का नुकसान कर रहा है, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है। इस परिदृश्य का फायदा केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा उठा सकती है, जिसने पहले से ही घाटी में सज्जाद लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस तथा अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी को आगे बढ़ाकर चुनाव के बाद अपनी सरकार बनाने के लिए संभावनाओं का दरवाजा खोल रखा है। पीडीपी में हुई टूट से पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी को मजबूती मिली है और कई सीटों पर दोनों दल मुकाबला रोचक बना रहे हैं।


महबूबा मुफ्ती।


फारुख अब्दुल्ला।


राशीद इंजीनियर।

पहले चरण में जम्मू के डोडा, किश्तवाड़, रामबन जिलों की 8 और दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां व कुलगाम जिलों की 16 सीटों पर वोट पड़ेंगे। भाजपा जम्मू की 8 और कश्मीर की 8 सीटों पर मैदान में है। कांग्रेस-नेशनल कांन्फ्रेंस गठबंधन सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार रखे हैं, जिनमें 4 सीटों पर दोस्ताना मुकाबला है। पीडीपी भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, अपनी पार्टी, राशीद इंजीनियर की पार्टी, जमात-ए-इस्लामी समर्थित निर्दलीय और गुलाम नबी आजाद की पार्टी के प्रत्याशियों ने भी जोर लगा रखा है। कुल 219 उम्मीदवारों में लगभग आधे निर्दलीय हैं। इसके चलते आधा दर्जन सीटों पर त्रिकोणीय तो बाकी क्षेत्रों में बहुकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है।

जम्मू संभाग की सभी 8 सीटों पर अगर चुनाव प्रचार में भाजपा ने अपनी ताकत दिखाई है, तो घाटी की 16 सीटों पर उसके विरोधियों का दबदबा नजर आता है। यहां नेशनल कांन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन और पीडीपी अपने शासन काल और आगे की राजनीति को लेकर एक-दूसरे को जमकर निशाने पर लिए हैं, तो इंजीनियर राशीद की आवामी इत्तेहाद पार्टी, पूर्व मंत्री अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी, गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के साथ ही जमात-ए-इस्लामी के समर्थन वाले निर्दलीयों ने भी प्रचार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बहुकोणीय संघर्ष में भाजपा के छिपे समर्थन से निर्दलीय या अपनी पार्टी अगर 3-4 सीटें जीत सकती है, तो इंजीनियर राशिद के प्रत्याशी भी कुछ सीटों पर कमाल दिखा सकते हैं।

- जम्मू क्षेत्र की 8 और दक्षिण कश्मीर इलाके की 16 सीटों में 6 पर त्रिकोणीय बाकी में नजर आ रहा है बहुकोणीय मुकाबला
- भाजपा को पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, अपनी पार्टी को समर्थन की रणनीति में इंजीनियर राशीद और जमात के गठजोड़ से संजीवनी

### त्रिकोणीय संघर्ष में फंसी महबूबा की बेटी इल्तिजा

- पहले चरण में घाटी में सबसे कांटे का मुकाबला बिजबेहरा सीट पर गिना जा रहा है। यहां सिर्फ 3 प्रत्याशी ही मैदान में हैं। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा यहां से पहला चुनाव लड़ रही हैं। करीब 3 दशक से इस सीट पर मुफ्ती परिवार या पीडीपी का कब्जा है। लेकिन यह भी तथ्य है कि महबूबा मुफ्ती 2024 का लोकसभा चुनाव जिस अनंतनाग लोकसभा सीट से हारी थीं, बिजबेहरा उसी का हिस्सा है। यहां इल्तिजा को नेशनल कांन्फ्रेंस के बशीर अहमद कड़ी चुनौती दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी सोफी यूसुफ ने लड़ाई को तिकोना बनाने में जमकर मेहनत की है।


इल्तिजा मुफ्ती–पीडीपी से मैदान में ।

### किश्तवाड़ सीट पर शगुन बनेंगी भाजपा का शगुन?

- जम्मू क्षेत्र की किश्तवाड़ विधानसभा सीट काफी चर्चा में रही है। यहां भी भाजपा, पीडीपी और नेशनल कांफ्रेस के बीच दिलचस्प त्रिकोणीय मुकाबला है। भाजपा से यहां शगुन परिहार ने जमकर पसीना बहाया है। वह इलेक्ट्रॉनिक्स में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रही हैं। 1 नवंबर, 2018 को उनके पिता अजीत और चाचा व भाजपा के सचिव अनिल परिहार की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस सीट पर शगुन का मुकाबला नेशनल कांन्फ्रेंस और कांग्रेस के साझा प्रत्याशी और दो बार के विधायक सज्जाद अहमद किचलू से है, तो पीडीपी के फिरदौस टॉक ने भी पूरा जोर लगा रखा है। किश्तवाड़ सीट पर नेशनल कांन्फ्रेंस ने सर्वाधिक 6 बार जीत दर्ज की है। कांग्रेस 3 बार जीती है, जबकि 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा जीती थी। उसके प्रत्याशी सुनील शर्मा ने विधायक सज्जाद अहमद किचलू को हराया था।


भाजपा प्रत्याशी– शगुन परिहार।

# सहा. स्टोर कीपर परीक्षा में आएंगे 100 सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपीएसएसएससी ने लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम जारी किया
- एक गलत सवाल होने पर एक चौथाई अंक काट लिया जाएगा

**अमृत विचार।** यूपीएसएसएससी ने सहायक स्टोर कीपर और सहायक ग्रेड-तीन के पदों के लिए लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम जारी किया है। कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और 2 घंटे की परीक्षा होगी। परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन भी होगा।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की ओर से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में सहायक स्टोर कीपर के 199 पदों पर और उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड के सहायक ग्रेड-तीन के एक पद के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक विधान जायसवाल के अनुसार परीक्षा दो घंटे की होगी और इसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन किया जाएगा।

एक गलत सवाल होने पर एक चौथाई अंक काट लिया जाएगा। यानी चार सवाल गलत होने पर एक अंक कट जाएगा। परीक्षा में प्रश्नपत्र के पांच भाग होंगे। पहले भाग में हिंदी परिज्ञान व लेखन योग्यता के 20 सवाल पूछे जाएंगे। दूसरे भाग में सामान्य बुद्धि परीक्षा के 20 प्रश्न होंगे, तीसरे भाग में सामान्य जानकारी के 20 सवाल, भाग चार में कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान के 20 प्रश्न और पांचवें भाग में 20 सवाल उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी के होंगे। परीक्षा में पूछे जाने वाला पाठ्यक्रम व उससे संबंधित संपूर्ण जानकारी आयोग की वेबसाइट https://upsssc.gov.in पर उपलब्ध है।

# केजरीवाल का इस्तीफा देना चुनावी चाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक्स' पर कहा कि जनहित से दूर केवल पैंतरेबाजी है

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चुनावी चाल है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि यह जनहित से दूर केवल पैंतरेबाजी है, पर उनके लंबे समय तक जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो अनगिनत असुविधाएं व समस्याएं झेलीं, उसका हिसाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि सत्ता व विपक्ष के बीच राजनीतिक लड़ाई शत्रुता स्तर तक कटु न हो तो बेहतर रहेगा, ताकि देश व जनहित प्रभावित न हो। प्रदेश में बसपा सरकार को भी ऐसे दिन देखने पड़े थे, जब केंद्र की कांग्रेस सरकार ने जेवर एयरपोर्ट व गंगा एक्सप्रेसवे पर रोड़े अटकाए थे और जनहित व विकास को बाधित किया था।



# एसडीएम से अमीन तक के लिए ड्रेस कोड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने दिया आदेश, पॉकेट पर राजस्व विभाग का लोगो जरूरी
- यह आदेश तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो लेखपाल पर भी लागू

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग में उप जिलाधिकारी से लेकर संग्रह अमीनों तक के लिए ड्रेस लागू कर दिया गया है। राजस्व परिषद अध्यक्ष की ओर से जारी आदेश के मुताबिक राजस्व विभाग में ये सभी अधिकारी और कर्मचारी अब सफेद शर्ट और नीला ब्लेजर पहनेंगे। शर्ट और ब्लेजर दोनों की पॉकेट पर राजस्व विभाग का लोगो भी लगा होगा। सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को इस आदेश का शत-प्रतिशत तौर पर पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

लखनऊ में 12 अगस्त को हुई राजस्व परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया था जिसे लागू कराने के लिए अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त जेबी यादव ने सभी जिलों को बैठक के मिनट्स भेजे हैं। राजस्व परिषद अध्यक्ष की ओर से जिलाधिकारी और मंडलायुक्त को निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से ड्रेस कोड का पालन सुनिश्चित कराएं। प्रमुख बात यह है कि राजस्व विभाग में अमीन, लेखपाल और राजस्व निरीक्षक जैसे कर्मचारियों के साथ एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लिए एक ही ड्रेस कोड लागू किया गया है।

बताया जा रहा है कि राजस्व परिषद की ओर से ड्रेस लागू करने की तैयारी लंबे समय से चल रही थी लेकिन अब इसे लागू किया जा रहा है। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 12 अगस्त को सभी जिलाधिकारी और मंडलायुक्तों के साथ बैठक की थी। इसके 28 दिन बाद बैठक में लिए गए निर्णय लागू करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि बरेली में अभी किसी अधिकारी ने ड्रेस कोड का पालन शुरू नहीं किया है।

# महिला अपराध रोकने को हेल्पलाइन नंबर जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला के साथ कोई उत्पीड़न न हो, इसको लेकर भी महिला आयोग सतर्क रहेगा

**अमृत विचार:** उप्र. राज्य महिला आयोग ने उत्तर प्रदेश में अपराध पर रोक लगाने के लिए दो टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर, वेबसाइट, व्हाट्सएप नंबर एवं मेल आईडी जारी किया है। इसपर पीड़ित महिला अपनी शिकायतें कर सकती हैं और मदद के लिए फोन भी कर सकती हैं। बीते दिनों गठित महिला आयोग की मंगलवार को हुई बैठक में अध्यक्ष बबीता चौहान और दो उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व चारू चौधरी व अन्य सदस्य शामिल रहीं।

मंगलवार को मानवाधिकार भवन, गोमतीनगर में हुई बैठक में सभी 75 जिलों में सदस्यों को जनसुनवाई के लिए भेजे जाने का निर्णय लिया गया। महिला अयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कहा कि पूरी कोशिश रहेगी की महिला आयोग पहुंचने वाली प्रत्येक महिला को तुरंत इंसाफ मिले। किसी भी महिला के साथ कोई उत्पीड़न न हो, इसको लेकर भी महिला आयोग सतर्क रहेगा।

उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता यही है कि महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न को रोका जाए। इसको लेकर जरूरी है कि समय-समय पर जागरूक कार्यक्रम हों। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में पुरुष भी ऐसे हैं जो प्रताड़ित होते हैं, उनको लेकर भी महिला आयोग काम करेगा। पुरुष उत्पीड़न को भी रोकने के लिए कार्रवाई होगी। हमारे समाज में महिला और पुरुष दोनों की की सुरक्षा बराबर की होनी चाहिए।

# हाथी दांत की तस्करी करने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

**बरेली :** हाथी के दांतों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 किलो वजन के 2 हाथी दांत बरामद किए गए हैं। थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हाथी दांत तस्करों को टीम ने मंगलवार रात करीब 8 बजे सीबीगंज में दिल्ली हाईवे के पुन्नापुर मोड़ पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर आदित्य विक्रम शहर की ग्रीन पार्क कॉलोनी और करन सिंह डोहरा रोड पर वेदांता अस्पताल के पास रहने वाला है। तीसरे की पहचान नानकमत्ता गुरुद्वारा (उत्तराखंड) के पास रहने वाले नत्था सिंह के रूप में हुई। एसटीएफ के सीओ अब्दुल कादिर ने बताया कि बरामद हाथी दांतों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 70 लाख है।

# 'ई-मंडी लॉटरी सिस्टम' के लिए बनेगा वेब आधारित एप व पोर्टल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपीडेस्को को सौंपा गया है एप व पोर्टल के विकास का जिम्मा

**अमृत विचार।** राज्य में 'ई-मंडी लॉटरी सिस्टम' के लिए वेब आधारित एप व पोर्टल पर फोकस किया जा रहा है। रा यूपी डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को इस कार्य का जिम्मा सौंपा गया है। इस प्रक्रिया के पूरा होने पर नवनिर्माणाधीन एप व पोर्टल को लॉटरी ट्रेल सिस्टम, कूपन जेनरेशन व यूजर इंटरैक्शन समेत 6आर प्रोग्रामिंग डाटा से युक्त करने में मदद मिलेगी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार इस परियोजना का उद्देश्य कृषि प्रबंधन के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाना है, जो उपयोगकर्ता के अनुकूल मंच प्रदान करता है। साथ ही, इस प्रक्रिया के अंतर्गत 6आर डेटा को सहजता से एकीकृत करने में मदद मिलेगी। सुरक्षित उत्पादक पोर्टल और गतिशील मंडी/ज़ोन लॉटरी की सुविधा उपलब्ध कराकर, सॉफ़्टवेयर का उद्देश्य उत्पादकों की भागीदारी को बढ़ावा देना और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र की समग्र समृद्धि में योगदान करना है। परियोजना का दायरा एक व्यापक सॉफ़्टवेयर समाधान के विकास को शामिल करता है।

प्लेटफ़ॉर्म क्रेडिट एलोकेशन की अक्षमताओं को संबोधित करेगा, उत्पादकों इंटरैक्शन को बढ़ाएगा और कृषि क्षेत्र की समग्र दक्षता और समृद्धि में योगदान देगा। इसके लिए, सीमलेस इंटीग्रेशन, सिक्योर ग्रोअर पोर्टल्स का निर्माण, डायनामिक लॉटरी प्रक्रिया, क्रेडिट ऑप्टिमाइजेशन, स्केलेबिलिटी, यूजर फ्रेंडली डिजाइन, लॉटरी सिस्टम के लिए नोटिफिकेशन सिस्टम समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से युक्त किया जाएगा।

यह इंटीग्रेटेड सुविधाओं से लैस होगा जिसके जरिए मंडी की कार्य प्रणाली व निर्धारण को विभिन्न स्तरों पर मॉनिटर किया जा सकेगा। इसके जरिए मिलने वाली सुविधाओं व फीडबैक का संकलन भी किया जाएगा और इसके आधार पर रैंकिंग सिस्टम जैसी प्रक्रिया को भी पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के लिए यूपीडेस्को से पहले से इंपैनल्ड कंपनियों को तरजीह दी जाएगी। एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के बाद 30 दिन के अंदर सभी निर्धारित कार्यों को पूरा करने की समयावधि तय की गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पिता की मृत्यु दिनांक 08.08.2008 को हो गयी है जो खसरा संख्या–370/1ब ग्राम निजामपुर, मल्हौर परगना व तहसील व जिला लखनऊ के हिस्से में स्थित है, भूखण्ड संख्या–370/1ब पर स्थित है इस सम्पत्ति पीरामल कैपिटल एवं हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड द्वारा एक लोन जारी किया गया था। जिसके सभी भुगतान दिये गये है, मैं चाहता हूँ कि इस सम्पत्ति के कागजात जारी किया जाये, कोड (00000036) । **उमेश कुमार पुत्र स्वर्गीय रामू निवासी तिलक मार्ग, बरैल नम्बर–17 लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **गौरव कुमार सिंह, नि0–88,89 चौपुला दीपमाला अस्पताल के सामने, तह0 व जिला बरेली, उ0प्र0– पिन कोड– 243003,** यह कि मेरा पुत्र कक्षा 10 का छात्र है मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में किंग अंकित है जबकि मेरे पुत्र का सही व पूरा नाम किंग सिंह है। जो उसके आधार कार्ड में अंकित है। यह कि उक्त नाम किंग व किंग सिंह यह दोनों नाम एक ही बच्चे के है तथा मेरे पुत्र के ही है। अत: मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेख में किंग सिंह अंकित कर लिया जाये ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विनोद कुमार रावत पुत्र शिवराम रावत, निवासी– प्लाट नं0–23बी बेंगरिया कन्हैया बालाजी मन्दिर सीतापुर बाईपास के पास चौक काकोरी, लखनऊ,** मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अपूर्व है जबकि नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अपूर्वा कर दिया गया है। अपूर्व एवं अपूर्वा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम ALI AHMAD था अब मैंने बदलकर अपना नाम ALI AHAMAD रख दिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: KHURAME ALI R/O: PURANI BAZAR KHARGUPUR BAZAR POST KHARGUPUR IMILIA GONDA, UTTAR PRADESH - 271204

**सूचना**

पहले मेरा नाम KHOORAM ALI था अब मैंने बदलकर अपना नाम KHURAME ALI रख दिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: CHADEN R/O: PURANI BAZAR KHARGUPUR BAZAR POST KHARGUPUR IMILIA GONDA UTTAR PRADESH - 271204

**सूचना**

पहले मेरा नाम ISTIYAQUN NISHA था अब मैंने बदलकर अपना नाम ISTIYAKUN BIBI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: MOHAMMAD ASHIQ, R/O: 536KA/291 MAKKAGANJ SITAPUR ROAD,KHADRA, NIRALA NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH- 226020

**सूचना**

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VISHVAMBHAR के स्थान पर VISHVAMBHAR KUMAR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। VISHVAMBHAR KUMARपुत्र SURENDRA GOND **मं0नं0 13, ग्राम–जगदीशपुर पोस्ट –पिडरा थाना हाटा जिला कुशीनगर**

**सूचना**

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VISHVAMBHAR के स्थान पर VISHVAMBHAR KUMAR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। VISHVAMBHAR KUMARपुत्र SURENDRA GOND **मं0नं0 13, ग्राम–जगदीशपुर पोस्ट –पिडरा थाना हाटा जिला कुशीनगर**

**सूचना**

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम राजू कुमार से बदलकर राजू कुमार सिंह रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **राजू कुमार सिंह पुत्र शम्भू कुशवाहा ग्राम नियरवा, पोस्ट रहीमपुर, जिला देवरिया**

**सूचना**

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद सलीम से सलीम रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **सलीम पुत्र जहूर निवासी वार्ड नं 12 महादेव मोहल्ला बड़हलगंज, चिल्लूपार, जिला गोरखपुर**

**बैठक** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने राज्य आपदा प्रबन्धन समिति की बैठक में दिए निर्देश

# नगरीय बाढ़ की समस्या का प्रबंधन करें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ के निकटवर्ती क्षेत्रों में अर्बन फ्लडिंग (नगरीय बाढ़) की समस्या के निपटारे के लिए प्रथम चरण में परियोजना का कार्य सुनियोजित तरीके से गोमती नदी की ओर से शुरू किए जाएं। इस दौरान ध्यान रखा जाए कि आमजन के घरों को नुकसान न हो।



मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को राज्य आपदा प्रबन्धन समिति राज्य कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। बैठक में तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अर्बन फ्लडिंग के कारण उत्पन्न आपदा जैसी स्थिति के निपटारण के लिए नालों की मरम्मत के लिए राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से 209.15 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

बताया गया कि मानसून सत्र में अत्यधिक वर्षा होने के कारण गोमती नगर योजना स्थित विभूति खण्ड में हाईकोर्ट के निकटवर्ती क्षेत्र में अर्बन फ्लडिंग के कारण आपदा जैसी समस्या के निस्तारण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा आईआईटी रुड़की के जरिए पूरे कैचमेंट एरिया की हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन कराया गया। क्षेत्र का ड्रेनेज प्लान तैयार कराया गया। हाइड्रोलॉजिकल स्टडी की रिपोर्ट के अनुसार नगर निगम लखनऊ द्वारा एनसीपीई इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया से नालों के सुदृढ़ीकरण के लिए 209.15 करोड़ रुपये का डीपीआर तैयार कराते हुए उपलब्ध कराया गया है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका गर्ग, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद, सचिव गृह राजेश कुमार, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रंजन कुमार आदि रहे।

### अयोध्या में नगरीय बाढ़ प्रबन्धन के लिए भी बजट

- इसी तरह अयोध्या शहर में नगरीय बाढ़ प्रबन्धन के लिए राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से 267.25 करोड़ रुपये दिये जाने के प्रस्ताव को राज्य कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इससे नगर निगम अयोध्या सीमान्तर्गत शहरी क्षेत्रों में बाढ़ एवं जल भराव की समस्या के निस्तारण में मदद मिलेगी।

# 58.44 करोड़ रुपये से होगा नैनी औद्योगिक क्षेत्र का कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार प्रयागराज के नैनी औद्योगिक क्षेत्र का अब 58.44 करोड़ रुपये से कायाकल्प करने की तैयारी में है। इसके तहत कचरा प्रबंधन, सड़क सुधार, जल आपूर्ति और विद्युत अवसंरचना समेत अनेक सुविधाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी के सुझाव पर उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) इस परियोजना को अंजाम देगा।

इस कवायद में औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 2.6 किमी सड़कों की सूरत बदल जाएगी। दोनों ओर चौड़े, इंटरलॉकिंग फुटपाथ बनाए जाएंगे। वहीं, एक नया 200 मीटर गहरा ट्यूबवेल 400 मिमी व्यास की पाइप के साथ स्थापित होगा। जलापूर्ति के लिए एक पंपिंग प्लांट भी स्थापित होगा। दूसरी तरफ, फुटपाथ, प्रवेशद्वार और मुख्य सड़कों पर कंक्रीट की स्लैब और बेंच बनेंगी। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज नैनी में उन्नयन कार्यों के जरिए राज्य को औद्योगिक अवसर और संभावनाएं मिलेंगी और प्रयागराज एक सशक्त औद्योगिक मॉडल के रूप में उभरेगा। क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कचरा प्रबंधन प्रणाली लागू की जाएगी। जबकि बिजली वितरण सुनिश्चित करने के लिए 33/11 केवी सबस्टेशन का निर्माण होगा।

## एक नजर

### तीन आईपीएस, दो पीपीएस का स्थानांतरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने मंगलवार को तीन आईपीएस और दो पीपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया। 2021 बैच की आईपीएस अंशिका वर्मा सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) बरेली बनाया गया है। 2020 के आईपीएस मानुष पारिक को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) बरेली को पुलिस अधीक्षक नगर बरेली बनाया गया है। 2021 बैच के कुंवर आकाश सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक मथुरा से स्थानांतरित कर प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद बनाया गया है। उधर, पीपीएस अधिकारियों में एएसपी सुल्तानपुर को एएसपी चुनाव प्रकोष्ठ मुख्यालय बनाया गया है जबकि अखंड प्रताप सिंह को एएसपी चुनाव प्रकोष्ठ से एएसपी सुल्तानपुर बनाया गया है।

### अयोध्या, काशी और मथुरा में शुरू होगा वाटर स्पोर्ट्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोवा और केरल की तर्ज पर उप्र. में भी जल भ्रमण की सुविधा मिलेगी। पर्यटन विभाग ने अयोध्या, काशी और मथुरा में ओपेन कैटामारन बोट संचालन का निर्णय लिया है। इसके लिए उप्र. राज्य पर्यटन निगम ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) को पत्र लिखकर तैयारी शुरू कर दी है। जलमार्ग प्राधिकरण छह कैटामारन बोट उपलब्ध करायेगा। यह जानकारी मंगलवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या, काशी, मथुरा में दो-दो बोट का संचालित होंगी। जलमार्ग प्राधिकरण ने राज्य पर्यटन निगम को पिछले महीने अयोध्या और काशी में कैटामारन, प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बोट हैंडओवर किया था। प्रयागराज में दो मिनी क्रूज बोट में 30-30 लोगों व छह मोटर बोट में चार पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था है। पर्यटन निगम के द्वारा बरसात के बाद इन सभी का संचालन शुरू किया जाएगा।

### बच्चों को लगाए जाएंगे डिप्थीरिया-टिटेनस के टीके

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य में 42 जिलों के चयनित ब्लॉक में अभियान चलाकर विद्यालयों में बच्चों को टिटेनस और डिप्थीरिया (टीडी) व डिप्थीरिया, परट्युसिस तथा टिटेनस (डीपीटी) के टीके लगाए जाएं| यह निर्देश, परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने सभी जिलों के जिला प्रतिरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ मिलकर विद्यालयों में टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार कर लें।

# स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी पीएमएसएच चिकित्सकों की दूसरी सूची

## पहली सूची पर उठे थे सवाल, अयोग्य चिकित्सक थे शामिल, नीट पीजी काउंसिलिंग में शामिल करने के लिए मांगी गई अंतिम सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार खबर का असर**

**अमृत विचार :** चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नीट पीजी काउंसिलिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजी गयी प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के अभ्यर्थियों की सूची निरस्त करते हुए, 18 सितंबर बुधवार तक दूसरी सूची मांगी है।

नई सूची में शामिल एमबीबीएस चिकित्सकों को विशेषज्ञ बनने के लिए परास्नातक (एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी) में दाखिला लेने का अवसर मिलेगा। यह कार्रवाई मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा हि.दै.अमृत विचार में, 'पीएमएसएच डॉक्टरों की सुची पर शुचिता पर उठे सवाल' शीर्षक से 8 सितंबर 2024 को प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर की गई है।


पीएमएसएच के डॉक्टरों की जारी सूची की शुचिता पर उठे सवाल

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग से नीट पीजी में शामिल एमबीबीएस चिकित्सकों की दूसरी मांगी है। यह सूची नेशनल इलीजिबीलिटी-कम-इंट्रेन्सटेस्ट (एनईईटी) द्वारा मेरिट सूची के आधार पर, उत्तीर्ण चिकित्सकों को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध भारांक देने के बाद तैयार की जायेगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को स्पष्ट कर दिया है कि दूसरी सूची ही अंतिम सूची होगी, इसमें शामिल चिकित्सकों को काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

### यह है मामला

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र स्थित अस्पतालों में एक से तीन साल तक सेवाएं देने वाले पीएमएसएच चिकित्सकों को पीजी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए भारांक दिया जाता है। एक साल में 10 प्रतिशत और दो साल में 20 व तीन साल में 30 प्रतिशत का भारांक, नीट परीक्षा में प्राप्त अंक में जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जाती है। पूर्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजी गई सूची में चिकित्सकों को भारांक देकर शामिल किए जाने का आरोप लगा था जो कट ऑफ लिस्ट में नहीं थे।

# अपराधियों में भी जाति देख रहे हैं अखिलेश : भूपेंद्र सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, जनता जान चुकी है संविधान को सूली पर टांगने वाले विपक्षी गठबंधन का झूठ

**अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि हर चीज में जाति देखने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपराधियों में भी जाति देख रहे हैं। ये लोग जातिवादी मुद्दों को हवा देते हैं। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, विपक्ष के विभेदकारी और संविधान विरोधी नैरेटिव को देश की जनता ने नकार दिया है। इमरजेंसी लगाकर संविधान को सूली पर टांगने वाली कांग्रेस और इंडी गठबंधन का झूठ जनता जान चुकी है, उसे मोदी और उनके कामों पर भरोसा है।

भूपेंद्र चौधरी ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए केन्द्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर पत्रकारों से उपलब्धियां साझा कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस उत्तर प्रदेश के लोगों को धर्म, जाति व भाषा के आधार पर बांटकर राजनीति करना चाहती हैं। प्रदेश की जनता इन दलों के झांसे में नहीं आने वाली है।

भूपेन्द्र चौधरी ने कहा, भाजपा की सरकार निष्पक्ष रहते हुए बिना किसी भेदभाव के अपना काम कर रही है। भाजपा ने अपराधमुक्त सरकार का वादा किया था। अब भाजपा जब अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है तो अखिलेश यादव को तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार दलितों, वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने, संवैधानिक अधिकार, समाजिक न्याय और सभी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

### 100 दिन में 15 लाख करोड़ की योजनाएं शुरू कीं

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा,


भूपेंद्र सिंह चौधरी

अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में मोदी सरकार ने 15 लाख करोड़ की योजनाएं शुरू की है, टैक्स राहत दी और किसानों के खाते में तीन लाख करोड़ रुपये पहुंचाने का काम किया है। आज देश की आंतरिक सुरक्षा और बाहरी सुरक्षा मजबूत है। हमारी इकोनामी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। 60 साल बाद देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल है।

# युवा उद्यमियों के लिए नई लोन स्कीम जल्द : योगी

**05** लाख रुपये का ऋण मिलेगा पहले चरण में

**10** लाख रुपये का ऋण मिलेगा दूसरे चरण में

## मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा दिवस पर किया ऐलान, एमएसएमई इकाइयों को वितरित किया 50 हजार करोड़ का ऋण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ श्रम सम्मान, ओडीओपी समेत विभिन्न कारीगरों व हस्तशिल्पियों को दिए टूलकिट

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वकर्मा दिवस पर ऐलान किया कि युवा उद्यमियों के लिए एक नई स्कीम आने जा रही है। पहले चरण में पांच लाख और दूसरे चरण में 10 लाख का लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एमएसएमई इकाइयों को 50 हजार करोड़ का ऋ्रण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, ओडीओपी समेत विभिन्न कारीगरों व हस्तशिल्पियों टूलकिट वितरण कार्यक्रम में कहा कि 40 करोड़ के मिले निवेश से प्रदेश जल्द ही पहले नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा। इससे हर खेत में पानी, हर हाथ को रोजगार और हर बेटी को सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे आयोजन प्रदेश के अलग अलग कमीश्नरी स्तर पर भी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि यूनिटी मॉल के कार्यक्रम को तेजी से बढ़ाना है तथा टेक्सटाइल पार्क, फ्लैटेड फैक्ट्री व 11 प्लेज पार्क की स्कीम को भी स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही नवाचार होने चाहिए, विभाग लकीर का फकीर नहीं हो सकता।



लखनऊ में हस्तशिल्पियों व कारीगरों को टूलकिट वितरित करते मुख्यमंत्री योगी। साथ में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

**'नए भारत' के शिल्पी हैं प्रधानमंत्री मोदी**

योगी ने कहा कि आज विश्वकर्मा दिवस व अनंत चतुर्दशी है और नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। उनके अनुसार, यह मेरे लिए महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में शुरू की गई योजनाएं लाखों लोगों को लाभ पहुंचाने के साथ ही आय बढ़ाने का माध्यम बन रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का जो युवा पहले रोजगार के लिए भागता था, आज उसे अपने जनपद में ही अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। इसमें बैंकर्स की भी बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य का पैसा विकास व युवाओं के रोजगार के लिए खर्च हो रहा है। ओडीओपी के अंतर्गत कोई भी उद्यम लगाएगा तो 1000 दिन तक एनओसी की आवश्यकता नहीं है। हमने व्यवस्था की कि जो भी इस प्रकार के उद्योग लगेंगे वह एमएसएमई में रजिस्ट्रेशन कराएं और उसे पांच लाख रुपए की सुरक्षा बीमा का कवर देंगे। साथ ही, स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए अगले 10 वर्षों में 10 लाख युवाओं को ब्याज रहित ऋ्रण उपलब्ध कराने की बात भी कही।

कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, प्रमुख सचिव (एमएसएमई) आलोक कुमार, सचिव प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक वी.के पांडियन, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शरद चांडक आदि शामिल रहे। योगी को बजरंग बली की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। आयोजन मे विश्वकर्मा श्रम सम्मान को लेकर एक शार्ट फिल्म भी दिखाई गई।

### हर जनपद में होना चाहिए टूलकिट वितरण कार्यक्रम

योगी ने कहा कि टूलकिट वितरण कार्यक्रम हर जिले में होना चाहिए। इसके लिए टाइम टेबल तय होना चाहिए। एक वर्ष के अंदर पूरे प्रदेश के हर जनपद के कारीगरों को प्रशिक्षण देने के साथ, कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर बने, पीपीपी मोड से अवगत कराएं और उसकी ब्रांडिंग को लेकर ट्रेनिंग दें। उन्होंने प्रतिदिन हस्तशिल्पियों को मानदेय देने का सुझाव दिया और फिर बड़े स्तर पर लोन मेला आयोजित कराकर लोन देने की अनुशंसा की जिसमें गारंटी सरकार की होगी।

# नहीं मिला मनरेगा कर्मियों को वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ, बरेली, बदायूं, कानपुर, वाराणसी, सहारनपुर समेत 40 जिलों में संविदा और आउटसोर्स पर तैनात मनरेगा कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। किसी का अप्रैल तो किसी का जून से बकाया है।

उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर व ग्राम रोजगार सेवक समेत करीब 42 हजार कर्मचारी प्रभावित हैं। वे आर्थिक संकट से जूझ रहे है।

# मेरठ में कालीन कारोबारी के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेरठ के चर्चित कालीन कारोबारी एवं निर्यातक जितेंद्र गुप्ता के आवास सहित चार ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने मंगलवार को एक साथ छापा मारा। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि फैक्ट्री संचालक के साकेत स्थित घर, परतापुर स्थित कालीन फैक्ट्री, रेलवे रोड स्थित बर्फ की फैक्ट्री और शीतगृह पर छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान क्या-क्या मिला, इसका खुलासा भी ईडी अधिकारियों ने नहीं किया है।

बता दें कि जितेंद्र गुप्ता 2014 में प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान में 9 रत्नों में शामिल रहे थे। प्रधानमंत्री ने उनसे अपने आवास पर मुलाकात की थी। उन्होंने मेरठ के ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों खर्च करके चार हजार से ज्यादा शौचालय बनवाने में मदद की थी। सीएम योगी ने इन्हें दो अक्टूबर 2019 में स्वच्छता ही सेवा सम्मान के लिए लखनऊ में सम्मानित किया था।

# योजनाओं में फंसे पशु चिकित्सक 2 :30 बजे के बाद इलाज मुश्किल

**अमृत विचार एक्सक्लूसिव**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के पशुचिकित्सक योजनाओं से दबे हुए हैं। अस्पतालों पर स्टॉफ की भारी कमी है। इस वजह से ज्यादातर चिकित्सकों के पास सरकारी उपचार के अलावा गाइडलाइन के मुताबिक दोपहर 2:30 बजे के बाद निजी प्रैक्टिस करने का समय नहीं है।

सरकारी अस्पताल का समय सुबह 8 से दोपहर 2:30 बजे तक है। जबकि ज्यादातर समय अन्य कार्यों में बाहर रहते हैं। आकस्मिक स्थिति में भी अस्पताल व क्षेत्रों में कम पहुंचते हैं। चिकित्सक दोपहर 2:30 बजे के बाद नॉन प्रैक्टिस एलाउंस न मिलने पर निजी प्रैक्टिस भी कम करते हैं। ऐसी स्थिति में अक्सर सेवा प्रभावित होने पर पशुओं को आकस्मिक स्थिति में उपचार नहीं मिलता है। निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि जो भी विभागीय कार्य हैं वह चिकित्सक करते हैं। किसी तरह की समस्या नहीं है।

### 1962 सेवा लाचार

ज्यादातर सरकारी अस्पताल दोपहर 2 :30 बजे के बाद बंद हो जाते हैं। जबकि आकस्मिक स्थिति में चिकित्सकों की ड्यूटी 24 घंटे रहती है। निजी प्रैक्टिस करने के साथ अस्पताल से 12 किमी के दायरे में ही रहना होता है। आकस्मिक स्थिति के लिए 1962 सेवा मोबाइल वेटरनरी यूनिट संचालित है। जो लापरवाही के कारण पशुओं के उपचार में खरी साबित नहीं हुई है।

### अस्पताल नहीं हो पाए नॉन प्लान

प्रदेश में प्लान और नॉन प्लान पशु अस्पताल हैं। चिकित्सक, सेवाएं व कार्य एक जैसे हैं। फिर भी प्लॉन के अस्पतालों में चिकित्सकों को वेतन समय पर नहीं मिलता है। ऐसे अस्पताल नॉन प्लान नहीं हो पाए हैं। जबकि यह प्रक्रिया कई साल से चल रही है। वहीं, प्रदेश के ज्यादातर अस्पतालों में स्टॉफ की भारी कमी है।

# तीन राज्यों के आधे से अधिक युवक साइबर अपराध की जद में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कई गांव के युवक अपराध में शामिल, सौ अधिक गिरोह का हो चुका है खुलासा

**अमृत विचार:** साइबर क्राइम के ज्यादातर गिरोह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में सक्रिय है। इन तीनों राज्यों के आधे से अधिक युवक साइबर अपराध के जद में आ रहे हैं। कई ऐसे गांव हैं जहां के सारे युवक साइबर अपराध में जुटे हैं। सौ से अधिक गिरोहों का खुलासा हो चुका है और सैकड़ों जेल जा चुके हैं लेकिन अपराध पर अंकुश नहीं लग रहा है। लगतार नए गिरोह तैयार हो रहे हैं।

साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक ऑन लाइन क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ठगी करने में जहानाबाद, नालंदा, जामताड़ा, गिरीडीह व वेस्ट बंगाल क्षेत्र के लोग इसमें शामिल हैं। साइबर ठगी के पैसे इनके बैंक खातों में गए हैं। यहां के ठगों की ओर से ढाबे व चाय की दुकान पर काम करने वालों के नाम पर बैंक खाता खुलवाकर उसे मात्र 5 से 10 हजार रुपये में खरीद लिया जाता है।

### 10 साल में 14 हजार गिरफ्तार

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार साइबर अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश 2011 में छठवें स्थान पर था। वर्ष 2021 में 8829 मामले दर्ज हुए तो प्रदेश दूसरे स्थान पर पहुंच गया। इस दौरान करीब 14 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, 34 हजार मामलों में आरोप पत्र दाखिल किए गए।

### 49 माह में दर्ज हुए 48973 मामले

पिछले 4 साल 7 माह में प्रदेश कुल 48973 मामले दर्ज किए गए है। आंकड़े बताते हैं 2020 में 11097, 2021 में 8829, 2022 में 10117, 2023 में 11997 और 2024 में 31 जुलाई तक कुल 6933 मामले दर्ज किए गए।

## वर्ग पहेली-195

**बाएं से दाएं**

3.1. अभियोग लगाना, मुकदमा चलाना 2. भली प्रकार जोड़ने या लगाने की क्रिया।

5.1. बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कहा हुआ 2. अविश्वसनीय।

6.1. जवान, नौजवान 2. वह अवस्था जब आदमी की आयु अठारह वर्ष से तीस वर्ष के बीच होती है 3. तरुण।

7.1. एक प्रकार की आतिशबाज़ी 2. नदी या जलाशय के पास की वह छोटी इमारत जिसमें बैठकर चांदनी रात का आनंद लेते हैं 3. चकोतरा नीबू।

**ऊपर से नीचे**

1.1. शोभा या सौंदर्य बढ़ाने वाला, शोभायुक्त 2. सजा हुआ; सज्जित 3. विराजमान।

2.1. राजनीति से संबंधित 2. सियासी 3. प्रशासनिक।

4.1. मथने की क्रिया या भाव 2. वह मटका जिसमें दही मथा जाता है, मथनिया 3. मथानी, रई।

5. अपमान करने वाला।



### वर्ग पहेली -194 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | 2 टा | ■ | 3 उ | ■ | 4 झीं |
| ■ | ल | ■ | प | ■ | क |
| 5 चु | ■ | 6 ङ | ह | 7 क | ना |
| 8 ह | की | क | त | न | ■ |
| ल | ■ | ■ | ■ | 9 क | हीं |
| 10 बा | धि | त | ■ | ना | ■ |
| ज़ी | ■ | ■ | ■ | ना | ■ |

## सुडोकू -108

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 4 | 3 | |
| 5 | | | | | 7 | | 1 | |
| 2 | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 | 5 | 6 |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| 7 | 5 | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 9 | | | 2 | | 3 | | 8 |
| | 6 | | 3 | | | | | 1 |
| | 7 | 1 | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 | 1 | 3 | 4 |
| 8 | 7 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 08 .04 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 19 सितंबर 04 .19 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 11 .00 तक तत्पश्चात उत्तराभाद्रपद।

**मेष:** आज जॉब में अचानक स्थान-परिवर्तन से परेशान होंगे। छोटी-मोटी बातों पर ज्यादा आक्रामक न हों। जमीन से जुड़े मामलों में अड़चन आने की संभावना है। मित्रों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं। आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए।

**वृष:** आज पुराने रोग से मुक्ति मिलने के अच्छे योग हैं। अपना खानपान बेहद संतुलित रखें। सभी काम सही समय पर पूर्ण हो जाएंगे। मनोरंजन के साधनों में रुचि लेंगे। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा।

**मिथुन:** आज विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं। योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। लोग आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे। पिताजी अथवा गुरुजनों के साथ किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। परिवार में थोड़ा काम की अधिकता रहेगी।

**कर्क:** आज बनते हुए कार्यों में विघ्न आने की आशंका है। बुजुर्गों के व्यवहार से आप आहत हो सकते हैं। अध्यात्मिक चिंतन को आप काफी समय देंगे। व्यापारिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित करना पड़ेगा।

**सिंह:** आज का दिन अपनों के बीच शांति से बिताएंगे तो बेहतर होगा। प्रशासन से जुड़े लोगों को सावधान रहना चाहिए। अनैतिक कार्यकलापों की तरफ प्रेरित हो सकते हैं। अपने शुभचिंतकों की सलाह को अन्यथा न लें।

**कन्या:** आज दिनचर्या थोड़ी असामान्य हो सकती है। आपकी योजना सफल होगी। घर में कुछ आगंतुकों का आगमन हो सकता है। विवादित मामलों को सुलझा सकते हैं। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला:** आज घर का माहौल अनुशासित रहेगा। नकारात्मक आदतों को छोड़ने का प्रयास करें। आप दूसरों की सहायता करने की पूरी कोशिश करेंगे। अपनी योजनाओं को लोगों के सामने साझा न करें। लोग आपके भोलेपन का लाभ उठा सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज कारोबार को लेकर टेंशन हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहें। उधार लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या होगी। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें। अपनी क्षमताओं और योग्यता पर संदेह न करें।

**धनु:** आज कुछ लोग आपका मूड खराब करने का प्रयास करेंगे। धन लाभ के नए मौके मिल सकते हैं। उच्च शिक्षा को लेकर काफी मेहनत करेंगे। घर में कुछ लोग आ सकते हैं। आपके विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। इसके कारण आप क्रोधित भी हो सकते हैं।

**मकर:** आज उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। आपकी समस्याओं का समाधान आपको मिल सकता है।

**कुंभ:** आज कला जगत से जुड़े लोगों को बड़े मौके मिल सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकालें इसका ध्यान रखें। यदि सर्दी-खांसी से पीड़ित हैं तो तुरंत उसका इलाज करवाएं। आपको अनावश्यक खर्च करने से बचना चाहिए।

**मीन:** आज साझेदारी वाले व्यापार में अच्छा लाभ हो सकता है। फिलहाल वर्तमान कार्यों में ही ध्यान दें। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आप रोमांचक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
15 अगस्त — सुबह : 10 .59
विक्की डोनर — शाम : 06 .12

**&pictures**
जिगर वाला नं. 1 — सुबह : 10 .41
यू टर्न — रात : 08 .00

**Sony Pix**
मॉर्बियस — सुबह : 11 .36
वंडर वुमन 1984 — रात : 08 .00

**Zee Cinema**
थैंक गॉड — सुबह : 10 .53
द क्रू — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
कभी खुशी कभी गम — सुबह : 10 .00
रुध्रन — रात : 07 .59

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया।
लड़की का पिता- मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू- बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं।
दे जूते दे चप्पल...

पति-पत्नी दोनों कार दुर्घटना में गुजर गए।
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर.आर.21. 2725-2750 गेहूंफारम 2850-2900 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300 -7400 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12100-12200 चनादाल 8800-8900 मटरदाल 4500-4600 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5800-5900 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800-11200 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14300-14400 अलसी 11200-11300 अण्डी 13400-13500 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1860-1858 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5150-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1890-1890 मयूर 1890-1890 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लडडू 4900-4950 देशी भेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4100-4160 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56100-56300 |

# थोक महंगाई अगस्त में चार महीने के निचले स्तर पर

## सब्जियों, खाद्य पदार्थों और ईंधन के सस्ते होने से 1.31% गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आलू-प्याज की मुद्रास्फीति 77.96 व 65.75 प्रतिशत के उच्च स्तर पर



सब्जियों, खाद्य पदार्थों और ईंधन के सस्ते होने से थोक मुद्रास्फीति अगस्त में चार महीने के निचले स्तर 1.31 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि, प्याज और आलू की कीमतों में तेजी रही। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई, जबकि मई में यह 3.43% के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। जुलाई में 2.04% और अगस्त 2023 में इसमें 0.46% की गिरावट आई थी। उद्योग मंत्रालय ने कहा कि अगस्त 2024 में खाद्य पदार्थों, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, कपड़ा तथा मशीनरी और उपकरण के विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि हुई। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अगस्त में 3.11% रही, जबकि जुलाई में यह 3.45% थी। सब्जियों की कीमतों में अगस्त में 10.01% की गिरावट रही। आलू-प्याज की मुद्रास्फीति क्रमशः 77.96 और 65.75% के उच्च स्तर पर बनी रही। वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने कहा कि अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक में नरमी का कारण खाद्य (सब्जी) कीमतों में क्रमिक गिरावट है।

इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि हालांकि खरीफ की बुवाई अब तक अच्छी रही है, लेकिन चालू महीने में अतिरिक्त वर्षा से कटाई में देरी हो सकती है। इससे पैदावार प्रभावित हो सकती है, हालांकि अखिल भारतीय स्तर पर जलाशयों में पर्याप्त भंडारण होने से रबी की बुवाई में तेजी की संभावना है। बार्कलेज ने कहा कि ऊर्जा और धातु की कीमतों में गिरावट से विनिर्माण लागत में कमी आने से मुख्य उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति पर प्रभाव पड़ने का जोखिम कम हो गया है।

# आईपीओ : बाजार में हिस्सेदारी का मौका...

आईपीओ (इनिशियल पब्लिक आफरिंग) वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से निजी कंपनी अपने शेयरों को पहली बार सार्वजनिक रूप से जारी करती है। यह कंपनी को पूंजी जुटाने का अवसर प्रदान करता है और निवेशकों को सार्वजनिक बाजार में हिस्सेदारी प्राप्त करने का मौका देता है। आईपीओ से पहले निवेशकों को कंपनी की वित्तीय स्थिति, मूल्यांकन, और प्रबंधन टीम की जांच करनी चाहिए। हालांकि आईपीओ में निवेश के संभावित लाभ हैं, लेकिन इसमें वित्तीय और मार्केट जोखिम भी शामिल हैं। उचित शोध और वित्तीय सलाह के साथ निवेश करना महत्वपूर्ण है। इसके कुछ मुख्य बिंदुओं पर विचार करते हैं.....

**प्रस्तावित मूल्यांकन :** आईपीओ के लिए निर्धारित शेयर मूल्य का मूल्यांकन करें और यह जानने की कोशिश करें कि क्या यह उचित है। अन्य कंपनियों की तुलना और पिछले आईपीओ के मूल्यांकन का भी ध्यान रखें।

**कंपनी की योजना:** कंपनी की भविष्य की योजना, उनके बाजार में संभावनाएं और प्रतियोगिता की स्थिति को समझें।

**प्रबंधन टीम:** कंपनी के प्रबंधन टीम के अनुभव और उनके द्वारा किए गए पिछले सफल प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करें।

**प्रस्तावित शेयरों की संख्या:** आईपीओ में जारी किए जा रहे शेयरों की संख्या और उनके वितरण की योजना पर ध्यान दें।

**निवेशकों का रुझान:** आईपीओ में कितने निवेशक रुचि दिखा रहे हैं, और क्या संस्थागत निवेशकों ने भी इसमें भाग लिया है।

### निवेशकों को लाभ

**उच्च लाभ की संभावना:** अगर कंपनी की शेयरों की कीमत बढ़ती है, तो निवेशकों को अच्छा लाभ मिल सकता है।

**विविधीकरण:** आईपीओ के माध्यम से निवेशक अपनी निवेश पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं।

**अधिक अवसर:** नई कंपनियों में निवेश करने से पहले से मौजूदा कंपनियों के मुकाबले नए और अनूठे अवसर मिल सकते हैं।




### निवेश के जोखिम

**वित्तीय:** नई कंपनियों के पास स्थिरता और मुनाफे की गारंटी नहीं होती है, इसलिए निवेशकों को वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

**मार्केट:** स्टॉक की कीमतें बाजार की परिस्थितियों के अनुसार बदल सकती हैं, जो कि अस्थिर हो सकती हैं।

**विवाद और कानून:** आईपीओ के दौरान कुछ कानूनी विवाद उत्पन्न हो सकते हैं जो कंपनी की शेयर की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

**सार्वजनिक निरीक्षण:** कंपनी को सार्वजनिक रूप से अधिक कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ता है, जिससे कोई भी अनियमितता या विफलता की संभावना बढ़ जाती है।

### मार्गदर्शन

शोध और विश्लेषण : निवेश करने से पहले पूरी जानकारी और शोध करें। यह आपको आईपीओ के बारे में एक बेहतर समझ प्रदान करेगा।

# देश का निर्यात 9.3% घटकर 34.71 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश का वस्तु निर्यात अगस्त महीने में 9.3% घटकर 34.71 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 38.28 अरब डॉलर था। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में आयात 3.3% बढ़कर 64.36 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 62.3 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा बढ़कर 29.65 अरब डॉलर हो गया। वस्तु निर्यात में जुलाई में 1.5 % की गिरावट थी। निर्यात 1.14% बढ़कर 178.68 अरब डॉलर, आयात 7% बढ़कर 295.32 अरब डॉलर रहा।

# केंद्र ने किसानों के लिए कई नीतियां कीं लागू : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- कृषि नीतियों से उत्पादन और निर्यात को मिलेगा बढ़ावा
- 14 क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपये की नीतियां हुईं है लागू
- सरकार ने ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि अवसरंचना कोष की शुरू

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसानों के हित में कई नीतियां लागू की हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में बनी सरकार ने पहले 100 दिन में अर्थव्यवस्था के 14 क्षेत्रों में 15 लाख करोड़ रुपये की नीतियां लागू की हैं।

उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए उठाए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने स्टार्टअप एवं ग्रामीण उद्यमों को समर्थन देने के लिए कृषि अवसरंचना कोष की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन एवं आजीविका को बेहतर करने के लिए सात योजनाओं के तहत 14,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 9.3 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये वितरित करने सहित कृषि क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया।

शाह ने कहा कि हमने पीएम-किसान के तहत 70वीं किस्त वितरित की है। अब तक 12.33 करोड़ किसानों को तीन लाख करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। पीएम-किसान योजना के तहत 6,000 रुपये सालाना दिया जाता है जो प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे डाला जाता है। मंत्री ने कहा कि कृषि नीतियों को कृषक समुदाय के कल्याण और समृद्धि को ध्यान में रखते हुए लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे देश के खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा जिससे किसानों की स्थिति में सुधार होगा। शाह ने कहा कि संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) शासन की तुलना में मोदी सरकार ने एमएसपी पर अधिक फसलें खरीदी हैं। इससे पता चलता है कि राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार किसानों को लेकर प्रतिबद्ध है। एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चीनी मिलों को मल्टी-फीड डिस्टिलरी में परिवर्तित किया जा रहा है।

# देश में जिंक की मांग 2030 तक बढ़ने की संभावना

उदयपुर, एजेंसी

- पांच साल में ऊर्जा भंडारण समाधानों में 7 गुना वृद्धि की उम्मीद

इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (आईजेडए) ने मंगलवार को कहा कि हरित ऊर्जा और बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों के चलते भारत में जिंक की मांग में 2030 तक वृद्धि की संभावना है। आईजेडए का मानना है कि पांच साल में ऊर्जा भंडारण समाधानों में सात गुना वृद्धि होने की उम्मीद है।

भारत का रिकॉर्ड इस्पात उत्पादन और तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास जिंक के लिए महत्वपूर्ण अवसर पेश करता है। आईजेडए ने कहा कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में जिंक को शामिल करने से वार्षिक क्षरण लागत में कमी आ सकती है। ये लागत जीडीपी का 5% है। आईजेडए नेजिंक कॉलेज 2024 का आयोजन किया, जिसमें 31 कंपनियां और 21 देश शामिल हुए। आईजेडए के चेयरमैन अरुण मिश्रा ने कहा कि शहरीकरण और टिकाऊ बुनियादी ढांचे की आवश्यकता से भारत में जिंक की मांग तेजी से बढ़ने वाली है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### सुकमा में हुए सामूहिक हत्याकांड में 17 गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में अंधविश्वास के कारण हेड-कॉन्स्टेबल समेत उसके परिवार के पांच लोगों की सामूहिक हत्याकांड में पुलिस ने एक महिला समेत 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार शाम जादू-टोने के शक में गांव वालों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर पांच लोगों की हत्या कर दी थी। घटना कोंटा के मुरलीगुड़ा कैंप के पास इटकल गांव की है।

### बुजुर्ग पर घरेलू सहायिका से छेड़छाड़ का आरोप

**मुंबई।** मुंबई के मालबार हिल इलाके में रहने वाले 85 वर्षीय बुजुर्ग पर उनके घर में काम करने वाली 20 वर्षीय घरेलू सहायिका ने छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत दर्ज करने वाले अधिकारी ने बताया कि आरोपी सेवानिवृत्त व्यवसायी को उसकी वृद्धावस्था के कारण गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन नोटिस दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग दंपती और उनकी बेटी एक साथ रहते हैं। पीड़िता ने नौ सितंबर से वहां काम शुरू किया था। सहायिका के अनुसार बुजुर्ग की पत्नी 11 सितंबर की सुबह नौ बजे स्नान करने गयी थी और उनकी बेटी काम पर गई थी, तभी उन्होंने उससे छेड़छाड़ की।

### दर्शन व अन्य की न्यायिक हिरासत 30 तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीप, उसकी दोस्त पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। दर्शन और पवित्रा समेत सभी 17 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को समाप्त होने के बाद उन्हें राज्य की विभिन्न जेलों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।

# मेरे गणेश पूजा करने से भड़की है कांग्रेस

## सीजेआई के आवास पर हुए अनुष्ठान में भाग लेने पर विपक्ष की आलोचना का मोदी ने दिया जवाब

- भुवनेश्वर की रैली में देश के कई हिस्सों में श्रीगणेश पूजा का उल्लेख करते हुए बोले प्रधानमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी



भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनके गणेश पूजन में भाग लेने के बाद कांग्रेस और उसका इकोसिस्टम उन पर भड़का हैं तथा अंग्रेजों की तरह समाज को बांटने और तोड़ने में लगे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी है। भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा में भाग लेने पर विपक्ष की आलोचना के संदर्भ में की।

गणेश विसर्जन का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस अहम दिन देश को उन चुनौतियों पर भी ध्यान देना है, जो देश को पीछे धकेलना में जुटी हैं। आज, जब हम गणपति बप्पा को विदाई दे रहे हैं तो मैं एक विषय इसी से जुड़ा उठा रहा हूं। गणेश उत्सव ने देश की आजादी में भी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे तब जातियों के नाम पर लड़वाना, बांटो और राज करो उनका हथियार बन गया था। तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के आयोजनों के जरिए भारत की आत्मा को जगाया था।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने बुधवार को सीजेआई के आवास पर गणपति पूजा में भाग लिया था। इसका वीडियो जारी होने के बाद विपक्ष के कई नेताओं और सुप्रीम कोर्ट के कुछ वकीलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इस विवाद पर राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा था कि सर्वोच्च पदों पर बैठे लोगों को किसी निजी आयोजन का प्रचार नहीं करना चाहिए।

### 3,800 करोड़ की परियोजनाओं का हुआ अनावरण

प्रधानमंत्री ने ओडिशा सरकार की महिला केंद्रित योजना सुभद्रा की शुरुआत की और राज्य में 3,800 करोड़ से अधिक की रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने राज्य में 2,871 करोड़ की लागत वाली राष्ट्रीय रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने जनता मैदान में कार्यक्रम में 1,000 करोड़ की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी अनावरण किया। सुभद्रा योजना के तहत 21 से 60 आयुवर्ग की पात्र लाभार्थियों को 2024-25 से 2028-29 के बीच 50,000 की राशि दी जाएगी। लाभार्थियों को प्रति वर्ष 10,000 रुपये दो समान किश्तों में भेजी जाएगी। 76 लाख महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। सुभद्रा योजना के तहत 25 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 1,250 करोड़ राशि हस्तांतरित हुई है।

# ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगने संबंधी याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कोलकाता में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मद्देनजर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे मांगे जाने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका दायर करने वाले वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायालय के पास ऐसा आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है। आप बार के सदस्य हैं। हम जो कहते हैं, उसके लिए हमें आपकी पुष्टि की आवश्यकता नहीं है। आप जो कहते हैं, वह कानूनी अनुशासन के नियमों के अनुसार होना चाहिए।

# आतंकी के लिए लड़ने वाले परिवार की महिला का सीएम बनाना दुखद

नई दिल्ली, एजेंसी



- आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी पर किया कटाक्ष

आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आतिशी के मुख्यमंत्री चुने जाने पर कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ऐसी महिला को बनाया जा रहा है, जिनके परिवार ने आतंकवादी अफ़ज़ल गुरु को फांसी से बचाने की लड़ाई लड़ी। मालीवाल ने एक्स पर यह प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए आज बहुत दुखद दिन है। मुख्यमंत्री ऐसी महिला को बनाया जा रहा है जिनके माता पिता ने अफ़ज़ल गुरु को बचाने के लिए राष्ट्रपति को दया याचिकाएं लिखीं। उनके हिसाब से अफ़ज़ल गुरु निर्दोष था और उसको राजनीतिक साज़िश के तहत फंसाया गया था। उन्होंने कहा कि वैसे तो आतिशी मार्लेना सिर्फ़ डमी मुख्यमंत्री है, फिर भी यह मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे!

### मालीवाल राज्यसभा से इस्तीफा दे : आप

आप विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि स्वाति मालीवाल में जरा भी शर्म है तो उन्हें राज्यसभा से इस्तीफा देना चाहिए। स्वाति मालीवाल ऐसी इंसान हैं, जो राज्यसभा जाने के लिए आप से टिकट लेती हैं, लेकिन बोलने के लिए स्क्रिप्ट भाजपा से लेती हैं। उन्हें राज्यसभा में रहने का शौक है, तो उन्हें भाजपा से टिकट लेना चाहिए।

# राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में मंगलवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कत्याल को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने राहत देते हुए कहा कि जमानत दी जाती है।

**नौकरी के बदले जमीन घोटाला**

कत्याल को ईडी ने 11 नवंबर, 2023 को विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कत्याल ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक लोगों से जमीन खरीदी और यह खरीद राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की ओर से की गई। ईडी ने दावा किया है कि कत्याल एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के निदेशक थे, जिसने लालू प्रसाद की ओर से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से जमीन खरीदी थी। इस मामले में राजद प्रमुख के परिवार के कुछ अन्य सदस्य भी आरोपी हैं।

# जम्मू में आतंकवादी हमले बढ़ने के लिए भाजपा जिम्मेदार : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जम्मू में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए भाजपा जिम्मेदार है। उमर ने यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में की, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू के गुलाबगढ़ में कहा था कि जम्मू संभाग में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए नेकां और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। उमर ने कहा कि गृह मंत्री बताएं कि जम्मू में बढ़ते आतंकवादी हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है। कांग्रेस और नेकां की सरकार 10 वर्षों से यहां नहीं है।

# प्रशासन को गहरी नींद से जागने की जरूरत : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**कोचिंग में मौत का मामला**

- 13 सितंबर के आदेश में प्रशासन की लापरवाही पर जताया अफसोस

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रशासन को गहरी नींद से जागने और शहर के कोचिंग संस्थानों की स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही, कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर की इमारत के भूमिगत तल (बेसमेंट) के चार सह-मालिकों को 30 नवंबर तक अंतरिम जमानत दे दी। उसी इमारत में कोचिंग संस्थान था, जहां जुलाई में तीन अभ्यर्थी डूब गए थे।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर 13 सितंबर को पारित आदेश में प्रशासन केलापरवाह रवैये पर अफसोस जताया और कहा कि ऐसी घटनाएं बार-बार होती हैं और निर्दोष लोग उन शरारती तत्वों के कारण जान गंवा देते हैं, जो केवल पैसा कमाना चाहते हैं। अदालत की वेबसाइट पर जारी आदेश में न्यायाधीश ने कहा कि देशभर से बच्चे शिक्षा के लिए राष्ट्रीय राजधानी आते हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोचिंग संस्थान मालिकों को ऐसे मासूम बच्चों की कोई परवाह नहीं है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने उपराज्यपाल से आग्रह किया कि वे समिति गठित करें, अच्छा हो कि यह समिति हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के अधीन हो, जो कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण करे तथा सुझाव दे कि वे असुरक्षित भवनों या परिस्थितियों में संचालित ना हों। कोर्ट ने कहा कि हालिया घटना जिसमें तीन छात्रों की जान चली गई, दुर्भाग्यपूर्ण है और खतरे की घंटी है। अदालत ने पहले भी अनधिकृत कोचिंग संस्थान चलाने के मुद्दे को उठाया है, लेकिन दुर्भाग्य से नगर निकाय के अधिकारी कोई कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। ऐसे छात्रों के माता-पिता मेहनत की कमाई खर्च करके बच्चों को कोचिंग संस्थान में भेजते हैं, इस उम्मीद के साथ कि उनके बच्चे कुछ बनेंगे।

# जल संरक्षण के लिए मिलकर काम करने की जरूरत : मुर्मू

- तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण के लिए सभी हित धारकों को मिलकर काम करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा है कि जल जीवन है इसलिए सब प्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण को आंदोलन बनाने की ज़रूरत है। मुर्मू ने मंगलवार को भारत मंडपम में तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पानी बचाने के नए तथा परंपरागत तरीकों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण प्रबंधन को प्रभावी बनाने, विकास और वितरण के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग, समावेशिता और साझेदारी को बढ़ाने के जो प्रयास जल शक्ति मंत्रालय कर रहा है उसके कार्य सराहनीय हैं।

# क्या वित्त मंत्री को बुच से जुड़े तथ्यों की जानकारी थी : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस महासचिव ने वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री से किए सवाल

सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के मामले पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रतिक्रिया के बाद मंगलवार को कांग्रेस ने कहा कि बुच और उनके पति के वित्तीय लेन-देन के जो तथ्य सामने आए हैं, अब तक उनका किसी ने खंडन नहीं किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री को इन तथ्यों की जानकारी थी?

वित्त मंत्री ने सोमवार को कहा था कि सेबी प्रमुख और उनके पति अपना बचाव कर रहे हैं और ऐसे तथ्य सामने रख रहे हैं जो कांग्रेस के आरोपों के विपरीत हैं। माधवी और धवल ने कहा था कि ये आरोप झूठे और साख बिगाड़ने की कोशिश हैं। रमेश ने एक्स पर लिखा कि सेबी प्रमुख के व्यक्तिगत वित्तीय लाभ के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने आखिरकार केंद्र सरकार की चुप्पी तोड़ी है।

# समन पर केजरीवाल की याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की उन दो याचिकाओं को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिनमें आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी की ओर से दायर शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती दी गई थी। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने केजरीवाल की पुनरीक्षण याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार हैं।

# शीर्ष कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा- क्या खंडपीठ में याचिका दायर हो सकती है

नई दिल्ली, एजेंसी

**मथुरा शाही ईदगाह**

- हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हिंदू पक्ष को नोटिस देने से पहले सुनवाई चार नवंबर तक टली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुस्लिम पक्ष से कहा कि क्या एकल-जज के उस आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर हो सकती है, जिसके तहत मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों के सुनवाई योग्य होने के खिलाफ उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ शुरू में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हिंदू पक्षकारों को नोटिस देने की इच्छुक थी। बाद में उसने मामले को चार नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया। हिंदू पक्ष के वकील माधवी दीवान और विष्णु शंकर जैन ने कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले आदेश पर रोक और सर्वेक्षण के लिए कमिश्नर नियुक्त किया था और अब इसे खाली कर दिया जाना चाहिए।

# विधायिका ने निर्भया कांड से सबक नहीं सीखा

इंदौर, एजेंसी

- चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले पर सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में टिप्पणी की कि ऐसी घटनाओं में शामिल नाबालिगों से नरम बर्ताव किया जा रहा है और विधायिका ने 2012 के निर्भया कांड से कोई सबक नहीं सीखा है। न्यायाधीश सुबोध अभ्यंकर ने मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई सजा के खिलाफ दायर याचिका रद करते हुए तीखे लहजे में यह बात कही। दोषी के पिता ने यह याचिका दायर की।

दोषी ठहराया गया यह व्यक्ति 2017 में हुई घटना के समय 17 साल का था और सजा सुनाने के छह महीने बाद सात अन्य लड़कों के साथ एक बाल सुधार गृह से 2019 में भाग गया था। पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अदालत यह देखकर व्यथित है कि देश में किशोरों के साथ काफी नरम व्यवहार किया जा रहा है और विधायिका ने निर्भया कांड की भयावहता से कोई सबक नहीं लिया है। यह पीड़ितों के लिए दुर्भाग्य की बात है। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में उपलब्ध सबूतों के मद्देनजर यह पता लगाने के लिए किसी विशेषज्ञ की जरूरत नहीं है कि दोषी का आचरण नाबालिग अवस्था में कितना राक्षसी था। वह सुधार गृह से भाग चुका है और अब तक उसका कोई पता नहीं है। शायद वह गली के किसी अंधेरे कोने में एक और शिकार करने के लिए छिपा हुआ है और उसे रोकने वाला कोई नहीं है।



हैदराबाद में मंगलवार को 70 फीट की श्री गणेश की मूर्ति के विसर्जन के दौरान गणपति का आशीर्वाद लेने उमड़े श्रद्धालु। एजेंसी

## बांग्लादेश में शांतिपूर्ण परिवर्तन का समर्थन करना सभी के हित में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि बांग्लादेश में लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और वैध परिवर्तन का समर्थन करना सभी के हित में है। प्रबंधन और संसाधन के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने प्रतिष्ठित हडसन इंस्टीट्यूट में एक सवाल के जवाब में कहा मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण एक लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण, वैध परिवर्तन को समर्थन देने की कोशिश करना है। मुझे लगता है कि इसी में सभी की भलाई है। वर्मा ने कहा उम्मीद है कि सुरक्षा बहाल होगी, कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बहाल होगी और साथ ही लोगों को बुनियादी आर्थिक सेवाएं भी मिल जाएंगी। इसका निर्णय बांग्लादेश के लोगों को करना है कि कैसे और कब उन्हें नए चुनाव कराने हैं।

# अब ऐप बताएगा, कौन सा मच्छर खतरनाक

दुनिया में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ रहा है। इनमें डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जीका वायरस के सबसे ज्यादा मामले हैं। हर मच्छर के काटने के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। ऐसे में किस मच्छर ने काटा है, इसकी पहचान करने में समय लगता है। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने इस समस्या का जल्द हल ढूंढने की उम्मीद जगाई है। युगांडा की मैकेरी यूनिवर्सिटी और गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में डॉ. सौम्या आचार्य और उनकी बायोइंजीनियर्स की टीम ने एक ऐप डेवलेप किया है। इस ऐप का नाम है वेक्टरकैम। इस ऐप की मदद से यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि कोई मच्छर किस प्रजाति का है और वह कौन सी बीमारी का वायरस फैला रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने भी इस ऐप की तारीफ की है। अभी इस ऐप का परीक्षण पूर्व-मध्य अफ्रीका में स्थित देश युगांडा में किया जा रहा है।



### वेक्टरकैम ऐप की भूमिका

यूं तो मच्छर देखने में बहुत छोटा जीव है, लेकिन इंसानों के लिए इसे सबसे खतरनाक माना जाता है क्योंकि मच्छर के काटने से 10 से अधिक बीमारियां फैलती हैं। इसमें मलेरिया और डेंगू के मामले सबसे ज्यादा देखने को मिलते हैं। मच्छरों के काटने से दुनिया में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। वेक्टरकैम ऐप मच्छरों के फोटो को स्कैन करता है। इससे मच्छरों की प्रजातियों की भी पहचान कर सकता है। जैसेकि मच्छर डेंगू, जीका, मलेरिया किस तरह की संक्रामक बीमारी को फैलता है। इससे बचाव व इलाज की प्रक्रिया में काफी तेजी आ सकती है। इसके अलावा इसके अन्य फायदे भी हैं।

### ऐप से आम लोगों को फायदा

अभी यह ऐप सिर्फ डॉक्टरों और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के इस्तेमाल के लिए बनाया गया है। इस ऐप की मदद से वे बीमारी फैलाने वाले मच्छर की तत्काल पड़ताल करके तुरंत जरूरी एक्शन ले सकेंगे। लेकिन यह आपके हमारे जैसे आम लोगों के लिए भी बहुत उपयोगी होगा। इसे इस तरह समझ सकते हैं कि एक छोटे गांव, कस्बे के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में बैठे लोग भी अगर सिर्फ ऐप की मदद से तुरंत बीमारी फैला रहे मच्छर की पड़ताल कर लेंगे तो तुरंत उसका उपचार करना और उससे जुड़े एक्शन लेना भी आसान हो जाएगा। यह भी संभव है कि यह ऐप प्ले स्टोर के जरिए आम लोगों के लिए भी उपलब्ध हो जाए।

### मच्छरों के प्रकोप से खुद को इस तरह बचा सकते हैं

- फुल आस्तीन की शर्ट और फुल पैंट पहनें।
- अपने आसपास खूब साफ-सफाई रखें।
- बर्तनों या कंटेनरों में पानी जमा न होने दें।
- घर की खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगवाएं।
- जरूरत न हो तो दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें।
- कूड़ेदान को हमेशा ढंककर रखें।

## एक नजर

### शिया मिलिशिया समूह ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

**बगदाद।** इराक के आतंकवादी संगठन शिया मिलिशिया समूह ने सोमवार सुबह जॉर्डन घाटी में एक इजरायली ठिकाने पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। समूह ने एक बयान में कहा कि यह हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था और दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया। जॉर्डन नदी के किनारे वाली जॉर्डन घाटी इजरायल और वेस्ट बैंक के साथ जॉर्डन की पश्चिमी सीमा बनाती है। यह वेस्ट बैंक की एकमात्र सीमा है जो सीधे इजरायल से नहीं मिलती है। इजरायल की सुरक्षा के लिए इसके रणनीतिक महत्व के कारण घाटी में इजरायली सैन्य बलों द्वारा भारी गश्त की जाती है।

### ट्रंप की हत्या की कोशिश के आरोपी ने कई घंटे किया इंतजार

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश के मामले का आरोपी फ्लोरिडा में एक गोल्फ कोर्स के बाहर अपनी राइफल और खाद्य सामग्री के साथ करीब 12 घंटे तक डेरा डालकर ट्रंप का इंतजार करता रहा था। ट्रंप की हत्या की फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में रविवार को उस समय कोशिश की गई जब वह अपने गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। संघीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों ने इस कोशिश को विफल कर दिया और संदिग्ध को हिरासत में ले लिया।

### रूस में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के सुदूर पूर्व के अमूर क्षेत्र में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक पायलट समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जेया जिले में स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने मंगलवार को बताया कि रॉबिन्सन आर66 हेलिकॉप्टर सोमवार को लापता हो गया था। उसे उस स्थान के पास पाया गया जहां उसका आपातकालीन बीकन सक्रिय हुआ था। एक अधिकारी ने कहा हेलिकॉप्टर मिल गया है और उसमें सवार सभी तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि हेलिकॉप्टर का आपातकालीन बीकन सिग्नल सोमवार शाम को प्राप्त हुआ था।

# मणिपुर में शांति के लिए सरकार का खाका तैयार

## राजग सरकार के 100 दिन पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मेइती, कुकी समुदायों से कर रहे बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार मणिपुर में स्थायी शांति के लिए मेइती और कुकी दोनों समुदायों से बातचीत कर रही है और उसने घुसपैठ रोकने के लिए म्यांमा से लगती देश की सीमा पर बाड़ लगाना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने शाह ने कहा कि पिछले सप्ताह तीन दिनों की हिंसा को छोड़ दिया जाए तो मणिपुर में स्थिति कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही है और सरकार अशांत पूर्वोत्तर राज्य में शांति बहाल करने के लिए काम कर रही है।

इस मौके पर शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी थे। शाह ने कहा कि तीन दिन की हिंसा के अलावा पिछले तीन महीने में कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा पिछले तीन दिन से शांति है और मुझे उम्मीद है कि हम स्थिति को नियंत्रित कर लेंगे। हम दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। यह जातीय हिंसा थी और जब तक दोनों समुदायों के बीच बातचीत नहीं होगी, तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता। शाह ने कहा हम शांति बनाए रखने के लिए दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। हमने एक खाका तैयार किया है और हम (शांति सुनिश्चित करने के लिए) हर संभव कदम उठाएंगे। सरकार ने मणिपुर में रणनीतिक स्थानों पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में म्यांमा-भारत की उस सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू हो गया है जो समस्या की जड़ है। (म्यांमा के साथ लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर) 30 किलोमीटर तक बाड़ लगाने का काम पूरा हो चुका है। सरकार ने सीमा पर कुल 1,500 किमी बाड़ लगाने के काम के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उस 'भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था को पहले ही समाप्त कर दिया है, जो भारत-म्यांमा सीमा के निकट रह रहे लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर भीतर तक जाने की अनुमति देती थी। उन्होंने कहा घुसपैठ रोकने के लिए हमने म्यांमा के साथ की गई उस विशेष व्यवस्था को समाप्त कर दिया है जिसके तहत दोनों देशों के लोगों को बिना रोक-टोक के आवागमन की अनुमति थी।



सरकार के 100 दिन पूरे होने पर रिपोर्ट जारी करते अमित शाह।

### वक्फ विधेयक का उद्देश्य संपत्तियों का संरक्षण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन और संरक्षण सुनिश्चित करना है और इसे आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक पिछले महीने लोकसभा में पेश किया गया था और इसकी विस्तृत समीक्षा के लिए इसे संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। विपक्षी दलों ने विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर कड़ी आपत्ति जताई है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य संघर्ष और विवादों को कम करना है। इसमें वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन पंजीकरण और निगरानी के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म स्थापित करने का भी प्रावधान है।

### गृह मंत्री बोले- अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा खामियों को किया गया दूर

शाह ने कहा कि सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पहले मौजूद रहीं सुरक्षा खामियों को भी दूर कर दिया है। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से लगने वाली 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर एफएमआर लागू था। इसे भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत 2018 में लागू किया गया था। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने मणिपुर में आम लोगों को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए 16 नए केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार खोलने का निर्णय लिया है। मणिपुर में ऐसे भंडारों की मौजूदा संख्या 21 है। उन्होंने कहा वहां एक मार्ग बाधित था। उस अवरोध को हटा दिया गया है लेकिन मौजूदा हालात के कारण ट्रांसपोर्टर इस मार्ग से जाने से कतरा रहे थे। इसलिए दुकानें खोली गई हैं, जहां खाद्यान्न समेत करीब 100 चीजें मिलेंगी। शाह ने कहा इनकी कीमतें वाजिब हैं...गरीबों को लाभ मिलेगा। दुकानें सबके लिए खुली हैं।

# न्यूयॉर्क के मंदिर में तोड़फोड़ भारतीय दूतावास ने की निंदा

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

- मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को बनाया निशाना

अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यहां मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा करते हुए इस मामले को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक पोस्ट में कहा मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोडफोड़ अस्वीकार्य है। वाणिज्य दूतावास न्यूयार्क में भारतीय समुदाय के संपर्क में है और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष इस मामले को उठाया है।

न्यूयॉर्क सांसद टॉम सुओजी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा इस तरह की हरकतें गैर-अमेरिकी हैं और हमारे राष्ट्र के मूल मूल्यों के विपरीत हैं। मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाकर की गई बर्बरता की घृणित हरकतों से मैं स्तब्ध हूं। सांसद ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक ने कहा कि इस तरह के हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।



उन्होंने कहा पूजा स्थलों पर हमले हमारे सबसे बुनियादी मूल्यों पर हमले हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हम अपने हिंदू-अमेरिकी समुदाय के साथ मजबूती से खड़े हैं और बिना किसी अपवाद के हिंसा और घृणा के सभी रूपों की निंदा करते हैं। पूरी जांच होनी चाहिए और न्याय को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाये।

ओहियो सीनेट में स्टेट सीनेटर नीरज अंतानी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इस बर्बरता की निंदा करते हुए इसे हिंदूफोबिया की एक और घृणित घटना बताया। उन्होंने कहा मैं मेलविले, न्यूयार्क में बीएपीएस हिंदू मंदिर पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

## चुनाव जीतने के बाद रूस, चीन के साथ संबंध और गहरे होंगे : ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अगर वह चुनाव जीत गए तो देश के रूस और चीन के साथ संबंध और गहरे होंगे।



ट्रम्प ने ब्लॉगर फारूक सरमद को दिए साक्षात्कार में कहा मैं नहीं जानता कि वे दुश्मन हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ अच्छे से रह पाएंगे। मुझे लगता है कि हम रूस के साथ अच्छे से रह पाएंगे। मैं चाहता हूं कि रूस यूक्रेन में बस जाए। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव आगामी पांच नवंबर को होने वाले हैं।

# तूफान यागी से मृतक संख्या 500 के पार

बैंकाक, एजेंसी

- वियतनाम, उत्तरी थाईलैंड और लाओस प्रभावित

म्यांमा में पिछले हफ्ते आए तूफान यागी और मानसून की बारिश की वजह से आयी बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई है तथा 77 लोग लापता हैं। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन आंकड़ों के बाद दक्षिण पूर्व एशिया में तूफान के कारण मृतक संख्या 500 के पार चली गई है। प्रभावित इलाकों में संचार संबंधी दिक्कतें हैं जिस वजह से हताहतों की तादाद पता लगाने का काम धीमा है।

आसियान मानवीय सहायता समन्वय केंद्र के मुताबिक, तूफान यागी ने सबसे पहले वियतनाम, उत्तरी थाईलैंड और लाओस को प्रभावित किया था। वियतनाम में करीब 300, थाईलैंड में 42 और लाओस में चार लोगों की मौत हुई थी। उसने कहा कि फिलीपीन में 21 लोगों की मौत हुई है तथा 26 अन्य लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने सोमवार को बताया था कि म्यांमा में बाढ़ से अनुमानित 631,000 लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि सितंबर की शुरुआत में म्यांमा में पहले से ही 34 लाख लोग विस्थापित थे जिनमें से ज्यादातर युद्ध एवं अशांति की वजह से विस्थापित हुए।



## पेरू में जंगल की आग की घटनाओं में 15 लोगों की मौत

**लीमा।** पेरू में जंगल में लगी आग की घटनाओं के कारण जुलाई से अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है और तीन हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि तथा वन क्षेत्र जलकर खाक हो गया है। प्राधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन ने कहा कि आग मानवीय गतिविधियों के कारण लगी है और देश के 24 में से 22 क्षेत्र इससे प्रभावित है। उन्होंने कहा कि बादल, धुआं और तेज हवाएं आग बुझाने में लगे विमानों के कार्य में बाधा डाल रहीं हैं। सिविल डिफेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई से अब तक आग की घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 98 अन्य लोग आग के कारण घायल हुए है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 10 लोगों की मौत पिछले दो सप्ताह के भीतर हुई है।

# भारत-अमेरिका स्वच्छ विमान ईंधन और बसों में हाइड्रोजन को बढ़ावा देने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका स्वच्छ विमान ईंधन, मध्यम और भारी वाहनों के विद्युतीकरण तथा बसों, ट्रैक्टरों और भारी उपकरणों में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं। दोनों देशों के बीच रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई।

अमेरिका की ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रैनहोम और भारत के पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वाशिंगटन डीसी में आयोजित रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी (एससीईपी) मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार दोनों देशों ने प्रत्येक देश के स्वच्छ ऊर्जा बाजारों में निवेश में वृद्धि का स्वागत किया। बयान में कहा गया एक न्यायसंगत, व्यवस्थित और स्वच्छ ऊर्जा बदलाव की दिशा में काम करने की आवश्यकता को पहचानते हुए, दोनों पक्षों ने दोनों देशों की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का समर्थन करने में ऊर्जा व्यापार की महत्वपूर्ण भूमिका का स्वागत किया। दोनों देशों ने उपभोक्ताओं को निर्बाध और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति के लिए बिजली वितरण क्षेत्र के आधुनिकीकरण के महत्व की भी बात कही।

### हिंद-प्रशांत और गाजा मामलों पर चर्चा की

**वाशिंगटन।** भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार को अमेरिका-भारत टू प्लस टू अंतरसत्रीय वार्ता की और इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूक्रेन एवं गाजा से संबंधित मामलों पर चर्चा की। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली में हुई इस बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की सह-अध्यक्षता दक्षिण एवं मध्य एशिया ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू और हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए प्रधान उप सहायक रक्षा मंत्री जेडीडिया पी. रॉयल ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सह-अध्यक्षता उत्तर अमेरिका एवं दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों के लिए विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव नागराज नायडू और रक्षा मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की।

# भारत की वित्तीय संभावनाओं से दुनिया पूरी तरह अवगत नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

- पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेरिका में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के कार्यक्रम में रखा भारत का पक्ष

पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि भारत द्वारा की गई प्रगति के बारे में वैश्विक स्तर पर जानकारी का अभाव है और उसकी वित्तीय संभावनाओं से दुनिया पूरी तरह अवगत नहीं है। ईरानी ने यहां ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन अमेरिका के दौरान एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ईरानी अमेरिका की अनौपचारिक यात्रा पर हैं। भारत ने कितनी प्रगति की है, इस बारे में जानकारी की कमी है। उन्होंने कहा भारत में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए की गई कार्रवाई के बारे में ज्यादा सूचनाएं नहीं हैं। इसी तरह से देश में विशुद्ध विनिर्माण, यहां के कृषि आधारित उद्योग के बारे में यह गलत धारणा है कि हमारी अर्थव्यवस्था केवल बड़े व्यवसायों के लिए खुली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, वर्तमान में अगर आप हमारे देश में छोटे कारोबारियों को देखें तो 90 प्रतिशत खुदरा व्यापार तथाकथित असंगठित क्षेत्र में होता है। व्यवसाय के दृष्टिकोण से छोटी दुकानें जिन्हें अक्सर दिल्ली में किराना दुकान या अमेरिका में मॉम-एंड-पॉप स्टोर कहा जाता है, वे 844 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार कर रही हैं।



## इमरान खान पर नहीं चलेगा सैन्य मुकदमा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने यहां उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर सैन्य मुकदमे का विचार नहीं है। इससे कुछ दिन पहले ही अदालत ने इस मुद्दे पर अनिश्चितता को लेकर सरकार से स्पष्टीकरण देने को कहा था। खान (71) ने 9 मई, 2023 की हिंसा में शामिल होने को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में सैन्य मुकदमे की संभावना के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। पिछले साल हुई इस हिंसा में उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह सरकार से पूछा था कि इस मुद्दे पर बनी अनिश्चितता को लेकर स्थिति साफ करें।

ज्ञान-विज्ञान

अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह पर हमले के परिणाम होगी यह खगोलीय घटना

# मानव होगा इस आसमानी आतिशबाजी का जन्मदाता

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अगले कुछ वर्ष बाद उल्काओं की ऐसी बरसात होगी, जिसका जन्मदाता खुद मानव होगा। अब तक आसमानी आतिशबाजी या उल्कापात का सीधा संबंध धूमकेतुओं से था, धरती के धूमकेतुओं के पथ से गुजरने के दौरान स्याह रात मे उल्कावृष्टि का मनमुग्ध करने वाला नजारा देखने को मिलता था। पर अब मानव जनित यह आसमानी आतिशबाजी नासा के एक अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह पर हमले का परिणाम होगी। इस घटना में क्षुद्रग्रह का मलवा पृथ्वी से टकराएगा।

ग्रह रक्षा के लिए नासा ने मिशन डार्ट अंतरिक्ष में भेजा था। जिसने करोड़ किमी से भी अधिक लंबी यात्रा के एक क्षुद्रग्रह को जबरदस्त टक्कर मारी थी। यह खतरनाक टक्कर थी। टक्कर में ढेर सारा मलवा छिटककर अंतरिक्ष में फैल गया था। अब यह मलवा पृथ्वी के पथ पर आगे बढ़ रहा है। अगले 10 सालों में कभी भी पृथ्वी से टकराएगा। मगर पृथ्वी की सतह पर न टकराकर वातावरण से टकराएगा और उल्कावृष्टि का शानदार नजारा देखने को मिलेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार यह पहली उल्कावृष्टि होगी, जो मानव निर्मित होगी। धरती की ओर आने वाले ख़तरनाक क्षुद्रग्रह से रक्षा के लिए नासा ने इस सफल मिशन को अंजाम दिया था। मिशन 2022 मे एक क्षुद्रग्रह को विक्षेपित करने यानी उसके मार्ग को बदलने को लेकर नासा ने डार्ट अंतरिक्ष यान को दूर स्थित क्षुद्रग्रह डिमोर्फोस नामक एक छोटे पिंड से टकराया था। इस परीक्षण में लगभग 1 मिलियन किलोग्राम से अधिक क्षुद्रग्रह चट्टान और धूल अंतरिक्ष में फैल गई थी। अब यह चट्टानें और धूल 7 वर्षों के भीतर मंगल ग्रह से टकरा सकती हैं। इसके तीन साल के अंतराल में पृथ्वी के वायुमंडल से टकरा सकती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस मलवे में चट्टानों के मंगल ग्रह पर गिरेंगी और बची हुई धूल की छोटी उल्काएं ही पृथ्वी से टकराएगी।

**क्षुद्रग्रह का अध्ययन करेगा ईसा का मिशन हेरा :** अंतरिक्ष मे जिस क्षुद्र ग्रह से टकराव करवाया गया था वह एक जुड़वा क्षुद्र ग्रह हैं। जिसमें डिमोर्फोस और उसके बड़े मूल क्षुद्रग्रह डिडिमोस शामिल हैं। डिमोफोर्स मूल क्षुद्र ग्रह डिडिमोस का चंद्रमा है। अब यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी ईसा इस घटना के आगे के अध्ययन के लिए हेरा नामक मिशन शुरू कर रहा है। ईएसए के अनुसार हेरा अंतरिक्ष यान अक्टूबर में डिमोर्फोस तक पहुंचने और दुर्घटना की जांच करने के लिए लॉन्च किया जाएगा।



आसमानी आतिशबाजी की तस्वीर।

### मानव जनित कचरा धरती के लिए ख़तरनाक

अंतरिक्ष की ओर मानव के बढ़ते कदम, उन्नत तकनीको से ब्रह्मांड की खाक छानने मे निरंतर अग्रसर इन्सान एक ओर जहॉ बुलंदियों को छू रहा है तो वही दूसरी ओर निजी स्पेस कंपनियों द्वारा आये दिन लांच किए जा रहे उपग्रह धरती के लिए खतरा भी बनते जा रहे है। पहली बार ऐसा होगा कि धरती मानव जनित मलवे व कचरे के पथ से गुजरेगी और टूटते तारों यानी उल्काओ की बारिश होगी। भले ही ये घटना उल्का जैसे नजारे तक सीमित होगी। नासा, ईसा सहित स्पेस एजेंसियों के छोड़े गए हजारों अंतरिक्ष यान निष्क्रिय होकर मलवे के रूप मे अन्तरिक्ष मे बेख़ौफ़ विचरण कर कर रहे है।